दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 7 | आंचलिक 9 | खेल/मनोरंजन/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, शनिवार 8 जुलाई 2023, कृष्ण पक्ष पंचमी, विक्रम संवत-2080 वर्ष-12 अंक- 140 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

छत्तीसगढ़ में चुनावी आगाज : कांग्रेस पर जमकर बरसे मोदी

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अंदाज़ निराला ही होता है। अपने छत्तीसगढ़ दौरे की नवमीं बार राजधानी रायपुर आए और सभी के दिलो दिमाग पर छा गए। उनका जो अंदाज़ काफी चर्चा में रहा पहला उनकी छत्तीसगढ़ी में शुरुआत और दूसरा प्रदेश के इतिहास में पहली बार किसी राजनेता का इतनी सुबह सियासी सभा का सफल आयोजन।

सभा में पीएम मोदी बोले- कांग्रेस के लिए छत्तीसगढ़ एटीएम मशीन की तरह है। उन्होंने अपने 30 मिनट के भाषण में राज्य सरकार पर जमकर हमला बोला, कहा- छत्तीसगढ़ को भाजपा ही समझती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार की सुबह लगभग 10 बजे ही रायपुर पहुंच गए। उन्होंने यहां साइंस कॉलेज ग्राउंड से 7 हजार 6 सौ करोड़ रुपए की योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री के साथ मंच पर राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, मनसुख मंडाविया भी मौजूद रहे। सरकारी कार्यक्रम समाप्त होने के बाद पीएम मोदी प्रदेश भाजपा द्वारा आयोजित सभास्थल पहुंचे। यहां उन्होंने अपने संबोधन की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी, माता बमलेश्वरी, माता दंतेश्वरी, माता महामाया के पावन वासियों को जय जोहार के साथ छत्तीसगढ़ी में की। इसके बाद श्री मोदी ने जनसभा में शामिल होने आ रही बस हादसे में जान गंवाने वाले कार्यकर्ताओं को श्रद्धांजलि दी।

राज्य के लिए दो साल अहम

श्री मोदी ने कहा कि, छत्तीसगढ़ के निर्माण में भाजपा की प्रमुख भूमिका रही है। भाजपा यहां के लोगों की जरूरतों को जानती है। उन्होंने कहा कि, आज 7600 करोड़ की सौगात दी गई है। सारी परियोजनाएं लोगों के मुश्किलों को कम करेंगी। दो साल बाद छत्तीसगढ़ निर्माण के 25 साल होने जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ का युवा उत्साह से भरा हुआ है। उन्होंने कहा कि, अगले 25 साल छत्तीसगढ़ के विकास के लिए बहुत अहम हैं।

कांग्रेस का पंजा आपका हक छीन रहा

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर जोरदार हमलों की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस का पंजा आपसे आपका हक छीन रहा है। कांग्रेस ने प्रदेश को लूटने की ठान ली है, गंगाजल की कसम खाकर झूठे वादे किए, आज घोषणा पत्र की याद दिलाते ही कांग्रेस की याददाश्त चली जाती है। कांग्रेस ने अपने घोषणा में 36 वादों में शराबबंदी का वादा किया था। अब पांच साल होने को हैं, सच्चाई ये है कि कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में करोड़ों का शराब घोटाला किया। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ की माताओं-बहनों से धोखा किया। छत्तीसगढ़ कांग्रेस पार्टी के लिए एटीएम है।

ना जाने कैसे-कैसे घोटाले

श्री मोदी ने कहा कि, ढाई-ढाई साल मुख्यमंत्री वाला फार्मूला लागू नहीं हो पाया। छत्तीसगढ़ में ऐसा कोई विभाग नहीं, कोई काम नहीं जो संदेह घेरे से बाहर है। कोल स्कैम, रेत माफिया, शराब घोटाला न जाने कैसे-कैसे घोटाले हुए। सूबे के मुखिया से लेकर तमाम मंत्री और अधिकारियों पर घोटाले के आरोप हैं। छत्तीसगढ़ आज कांग्रेस का करप्शन और कुशासन का मॉडल बन चुका है। प्रदेश में ये आवाज गूंज रही है कि, कांग्रेस की सरकार बदल दो। श्री मोदी ने कहा कि, कांग्रेस के कोर-कोर में करप्शन है। करप्शन कांग्रेस की सबसे बड़ी विचारधारा है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

इधर पीएम का भाषण खत्म, उधर सीएम भूपेश का पलटवार

आप आए तो फिर से बहने लगी झूठ की बयार मोदी जी..

■ भाजपा का '2100 रूपए क्विंटल' और 'बोनस' का वादा अधूरा, केंद्र राज्य के धान उपार्जन का 80 प्रतिशत लेता है

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के पहुना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुआनी के लिए एयरपोर्ट गए थे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल। बुके दे कर स्वागत किया, मिलेटस की टोकरी भेंट में दी और हाथ से बने कपडे का अंगवस्त्र भी पीएम मोदी के गले में डाला फिर भी कांग्रेस और राज्य सरकार को जमकर कोसने से खफा, सीएम भूपेश ने भी पलटवार किया है। उन्होंने साइंस कॉलेज मैदान की सभा से किये गए पीएम मोदी के दावों पर सीएम भूपेश बघेल ने कटाक्ष करते हुए कहा- आप आए तो फिर झूठ की बयार बहने लगी मोदी जी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रायपुर दौरे को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पीएम पर सीधा हमला बोला है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आज बेबाक

महाराष्ट्र में चाचा और भतीजे के बीच पार्टी पर कब्जें के लिए चल रही रस्साकसी अब आर-पार की लड़ाई के रूप में तब्दील हो गई है। भतीजे ने चाचा पर उम्र दराज होने का तंज कसा तो चाचा ने कह दिया कि उम्र कोई मायने नहीं रखती। यह बात तो घड़ी वाले बाबा ने बिलकुल सही कहीं है। राजनीति में सेवानिवृत्ति की कोई उम्र तय नहीं है। भले ही कब्र में पैर लटके हो आप मजे से कुर्सी से चिपके रहो। कोई वांदा नहीं। पार्टी जब घर की खेती हो तो फिर रिटायरमेंट का सवाल ही नहीं उठता।

ईडी ने जब्त की 52 करोड़ की संपत्ति

नई दिल्ली (एजेंसी)। शराब नीति घोटाला मामले में दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम और आम आदमी पार्टी नेता मनीष सिसोदिया की मुश्किलें और बढ़ गई हैं(प्रवर्तन निदेशालय ने शराब घोटाले के मामले में मनीष सिसोदिया, अमनदीप सिंह ढल्ल, राजेश जोशी, गौतम मल्होत्रा और अन्य की 52.24 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। इसमें मनीष और उनकी पत्नी सीमा सिसौदिया की 2 संपत्तियां और उनका 11 लाख रुपये का बैंक बैलेंस भी शामिल है। 52.24 करोड़ रुपये की जो संपत्ति जब्त की गई है उसमें सिसोदिया की अचल संपत्ति भी शामिल है। 7.29 करोड़ (मनीष सिसोदिया और उनकी पत्नी सीमा सिसोदिया) की 02 अचल संपत्तियां, राजेश जोशी की चेरियट प्रोडक्शंस मीडिया प्राइवेट लिमिटेड की जमीन-फ्लैट और गौतम मल्होत्रा की जमीन-फ्लैट को भी कुर्क किया गया है। मनीष सिसोदिया के बैंक में जमा 11.49 लाख रुपये, ब्रिंडको सेल्स प्राइवेट लिमिटेड के बैंक बैलेंस सहित 44.29 करोड़ रुपये भी इस कुर्की में शामिल हैं। यह इस मामले में दूसरा प्रोविजनल अटैचमेंट (कुर्की) है। इस घोटाले में कुर्की के लिए जारी किए गए पहले आदेश के तहत विजय नायर, समीर महंद्रू, अमित ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बृजभूषण को कोर्ट में पेश होने का फरमान, सेक्रेटरी को भी समन

पानीपत (एजेंसी)। भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण पर 6 बालिग पहलवानों के यौन शोषण केस की शुक्रवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने बृजभूषण शरण सिंह और उनके सेक्रेटरी विनोद तोमर को तलब किया है। इसको लेकर कोर्ट ने समन जारी कर दोनों को 18 जुलाई को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया। इससे पहले इस केस की सुनवाई 1 जुलाई को हुई थी। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने यौन उत्पीड़न मामले में दायर आरोप पत्र पर संज्ञान लेने पर विचार के लिए 7 जुलाई की तारीख तय की थी। बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ नाबालिग पहलवान के बयानों पर दर्ज केस की क्लोजर रिपोर्ट पर बीते मंगलवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई। कैंसिलेशन रिपोर्ट पर चर्चा के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ओपी माथुर छत्तीसगढ़ के प्रदेश चुनाव प्रभारी बनाए गए

रायपुर/नवप्रदेश। नवंबर-दिसंबर में देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होना है। इसके लिए बीजेपी ने चुनाव प्रभारियों की घोषणा कर दी है। छत्तीसगढ़ में ओमप्रकाश माथुर, प्रहलाद जोशी को राजस्थान, भूपेंद्र यादव को एमपी और तेलंगाना में प्रकाश जावडेकर का चुनाव प्रभारी बनाया गया है। साथ ही इन राज्यों में पार्टी ने सह-चुनाव प्रभारियों की घोषणा कर दी है। छत्तीसगढ़ के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया को सह चुनाव प्रभारी बनाया गया है। बता दें भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने आगामी विधानसभा चुनाव राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश एवं तेलंगाना के लिए प्रदेश चुनाव प्रभारी एवं सह-चुनाव प्रभारियों की नियुक्ति की है।

खराब मौसम के चलते अमरनाथ यात्रा रोकी

नई दिल्ली (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर में खराब मौसम के चलते पहलगाम और बालटाल दोनों रूट पर अमरनाथ यात्रा रोक दी गई है। अधिकारियों ने बताया है कि मौसम ठीक होते ही यात्रा फिर से शुरू कर दी जाएगी। अब तक 80 हजार से ज्यादा लोग अमरनाथ दर्शन कर चुके हैं।

बालासोर ट्रेन हादसे में रेलवे के तीन अफसर गिरफ्तार

नई दिल्ली (एजेंसी)। ओडिशा के बालासोर में 2 जून को हुए भीषण रेल हादसे में सीबीआई ने तीन रेलवे कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। तीनों को आईपीसी की धारा 304 (गैर इरादतन हत्या का केस) के तहत गिरफ्तार किया गया है। बता दें कि इस हादसे में 292 लोगों की मौत हो गई थी। आईपीसी की धारा 304 के तहत गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया जाता है। सजा में अपराध की गंभीरता के आधार पर आजीवन कारावास और जुर्माना या कठोर कारावास शामिल है। गैर इरादतन हत्या का दायरा व्यापक होता है और सभी गैर इरादतन हत्याएं, हत्या नहीं होती हैं। बता दें कि बालासोर में जिस बहानगा बाजार रेलवे स्टेशन पर ये हादसा हुआ था वहां से लगभग 170 ट्रेनें प्रतिदिन गुजरती हैं। हादसे के बाद सीबीआई ने लॉग बुक, रिले पैनल और ■ शेष पृष्ठ 6 पर

1996 विस्फोट के 4 दोषियों को आजीवन कारावास

नई दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने 1996 में दिल्ली के लाजपत नगर में बम हमला कर 13 लोगों की निर्मम हत्या और 38 लोगों को घायल करने के चार दोषियों को गुरुवार को बिना किसी छूट के उम्र कैद की सजा यानी अंतिम सांस लेने तक जेल में बिताने का आदेश दिया। न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ ने मोहम्मद नौशाद, मिर्जा निसार हुसैन, मोहम्मद अली भट्ट और जावेद अहमद खान को मृत्यु होने तक कारावास की सजा पर अपनी मुहर लगा दी। पीठ ने 190 पृष्ठों के अपने फैसले में कहा, यह फैसला अपराध की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए लिया गया। शीर्ष अदालत की तीन सदस्यीय इस पीठ ने कहा कि देश की राजधानी के एक प्रमुख बाजार पर हमला किया गया था, लेकिन मामले को राष्ट्रीय हित सहित आवश्यक तत्परता और ध्यान से नहीं निपटा गया। शीर्ष अदालत ने फैसले में देरी होने पर नाराजगी व्यक्त की और इस तरीके के मामले को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने पर भी जोड़ दिया। पीठ ने कहा, बड़ी निराशा के साथ हम यह कहने को मजबूर हैं कि यह प्रभावशाली व्यक्तियों की संलिप्तता के कारण हो सकता है। यह इस तथ्य से स्पष्ट है कि कई आरोपी व्यक्तियों में से केवल कुछ पर ही मुकदमा चलाया गया है। हमारे विचार में इस मामले को सभी स्तरों पर तत्परता और संवेदनशीलता के साथ विचार किया जाना चाहिए था। राजधानी दिल्ली के व्यस्त बाजारों में से एक लाजपत नगर में 21 मई 1996 को बम विस्फोट में कम से कम 13 लोग मारे गए थे, जबकि लगभग 38 घायल हुए थे।

मोदी की सभा में आते समय दुर्घटना में 3 मौतें

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर के रतनपुर इलाके में एक सड़क हादसे में तीन बीजेपी कार्यकर्ताओं की मौत हो गई है। खड़ी ट्रेलर को बीजेपी कार्यकर्ताओं से भरी लग्जरी बस ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि लग्जरी बस के सामने हिस्से के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में 6 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से 3 लोगों की हालत गंभीर है। सीएम भूपेश बघेल ने हादसे को लेकर मृतकों के प्रति गहरा दुख जताते हुए मृतक के परिजनों को 4-4 लाख मुआवजा देने का घोषणा की है। बताया जा रहा है कि अंबिकापुर विश्रामपुर से भाजपा कार्यकर्ता से भरी बस रायपुर में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में शामिल होने रायपुर जा रहे थे। तभी लगभग सुबह 5 बजे के आसपास ड्राइवर को झपकी आ गई और बस सड़क किनारे खड़ी ट्रेलर से जा भिड़ी। जानकारी के अनुसार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राहुल को हाईकोर्ट से झटका, अब सुको का करेंगे रूख

अहमदाबाद/रायपुर/नवप्रदेश। मोदी सरनेम मामले में गुजरात हाईकोर्ट से राहुल गांधी को जोरदार झटका लगा है। उनकी पुनर्विचार याचिका खारिज हो चुकी है। अदालत ने सूरत सेशंस कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है। सूरत की सीजेएम कोर्ट ने 23 मार्च को राहुल गांधी को दो साल की सजा सुनाई थी। जिसके बाद इस फैसले को सूरत सेशंस कोर्ट में चुनौती दी गई थी लेकिन वहां से भी उन्हें राहत नहीं मिली थी। जिसको देखते हुए राहुल गांधी ने गुजरात हाईकोर्ट का रूख किया था। जहां सुनवाई पूरी होने के बाद शुक्रवार को फैसले का दिन था। लेकिन कांग्रेस नेता राहुल गांधी को यहां भी राहत नहीं मिली है। निचली अदालत की तरह ही हाईकोर्ट ने राहुल की सजा बरकरार रखा है। गुजरात हाई कोर्ट से झटका मिलने के बाद राहुल गांधी सुप्रीम कोर्ट का रूख कर सकते हैं।

राहुल से डरती है केंद्र सरकार

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के अंबेडकर चौक के पास कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। इसमें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव भी शामिल हुए। इस दौरान प्रदर्शन में पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम, प्रदेश प्रभारी सचिव चंदन यादव भी उपस्थित रहे। कांग्रेस के प्रदर्शन में सीएम भूपेश बघेल ने कहा है कि केंद्र सरकार केवल राहुल गांधी से डरती है। राहुल गांधी के सच का सामना केंद्र नहीं कर पाती। राहुल के साथ जनता और भगवान भी है।

देशभर में सड़कों पर उतरी कांग्रेस

राहुल गांधी को गुजरात हाईकोर्ट से राहत नहीं मिलने के बाद कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान धरना प्रदर्शन कर पुतला दहना किया। केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी को जिस तरह प्रताड़ित किया जा रहा है यह जनता देख रही और जवाब देगी। राजनैतिक और कानूनी फ्रंट पर लड़ाई जारी रहेगी। अपनी सुविधा के अनुसार जिस तरह कानून का उपयोग और दुरुपयोग हो रहा है वो ठीक नहीं है।

संपादकीय

बिगड़ने लगा लोगों का घरेलू बजट

इस साल मानसून ने पूरे देश को तर बतर कर के रख दिया है। देश के पहाड़ी इलाकों से लेकर मैदानी भागों तक पानी ही पानी नजर आ रहा है। कई दशकों बाद मानसून ने ऐसा कहर ढहाया है कि देश के आधे से ज्यादा राज्यों में जनजीवन बूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। इस अतिवृष्टि के कारण फल और सब्जियों की फसल बड़े पैमाने पर छति ग्रस्त हो गई है। जहां इनका उत्पादन भी हुआ है तो आवागमन ठप्प होने से इनकी ढुलाई प्रभावित हो रही है। नतीजतन फलों और हरी साग सब्जियों के दाम आसमान पर पहुंच गए है। जिसकी वजह से लोगों का घरेलू बजट बूरी तरह गड़बड़ा गया है। टमाटर जो एक माह पहले तक दस से बीस रुपए प्रति किलो की दर पर बिक रहा था आज वह सौ से डेढ़ सौ रुपए किलो में बिक रहा है। अदरक भी दो सौ रुपए किलो बिक रही है। इसी तरह हरी मिर्च और हरी धनिया के भाव भी बढ़ गए है। नतीजतन लोग साग सब्जी की जगह चटनी भी नहीं खा पा रहे हैं। हरी सब्जियां भी जो तीस से चालिस रुपए किलो में मिल जाया करती थी वह सत्तर से अस्सी रुपए किलो में बिक रही है। लोग अब एक किलो की जगह एक पांव सब्जी से ही काम चला रहे हैं। यह ठीक है कि फलों और साग सब्जीयों पर मौसम की मार पड़ी है लेकिन जमा खोर और मुनाफा खोर इस आपदा में भी अवसर ढूंढ रहे हैं। जिसकी वजह से साक सब्जियों के दाम बेताहासा बढ़ रहे हैं। इसका उदाहरण टमाटर को ही ले जिसकी सार्टेज बताकर उसका मनमाना दाम वसूला जा रहा है। यदि वास्तव में टमाटर की सार्टेज है तो सब्जी बाजार में टमाटर की कमी होनी चाहिए। लेकिन सब्जी बाजार में हर विक्रेता के पास ढेरों टमाटर नजर आ रहे हैं। इसी तरह अन्य साग सब्जीयों की कोई कमी नहीं दिख रही है इसके बावजूद इनके दाम आदमी की पहुंच से बाहर होते जा रहे हैं। इसका मतलब साफ है कि बारिश के बहाने मुनाफा खोर लोगों को दोनों हाथों से लूटने में लगे है। अन्य आवश्यक वस्तुओं के दामों में भी बेतहासा वृद्धि हो रही है। शासन प्रशासन मुक दर्शक बनकर बैठा हुआ है। मुल्य नियंत्रण के लिए कोई प्रभावी पहल नहीं की जा रही है। ऐसी स्थिति में पहले से ही महंगाई की मार से आहत आम आदमी की कमर टूटने लगी है। स्थिति यह है कि अब वह बाजार जाने से भी घबराने लगा है। महंगाई के खिलाफ देर से ही सही लेकिन प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने अब मोर्चा खोला है। बढ़ती महंगाई के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने देश के अनेक हिस्सों में प्रदर्शन किया है और सरकार से महंगाई पर लगाम लगाने की मांग की है। लेकिन अन्य विपक्षी पार्टियों की ओर से अभी तक महंगाई के खिलाफ कोई आंदोलन हुआ है। इसलिए सरकार पर भी दबाव नहीं बन रहा है और उसने अभी तक महंगाई से लोगों को राहत देने के लिए कोई प्रभावी पहल नहीं की है।

विचार

बच्चे बताएंगे किसने क्या पढ़ाया?

शिक्षा गुणवत्ता में सुधार को लेकर एक नई स्कीम उत्कर्ष योजना लॉन्च की गई है। इस तरह के प्रयोग शिक्षा के क्षेत्र में बहुत कम देखने को मिलते है लेकिन यदि यह नवाचार कारगर हो गई तो बच्चों के बल्ले-बल्ले होंगे। साथ ही शिक्षकों को ज्यादा मशक्कत करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बच्चे स्वतः ही पढ़ने-लिखने में रूचि दिखाने लगेंगे। जो सभी परीक्षाओं में बहुत ही उपयोगी सिद्ध होगा। यह योजना कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्रों के लिए लागू की गई है। इसमें सबसे बड़ी खासियत यह है कि हाई और हायर सेकेण्डरी के प्राचार्य से लेकर शिक्षक और चपरासी तक एक रजिस्टर में साइन करेंगे और कितने बजे स्कूल पहुंचे यह बताएंगे। याने आगमन और निर्गमन की एक रजिस्टर होगी, जिसमें सभी साइन करेंगे। छत्तीसगढ़ में शिक्षा के क्षेत्र में अपनाए जा रहे नवाचार लगातार सफलता हासिल कर रहा है। सरकार भी शिक्षा की गुणवत्ता में नवाचार को प्रमुखता से प्रयोग कर रही है । इसमें स्कूल पहुंचे पालक-अभिभावक जो स्टाफ के बाहर से है, वो लोग भी साइन करेंगे? यदि बीच में आवश्यक काम से बाहर जाना पड़ा तो विशेष टीप में इसका उल्लेख कर साइन करना होगा। इस रजिस्टर की जांच करने के लिए एक सीएससी की नियुक्ति की जाएगी, जो हर दिन जाएंगे और रजिस्टर में साइन करके लौट आएंगे। हर दिन दो बजे तक हर स्कूल की रिपोर्ट शिक्षा विभाग तक पहुंच जाएगी। सबसे दिलचस्प बात यह है कि वहां पढ़ने वाले बच्चे हर दिन यह बताएंगे कि कौन शिक्षक क्या पढ़ाया और उसने उससे क्या सीखा। कुल मिलाकर शिक्षा गुणवत्ता को सुधारने की एक पहल शिक्षा सत्र के प्रारंभ से की जा रही है। इससे गुणवत्ता सुधार की उम्मीद की जा रही है। इसके बाद हर शनिवार को टेस्ट होगी। जिसमें हर विषय के दो-दो सवाल शामिल किए जाएंगे। इसके अलावा हर तीन महीने में एक टेस्ट होगी, जिसकी उत्तर पुस्तिका दूसरे स्कूलों में जांच के लिए भेजी जाएगी। इसके लिए बाकायदा साल भर का शैक्षणिक कैलेंडर जारी किया गया है। इसके आधार पर ही स्कूलों में पढ़ाई होगी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि शिक्षकों द्वारा एक डायरी बनाई जाएगी। इसमें होम वर्क भी लिखा जाएगा। इस डायरी की जांच हर दिन संस्था के प्राचार्य द्वारा किया जाएगा। बच्चों की डायरी भी हर दिन भरी जाएगी। इसकी जांच कक्षा शिक्षक करेंगे। इसमें हर कक्षा की कम से कम पांच-पांच डायरी प्राचार्य द्वारा जांच की जाएगी। साथ पूरा रिकार्ड रखा जाएगा। हर स्कूलों में श्रेणी के आधार पर विभाजन किया जाएगा। इसमें स्लो लर्नर की एक कैटेगरी होगी। जिनके लिए हर दिन उपचारात्मक क्लास लगाई जाएगी। इसके अलावा हर संस्था के प्राचार्य को हर दिन किसी न किसी क्लास की जांच तब की जाएगी। जब कोई शिक्षक वहां पढ़ा रहा होगा। इस दौरान कौन से विषय का कौन पाठ पढ़ा रहा है उसकी डायरी भी मेंटेन की जाएगी। डायरी मेंटेन होना ही इस बात का प्रमाण होगा कि शिक्षक पूरी ईमानदारी से अध्यापन कार्य कर रहे है और बच्चे भी पूरी निष्ठा से अध्ययन कर रहे है। बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की यह बुनियाद इतनी बुलंद है कि यदि यह नवाचार सफल हो गया तो शिक्षा गुणवत्ता के दम पर छत्तीसगढ़ के छात्र देश-विदेश में अपनी अलग पहचान बनाने के साथ परचम लहरा सकते है। जिस राज्य को कल तक लोग पिछड़ा मानते थे, आज अग्रिम पंक्ति में खड़ा होगा।

समान नागरिक संहिता : मुस्लिम महिला के दृष्टिकोण से

प्रवीण गुगनानी

मुस्लिम लॉ बोर्ड ईश निंदा के जंगली प्रकार के कानून बनाने की मांग भी समय समय पर करता रहता है। यह तीन तलाक कानून, CAA, NRC, हिजाब सुधार, मस्जिदों के लाउड स्पीकर विवाद, आदि सभी विवादों मे अपने जहर बुझे बाण से देश की कानून व्यवस्था, परस्पर सद्भाव और देश की वैश्विक छवि को चोटिल करता रहा है। मुस्लिम लॉ बोर्ड एक एनजीओ के रूप मे स्थापित हुआ था और यदि इसके संस्थापकों को समझें, इसके उद्देश्य और नियमों को पढ़ लें तो स्पष्ट हो जाता है कि यह बोर्ड और कुछ नहीं देश मे इस्लामिक शासन स्थापित करने की एआक मशीन मात्र है। यह बोर्ड देश मे शरीयत लागू करने का हरसंभव प्रयास करता है और संविधान के प्रति विरोध का वातावरण निर्मित करता है। बोर्ड को ऐसे भी समझें, कि जब अफ़ग़ानिस्तान पर तालिबान के कब्जे से भारत सहित समूचे विश्व के नेता चिंतित हो उठे थे तब इस मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के प्रवक्ता मौलाना सज्जाद नोमानी ने इसका स्वागत किया था हिंदुस्तान की ओर से तालिबान को सलाम ठोंका था। अब हिंदुस्तानी मुसलमान यह देखे कि उसे तालिबानी बनना है या रसखान, अब्दुल कलाम आजाद बनना है?

मुखिया मुख सों चाहिए, खान पान को एक।
पालै पोसै सकल अंग, तुलसी सहित विवेक॥

भारतीय मुस्लिम समाज के साथ एक बहुत बड़ी दिक़्क़त है की उसे इस भाव का नेतृत्व कभी नहीं मिल पाता। भारतीय में मुस्लिम नेतृत्व कभी भी मुखिया मुख सो चाहिए के समभाव का पालन करता नहीं दिखा और न ही वह सामान्य मुस्लिम पुरुषों और विशेषकर महिलाओं की कभी चिंता करता है। भारत में मुस्लिम नेतृत्व की अपनी महत्वाकांक्षाएं, अपनी चाहतें, अपने रिजर्वेशन्स हैं जो एक मानसिक बीमारी बन गई है; और मुस्लिम जनता के अपने दुख, दर्द, परेशानियां और दुश्वारियां हैं जो जबर्दस्त ऊहापोह की गठान बन गई है। ये दोनों स्थितियां मुस्लिम समाज को विपरीत दिशा मे खींचती हैं। इसलिए मुस्लिम समाज थम गया है, भारतीय मुस्लिम आज भी मध्ययुग की बर्बर और जंगली परंपराओं को ढो रहा है। भारतीय मुस्लिम नेतृत्व और भारतीय मुस्लिम जनता इन दोनों के मध्य कोई हमदर्दी, हमदम, और हमसफ़र जैसा कोई संबंध है ही नहीं। हां, इन दोनों के मध्य समय समय पर भावनाओं को भड़काने और उस समय भड़ककर किसी मुद्दे पर विकासशील मार्ग से हटकर कट्टर होने का संबंध अवश्य है। वर्तमान स्थिति को -एक परिवार मे दो कानून- मोदी जी के ये पांच सरल सहज शब्द दिल तक समझा जाते हैं, किंतु तब, जब दिल खुला हो। दिल तो बंद है, अतः इस मंजर को किसी शायर के इन शब्दों से समझिए-

इक मकान बुलंदी पर और बनाने न दिया
हम को पर्वाज़ का मौक़ा ही हवा ने न दिया
आप डरते हैं कि खुल जाए न असली चेहरा
इस लिए शहर को आईना बनाने न दिया

पर्वाज़ - उड़ने का अवसर

यूसीसी के माध्यम से देश की लगभग दस करोड़ मुस्लिम मुस्लिम महिलाओं की सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक, आर्थिक और अन्य स्थितियां सुदृढ़ हो सकती है; यह बात सभी को पता है। उधर ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड, ,ढ्रस्क्क के महासचिव मौलाना फ़ज़्ल ने मुसलमानों को फ़रमान जारी किया है कि यूसीसी के विरोध मे राय दर्ज कराएं। मुस्लिम महिला जगत

जो बहुत प्रसन्न है कि यूसीसी आने से उनकी बहुविवाह, तीन तलाक, हलाला, इद्दत, विरासत में अधिकार, बाल विवाह, निकाह मुताह, हिजाब, महिला खतना जैसी बहुत सी नारकीय परिस्थितियों से वो बाहर आ जाएंगी; अब वह मुस्लिम ला बोर्ड के इस विपरीत कदम से अत्यंत चिंतित है। यह बोर्ड और अन्य कट्टर मुस्लिम संस्थाएं मुस्लिम महिलाओं की घनघोर अनदेखी कर रही हैं।

बोर्ड के सचिव ने पत्र जारी किया है कि देश में मुस्लिम पर्सनल लॉ की सुरक्षा और इसे प्रभावित करने वाले किसी भी क़ानून को रोकना बोर्ड के मुख्य उद्देश्यों में से है। बोर्ड ने अपने विस्तृत उत्तर मे यूसीसी को देश की एकता और लोकतंत्र हेतु खतरा बताया है। बोर्ड ने विधि आयोग की वेबसाइट पर यूसीसी के विरुद्ध अपना दृष्टिकोण दिखाने के लिए एक पत्र का मजमून भी दिया है। बोर्ड ने कहा है कि देश के मुस्लिम इस पत्र को अपनी स्थानीय भाषा में विधि आयोग में भेजे। इस नोट में करेले को नीम चढ़ाते हुए यह मांग की जा रही है कि संविधान के दिशानिर्देशों के अनुच्छेद-44 को समाप्त करना ही उचित है। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने मुस्लिम समाज द्वारा पांच लाख आपत्तियां दर्ज कराने का लक्ष्य बनाकर यह स्पष्ट कर दिया है कि वह मुस्लिम समाज को देश की मुख्य धारा से बाहर रखने हेतु संकल्पित है।

मुस्लिम समाज के सामने और उससे भी बढ़कर समूचे देश के सामने सबसे बड़ा काम है कि इस मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड और अन्य कट्टर मुस्लिम संस्थाओं की मानसिकता और हार्मोनल स्ट्रक्चर को समझा जाए। इन संस्थाओं की केमिस्ट्री और हार्मोनल स्ट्रक्चर ही संविधान विरोध, हिंदू विरोध और हलाकू प्रकार का है। अयोध्या विषय के सामाजिक समाधान मे सबसे बड़ा खलल यह बोर्ड ही था। न्यायालय ने जब जब भी अयोध्या विषय को श्रमपूर्वक चर्चा के स्तर पर लाया और न्यायालय से बाहर इस मामले की शांतिपूर्ण समझौते की बात हुई, तब-तब AIMLB एक इंच जमीन भी नहीं छोड़ेंगे जैसी कट्टर बात करके शांति स्थापना के उस अवसर की भ्रूण हत्या कर देता था। कल्पना करिए की यदि मुस्लिम समाज स्वयं आगे आकर राम जन्मभूमि को हिंदू समाज को सौंप देता तो आज हमारा सामाजिक ढांचा और देश मे परस्पर सद्भाव का स्तर हिमालय जैसा होता या न होता?!

ये फरेबी और बईमान बोर्ड यहीं नहीं रुका, इसने जन्मभूमि के निर्णय के बाद समूचे मुस्लिम समाज को खलनायक बनाते हुए कहा था कि - मुसलमान सुप्रीम कोर्ट के फैसले और मस्जिद की जमीन पर मंदिर के तामीर होने से हरगिज निराश न हों। हमें यह भी याद रखना चाहिए कि खाना-ए-काबा (हज की मस्जिद) एक लंबे अरसे तक शिर्क (मूर्तिपूजक) और बिदअत परस्ती का मरकज रहा है। मामले मे और अधिक जहर घोलते हुए तब बोर्ड ने तुर्की की हागिया सोफ़िया मस्जिद का उदाहरण देकर हिंदु- मुस्लिम दोनों को भड़काने के भरपूर प्रयत्न किए थे। वो तो भला हो संघ परिवार का कि उसने अयोध्या निर्णय के बाद हिंदू समाज मे किसी भी प्रकार का उत्सव न मनाने, संयमित रहने, चुप्पी रखने और कोई प्रतिक्रिया न देने का वातावरण सख्ती से बनाया था; अन्यथा AIMLB तो तीव्र दंगे भड़का देता। तब उप्र के मंत्री मोहसिन रजा ने कहा था कि मुस्लिम लॉ बोर्ड और बाबरी एक्शन कमेटी के सदस्यों का आतंकी संगठनों के साथ सम्बंध है।

वस्तुतः हुआ यह कि राजीव गांधी द्वारा शाहबानों प्रकरण मे मुस्लिम बोर्ड के समक्ष घुटने टेक देने के बाद मुस्लिम ला बोर्ड का दिमाग सातवें आसमान पर चढ़ गया और वह स्वयं को एक संवैधानिक ढांचे से भी ऊपर मानने लगा है। देश के तथाकथित सेकुलर दलों, सेकुलर प्रकार की संस्थाओं और कट्टरपंथी मुस्लिमों के सहयोग से यह बोर्ड समय समय पर देश के सामाजिक वातावरण को दूषित करने मे सफल होने लगा है। अब बोर्ड को समझ आ रहा है कि यदि समान नागरिक संहिता लागू हो जाती है तो AIMPLB संगठन का उद्देश्य ही खत्म हो जाएगा और इसका कोई महत्व नहीं रह जाएगा। (विदेश मंत्रालय, भारत सरकार मे राजभाषा सलाहकार)

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

हम लिखें वो पढ़ें, कुछ बात, आगे

हम लिखें वो पढ़ें, कुछ बात, आगे बढ़े, बात बढ़े न बढ़े, बस, बात इतनी है, जो पढ़े, उससे फितूर कहानी न गढ़े। मैने जितना लिखा उसे दिल से पढ़ ले जो कहा है,बस, उतना ही समझ ले। बात जितनी है उतनी रहेगी, तभी तो सच्ची अपनी कहानी बनेगी। **सुधीर वत्स**

दर्द के आईने में जब भी खुद को गौर

दर्द के आईने में जब भी खुद को गौर से निहारा है सब्र के नाम

दिखता वही तो मेरे सादगी का गहना है गौरतलब कहती है। आईने की हसरत तेरे इश्क़ की हरारत में मेरी रुह की सोहबत ख़ामोशी से फीका चेहरा भी बहुत देरतलक निहारा है तुम बन जाते सादगी मेरी और यही श्रृंगार मैंने पहना है....!!

नंदिता तनुजा

खास पाती | आज कुछ तो ऐसा गाओ सखी

आज कुछ तो ऐसा गाओ सखी विचलित दिल बहलाओ सखी। खनखन कंगना झुमझुम झुमके ।। उलझन गुथ से सुलझाओ सखी।। भर भर चुटकी मेरी मांग भरो। माथे कुमकुम रच जाओ सखी।। मिलजुलकर सब अँगना आओ। ज़रा रंग महावर लाओ सखी।। जेठ आषाढ़ दहक हुआ कुंदन। चंदन तनमन महकाओ सखी।। नित नित तरसी अँखियाँ बरसी। प्रिय मेघ पवन संग आये सखी।। खड़के द्वार मन उठे हिलोरें। कैसे दिखे प्रिय बतलाओ सखी।। चितवन चंचल मन लरज लाज। घूंघट तो तनिक उढाओ सखी। अब की सावन मेरे संग साजन। जाओ झूला बाग घलाओ सखी।। सुना मन पतंग तेरे प्रियतम का। जा उन संग पेंच लड़ाओ सखी। जो मेहंदी में नाम छिपाय रही। वह जन्मों को मिल जाय सखी। **प्रियंवदा अवस्थी**

पल-पल रूप बदलते देखे कैसे

पल-पल रूप बदलते देखे कैसे-कैसे रिश्ते देखे रोते देखे जब खुश थे हम ग़म पर हमने हंसते देखे। वक़्त बना चक्की जीवन में दिल के अरमां पिसते देखे पल-पल जीवन बीता जाए ख़्वाब सुनहरे घिसते देखे पैसे वाली दुनिया में भी लोग बहुत से सस्ते देखे। **मित्र ग़ाज़ियाबादी**

वो लोग जो दूसरे को पढ़ा

वो लोग जो दूसरे को पढ़ा लिखा कर प्रशासनिक अधिकारी बना देते हैं खुद काहे नहीं बन जाते? बायदवे गम बेवफाई का है कि इन्वेस्टमेंट के डूबने का? वैसे ऐसी छटपटाहट लाटरी कैंसिल हो जाने या ब्लेंक चेक के गुम होने पर होती है। वैसे भी सोशल मीडिया विश्वविद्यालय के छात्र दूसरा पक्ष जानने में दिलचस्पी नहीं रखते वैसे उन साहब की कोई बात क्यों नहीं करता जो अपनी कमतर धर्मपत्नी को अपने साथ पार्टी में ले जाने से भी कतराते हैं। **कुमुद अनुन्जया**

उस दिन भी लहर थी आज

उस दिन भी लहर थी आज भी लहर है। उस दिन भी ऊँची ऊँची उठ रहीं थी आज भी उठ रहीं है। बस आज पास में एक कुर्सी पड़ी है ख़ाली और कुछ खोज रहीं है एक जोड़ी आँखें। **रामकिशोर उपाध्याय**

कई अपनों को पराये बनते देखा

कई अपनों को पराये बनते देखा है हमने, आपस में फूट डालकर मुस्कुराते देखा है हमने, हर तूफान का सामना अकेले ही करना पड़ता है-अपनों को तो दरकिनार होते देखा है हमने।

पूनम झा प्रथमा

आशाओं के पावस आज कुछ

आशाओं के पावस आज कुछ व्याकुल हैं मुकुलित हृदय समंदर से भरे भरे फिर भी अवनि के कंठ जाने क्यूँ आज कुछ प्यासे हैं मधुमास भरे मादक अधरों पर पहरा किसने बाँधा है सूखे दरख़्त सोई पवन झुकी झुकी पलकों पर घुंघराली अल्को पर पतझर क्यूँ रोई है अधीर अम्बर का प्यासी धरा को रूठने मनाने का समय आया है। चाँद छोड़ फूलों से ठिठोली का वक़्त आया है। कुछ नाजुक विपरीत सा समन्वय आज मैंने पाया है । **ज्योत्सना सक्सेना**

हटा दो अपने रास्ते के सभी

हटा दो अपने रास्ते के सभी वेरियर। महनत लगन विश्वास से बनाओ केरियर।। तनमन संवारे योग से जीवन संवारे। संवरना जरूरी है हमारा बिहेवियर।। इस तरह अच्छे कर्म में मशगूल होजायें। बुरा करने सोचने का समय न हो डियर।। ये बेकारी अपनों से करदे दूरियाँ। रोज़गार गैरों को भी करता है नियर।। मौहब्बतों में सब बराबर होजाने दो। इसमें कोई जूनियर रहे ना सीनियर।। **राजकुमार शर्मा**

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1497 - वास्को द गामा ने यूरोप से भारत की प्रथम जलयात्रा आरंभ की। 1858 - ग्वालियर के क़िले के पतन के बाद लॉर्ड केनिंग ने सांति की घोषणा की थी। 1918 - भारतीय संविधान में सुधार के लिए मांटेग्यु चेम्सफोर्ड रपट प्रकाशित की गई। 1954 - सतलुज नदी पर निर्मित भाखड़ा नांगल पनबिजली परियोजना पर बनी सबसे बड़ी नहर का प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने उद्घाटन किया था। 1975 - म्यांमार के बगाँ में आए भूकंप में हज़ारों मंदिर ध्वस्त हो गए तथा भारी जानमाल की छति हुई। 1994 - शिमाकी मुकाई जापान की प्रथम महिला अंतरिक्ष यात्री बनी। 1999 - पापुआ न्यु गिनी (प्रशान्त महासागरीय देश) प्रधानमंत्री बिल स्कोट का इस्तीफ़ा। 2002 - दक्षिण अफ़्रीका में अश्वेत क्रिकेटरों के लिए कोटा प्रणाली समाप्त। 2003 - सूडान में हुए विमान हादसे में 115 लोग मारे गये। 2005 - जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर समूह-8 के देशों में सहमति बनी। 2008 - पेरिस की सरकार ने बांग्लादेश की विवादग्रस्त लेखिका तस्लीमा नसरीन को मानद नागरिकता देने का प्रस्ताव किया।

आज का पंचांग (शनिवार 8 जुलाई)

सूर्योदयः 05:42, सूर्यास्तः 07:20, चन्द्रोदयः 22:46, चन्द्रास्तः 09:25, अयन- दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय), ऋतुः वर्षा, शक सम्वतः 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वतः 2080 (पिंगल), मास श्रावण, पक्ष कृष्ण, तिथि षष्ठी, नक्षत्र पूर्वाभाद्रपद, योग आयुष्मान (20:30 से सौभाग्य), प्रथम करण कौलव (13:41 तक), द्वितीय करण तैतिल (00:17 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य -मिथुन, चंद्र -कुम्भ, मंगल -सिंह (उदित, पश्चिम, मार्गी), बुध -मिथुन (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु -मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र -सिंह (उदित, पश्चिम), शनि -कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु -मेष, केतु -तुला,

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 11:54 से 12:50, अमृत काल 15:43 से 17:10, विजय मुहूर्त 14:42 से 15:38, गोधूलि मुहूर्त 19:21 से 19:41, सायाह्न सन्ध्या 19:22 से 20:22, निशिता मुहूर्त 00:02 से 00:42, राहुकाल 09:00 से 10:30, राहुवास दक्षिण-पूर्व, यमगण्ड 15:52 से 17:37, होमाहुति मंगल (22:16 से गुरु), दिशा शूल पश्चिम, नक्षत्र शूल दक्षिण (22:16 से), अग्निवास पृथ्वी, चन्द्र वास पश्चिम, शिववास नन्दी पर (00:17 से भोजन मे)

॥ दिन का चौघड़िया ॥

1 - चर, 2 - लाभ, 3 - अमृत, 4 - काल, 5 - शुभ, 6 - रोग, 7 - उद्वेग, 8 - चर।

॥ रात्रि का चौघड़िया॥

1 - रोग, 2 - काल, 3 - लाभ, 4 - उद्वेग, 5 - शुभ, 6 - अमृत, 7 - चर, 8 - रोग।

नोट : दिन और रात्रि के चौघड़िया का आरंभ क्रमशः सूर्योदय और सूर्यास्त से होता है। प्रत्येक चौघड़िए की अवधि डेढ़ घंटा होती है।

शुभ यात्रा दिशा

पश्चिम-दक्षिण (दहीलस्सी अथवा राई का सेवन कर यात्रा करें)

QUIZ TIME

1) भारत का पहला विद्युतीकृत रेलमार्ग कौन-सा है?

2) कश्मीर में कनिष्क के शासनकाल में जो बौद्ध संगीति आयोजित हुई थी उसकी अध्यक्षता किसने की थी?

3) कर्क और मकर रेखा के क्षेत्र को क्या कहते है?

4) भारत शासन अधिनियम 1935 के अनुसार अवशिष्ट शक्तियाँ किसको प्रदान की गई थी?

5) डॉ. एन. कलाईसेल्वी किस भारतीय अनुसंधान संगठन की पहली महिला महानिदेशक बन गई है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) मुंबई-कुर्ला (2) वसुमित्र (3) उष्ण कटिबंध (4) संघीय सरकार (5) वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष-आर्थिक दृष्टिकोण से आज का दिन आकस्मिक फायदे कराने वाला रहेगा। आज आप किसी से अधिक व्यवहार करना पसंद नहीं करेंगे।

वृष-आज के दिन का अधिकांश समय आपके अनुकूल रहेगा। आज स्वास्थ्य भी उत्तम बना रहेगा।

मिथुन- आज का दिन आध्यात्म एवं धार्मिक आस्था में वृद्धि करने वाला रहेगा। पुण्योदय होने से भाग्योन्नति के अवसर मिलेंगे।

कर्क- आज के दिन भी परिस्थितियां प्रतिकूल रहने से कोई राहत नहीं मिलेगी। मन किसी अरिष्ट के भय से व्याकुल हो सकता है।

सिंह-आज का दिन घर एवं बाहर के वातावरण में बदलाव लाने वाला रहेगा। दिनभर सेहत थोड़ी नरम रहने से आलस्य रहेगा फिर भी आज आप घरेलु समस्याओं के समाधान के प्रति अधिक सतर्क रहेंगे।

कन्या-आप का आज का दिन मिश्रित फलदायी है। दिन के पूर्वार्ध में सेहत में गिरावट रहने से बेचैनी बढ़ेगी।

तुला-आज के दिन स्थिति में सुधार आने से राहत अनुभव करेंगे। शारीरिक एवं पारिवारिक समस्याओं का समाधान होने से मानसिक शांति मिलेगी।

वृश्चिक-आज का दिन विषम परिस्थितियों वाला रहेगा। भावुकता एवं क्रोध की अधिकता रहगी।

धनु-आज के दिन आपका मन अनिर्णय की स्थिति में रहेगा मानसिक स्थिति पल पल में बदलने के कारण दिनचर्या में विलंब होगा।

मकर-आज प्रातः काल से ही किसी महत्त्वपूर्ण कार्य के कारण भाग-दौड़ रहेगी लेकिन सफलता को लेकर मन में संशय रहेगा।

कुंभ- आज के दिन का पहला भाग सुख शांति से व्यतीत करेंगे। कोई रुका कार्य पूर्ण होने से धन लाभ होगा।

मीन- आज का दिन विपरीत फल प्रदान करने वाला है। आज दिन भर सतर्क रहने की आवश्यकता है।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -118

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

ऊपर से नीचे

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक117 का हल

अं	त	■	म	री	ज	■	■	■
ग	ह	न	ता	■	ब	र	ब	स
■	की	■	धि	क्का	र	■	र	मा
■	का	■	का	■	द	वा	खा	ना
प	त	वा	र	■	स्त	र	■	■
ह	■	■	■	■	■	दा	मि	नी
ना	■	ए	ह	ति	या	त	■	लां
वा	च	क	■	हा	■	■	खू	ब
■	■	ता	ब	ड़	तो	ड़	■	र

सब्जियों ने बिगाड़ा थाली का जायका

रायपुर/नवप्रदेश। सब्जियों ने इन दिनों हर घर में रसोई का पूरा जायका ही बिगाड़ दिया है। सब्जियों की आसमान छूती कीमतों ने आम उपभोक्ताओं के लिए परेशानी खड़ी कर दी है। पखवाड़े भर में ही टमाटर सहित अधिकांश सब्जियों की कीमतें दोगुनी हो गई हैं।

सब्जी कारोबारियों का कहना है कि कीमतें बढ़ने के पीछे मुख्य कारण आवक में आई कमी है। कारोबारियों का कहना है कि जब तक आवक में सुधार नहीं होगा कीमतों में गिरावट नहीं आएगी। टमाटर के दाम इन दिनों चिल्हर में 120 रुपये किलो तक पहुंच गए है, इसका असर यह हुआ है कि होटलों में दिए जाने वाले सलाद से टमाटर गायब होने लगा है। साथ ही भेल, पाव भाजी के स्टाल से भी टमाटर कम हुए हैं। इसके साथ ही घरों में फ्रीज में भरा हुआ टमाटर का ट्रे खाली हो गया है।

मांग की तुलना में आवक आधी

पखवाड़े भर पहले टमाटर की गाड़ियां रोजाना लगभग 22 गाड़ी आ रही थी, जो अब घटकर छह गाड़ियां ही रह गई हैं। इसके साथ ही दूसरी सब्जियों की भी आवक आधी हो गई है, इसका असर ही कीमतों में पड़ा है। मांग ज्यादा है और आवक काफी कम है, इसके कारण ही कीमतें बढ़ी है।

सब्जियां सप्ताह भर पहले-वर्तमान कीमत (प्रति किलो)

सब्जी	कीमत
टमाटर 50 रुपये	80-120 रुपये
गोभी 50 रुपये	80 रुपये
भिंडी 40 रुपये	60 रुपये
लौकी 20 रुपये	30 रुपये
बैगन 25 रुपये	35 रुपये
धनिया 60 रुपये	110-125 रुपये
अदरक 200 रुपये	220 रुपये

थोक में 1,800 रुपये कैरेट पहुंचा

कारोबारियों का कहना है कि थोक बाजार में ही टमाटर 1,700 से 1,800 रुपये कैरेट तक पहुंच गया है। कुछ दिनों पहले तो टमाटर थोक में 2000 रुपये कैरेट भी पहुंच गया है। बताया जा रहा है कि इससे पहले वर्ष 2018 में टमाटर थोक में 2,000 रुपये कैरेट पहुंचा था।

नए प्रदेश चुनाव प्रभारी को बधाई देने पहुंचे दिग्गज

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी संगठन ने चुनावी राज्यों के लिए चुनाव प्रभारियों की घोषणा कर दी है। ओम प्रकाश माथुर को चुनाव प्रभारी और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया को छत्तीसगढ़ का सह चुनाव प्रभारी बनाया गया है।

ओपी माथुर व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया दोनों शुक्रवार को पीएम मोदी के रायपुर आगमन पर छत्तीसगढ़ में ही थे। ऐसे में दोनों को छत्तीसगढ़ के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, पूर्व मुख्यमंत्री व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रमन सिंह, सह प्रभारी नितिन नबीन, पूर्व विधानसभा नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, प्रदेश महामंत्री केदार कश्यप, विजय शर्मा, ओपी चौधरी सहित वरिष्ठ नेता बधाई देने के लिए पहुंचे।

तीसरी बार ई-बसों के टेंडर की तैयारी

रायपुर/नवप्रदेश। शहर की सड़कों पर इलेक्ट्रिक बसों के संचालन का लोग उम्मीद लगाए हैं। इधर, नगर निगम डेढ़ वर्ष से अधिक समय से केवल सपने ही दिखा रहा है। नगर निगम के जिम्मेदारों को बसों के संचालन के लिए अब तक एजेंसी ही नहीं मिल पाई है। एजेंसी तय करने के लिए निगम की ओर से दो बार टेंडर जारी किया जा चुका है, लेकिन किसी कंपनी ने रूचि नहीं दिखाई। अब समयावधि समाप्त होने के बाद तीसरी बार टेंडर जारी करने की तैयारी की जा रही है। विगत माह मई में एमआइसी सदस्य और नगर निगम के ट्रांसपोर्ट सेल के अध्यक्ष अजीत कुकरेजा ने महापौर एजाज ढेबर से मुलाकात कर बताया था कि चंडीगढ़ की तर्ज पर 50 बसों का संचालन करने की तैयारी है। पहले चरण में 12 करोड़ रुपये के खर्च से 10 इलेक्ट्रिक बसें खरीदी जाएंगी, जो जून में संचालित होगी।

दूसरे चरण में 40 बसों की खरीदी होगी, जिसके बाद पेट्रोल या डीजल पर चलने वाली बसों को सड़क से हटा दिया जाएगा। उन्होंने अगस्त तक 50 बसों के संचालन का दावा किया था। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि इलेक्ट्रिक बसों के संचालन में एजेंसियां रूचि क्यों नहीं दिखा रही हैं, इसपर जल्द ही बैठक लेकर समीक्षा की जाएगी। इलेक्ट्रिक बसों के शुरू होने से राजधानी के बढ़ते प्रदूषण पर अंकुश लगेगा। साथ ही डीजल पर खर्च होने वाले भारी भरकम राशि की बचत होगी। बसें पूरी तरह से बिजली से चलेंगी, जिससे शोर तथा प्रदूषण से छुटकारा मिलेगा। लोगों को भी शांतिपूर्ण माहौल में यात्रा करने मिलेगी। इससे लोगों को स्वास्थ्यगत लाभ मिलेगा। नगर निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी का कहना है कि इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के लिए प्रक्रिया जारी है। दो बार टेंडर जारी किया गया था, लेकिन कंपनी ने हिस्सा नही लिया। सोमवार को तीसरी बार टेंडर जारी किया जाएगा। लोगों को सुविधाएं देने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। वहीं नगर निगम के ट्रांसपोर्ट सेल के अध्यक्ष अजीत कुकरेजा का कहना है कि इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के लिए कुछ कंपनियों से बातचीत की गई थी। कुछ कंपनियां दस की जगह 50 वर्षों के लिए संचालन की जिम्मेदारी मांग रही हैं, जिसे लेकर मामला उलझा हुआ है।

पूर्व सैनिकों के बच्चों को मिलेगी आवास सुविधा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ के दूरस्थ अंचलों में रहने वाले भूतपूर्व सैनिकों के परिजनों के लिए उच्च शिक्षा लेना अब आसान होगा। सैनिक कल्याण बोर्ड भूतपूर्व सैनिकों की वीरनारियों, विधावाओं व भूतपूर्व सैनिकों के बच्चों को इंजीनियरिंग, मेडिकल, कृषि, व्यावसायिक शिक्षा और प्रबंधन कॉलेज में डिग्री की पढ़ाई के लिए बारह विद्यार्थियों को आवासीय सुविधा देगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन अनुराग तिवारी ने बताया कि शिक्षण सत्र 2023-24 में छह छात्राओं और छह छात्रों को यह सुविधा मिलेगी। विद्यार्थियों को केवल आवासीय सुविधा दी जाएगी। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा रायपुर शहर में संचालित छात्रावासों को इसके लिए 12 जुलाई 2023 तक कोटेशन सहित आवेदन आमंत्रित किए गए है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला सैनिक कल्याण कार्यालय सीएमएचओ ऑफिस के पास मोतीबाग रोड़, शास्त्री चौक रायपुर से संपर्क किया जा सकता है। नियम शर्तो की जानकारी फोन नं.- 0771-2237449 या मोबाईल नं.- 89855-45694 से भी ली जा सकती है।



रीपा से महिलाओं को मिल रहा रोजगार

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल के मंशानुरूप ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने एवं उद्यमियों को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने के लिए रीपा का संचालन किया जा रहा है। धरसींवा विकासखण्ड के ग्राम टेमरी में शासन की महत्वाकांक्षी योजना महात्मा गांधी ग्रामीण औधोगिक पार्क रीपा में संचालित गतिविधियों का संयुक्त सचिव एवं नोडल अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह ने जायजा लिया।

उन्होंने टेमरी रीपा में चयनित सभी गतिविधियों को पूर्ण क्षमता के साथ संचालित करने के लिए सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिया गया। वर्तमान में टेमरी के रीपा में संचालित गतिविधियों में हर्बल गुलाल, रंगोली, फ्लेवर्ड जूस, मिलेट कैफे आदि का कार्य किया जा रहा है, जिसमें कुल 50 महिलाएं कार्यरत हैं। रीपा में उत्पादित सामानों के मार्केटिंग हेतु गणेशा हर्बल गुलाल के साथ अनुबंध किया गया है। ज्ञात हो कि प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल के निर्देशन में रीपा योजना की शुरुआत की गई, जिससे महिलाओं की आय बढ़ी है। गांव में ही रूरल इंडस्ट्रियल पार्क खोले जाने से अब महिलाओं को घर के पास ही स्थानीय स्तर पर रोजगार मिल रहा है। महिलाएं चूल्हे चौके से बाहर निकली हैं और अब अत्याधुनिक मशीन चला रही हैं। महिलाओं को मशीन चलाने की बकायदा ट्रेनिंग दी गई। इसके बाद आज महिलाएं राज्य की विभिन्न रीपा में पेंट, ईंट, दोना-पत्तल समेत 100 से ज्यादा प्रकार के सामानों का उत्पादन कर रही हैं।

आया सावन झूम के...

रायपुर/नवप्रदेश। नव प्रगति महिला मंडल बजाज कॉलोनी सेक्टर 2 की स्थापना के 29 वें वर्ष का आयोजन सामुदायिक भवन में किया गया। सावन माह की थीम पर हरे रंग से सभागार को सजाया गया और महिलाओं ने हरे धारण परिधान किया। पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। लायन मधु यादव ने कालोनी की प्रथम वर्ष से अभी तक की गतिविधियों जानकारी दी। भजन नृत्य के साथ स्पेशल गेम का आयोजन किया गया, जिसमें हेमा पाण्डेय, प्रथम, विमला सिंह द्वितीय, ज्योति डिसूजा तृतीय और छाया जैन चतुर्थ स्थान पर रहीं। कार्यक्रम में उर्मिला बिड़ला, छाया बिहोने, गीता रायकवार, प्राची,चेतना, पुष्पा जैन कुसुम हबलानी किरण सेतिया सहित अन्य सदस्य शामिल हुए। सभी ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली।

नकदी सहित लाखों के मोबाइल पार

रायपुर/नवप्रदेश। पचपेड़ी नाका स्थित मां लक्ष्मी टेलीकॉम मोबाइल शॉप के रोशनदान का ग्रिल तोड़कर अज्ञात चोर ने लाखों रुपए का मोबाइल पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी गोपाल चैनानी 32 वर्ष रायपुरा डीडीनगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी पचपेड़ी नाका में मां लक्ष्मी टेलीकॉम मोबाइल शॉप दुकान चलाता है। बताया जाता है कि बुधवार की रात अज्ञात चोर ने प्रार्थी के दुकान के रोशनदान का ग्रिल तोड़कर दुकान के अंदर प्रवेश किया और दुकान में रखे 12 नग एप्पल मोबाइल, 28 नग ओप्पो, 31 नग वीवो, 34 नग सेमसंग, 4 नग वन प्लस, 16 नग रेडमी सहित नकदी 90 हजार रुपए पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 32 लाख 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफधारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पुरानी रंजिश के चलते युवक को पीटा

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम बोरसा में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर आरंग पुलिस ने आरोपी के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी संतोष गोश्वामी 44 वर्ष ग्राम बोरसा का रहने वाला है। बताया जाता है कि गांव में ही रहने वाला आरोपी बुधारू निर्मलकर ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर आरंग पुलिस ने आरोपी के खिलाफधारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

तंत्र-मंत्र का डर दिखाकर 40 लाख की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। लोगों को मौत का खौफ दिखाकर तंत्र मंत्र के नाम पर चूना लगाने वाले एक शातिर ठग को रायपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

ये शातिर ठग राजधानी के पुरानी बस्ती में एक परिवार को 40 लाख रुपए का फटका लगाया था। जानकारी के मुताबिक, पुरानी बस्ती निवासी लेखराम साहू ने थाने में रिपोर्ट कराई थी कि नीमगांव, नासिक महाराष्ट्र के ब्रह्म दत्त इंगले नाम के व्यक्ति से उसकी पहचान लगभग 4 साल पहले रायपुर में हुई थी। आरोपी ने अपना परिचय, तांत्रिक के रूप में कराया था। शुरुआत में घर पर छोटी मोटी समस्याओं को दूर करने के लिए तंत्र मंत्र करने के नाम पर पैसा लेता रहा। घर के सदस्यों के बीमार पड़ने पर अस्पताल न जाकर तंत्र मंत्र से ठीक करने दावा करता था।

धीरे धीरे घर पर घोर संकट आने, कार एक्सीडेंट में मृत्यु, बच्चे के अकाल मृत्यु का भय दिखा कर बड़े बड़े अनुष्ठान करने के लिए पैसे मांगता रहा। फिर अनुष्ठान में बाधा आ गई है कह है डराकर डराकर पैसे मांगता रहा। अनुष्ठान में एप्पल कंपनी का मोबाइल लगेगा उसे हवन में जलाना पड़ेगा कहकर दो बार मंहगे मोबाइल लिए। एक बार टीव्ही फाइनेंस करवाया। सोने चांदी के गहने मांगे। प्रार्थी अनिष्ट होने के डर से रुपए अपने अकाउंट से तथा दोस्तो परिचितों के अकाउंट से उधारी लेकर आरोपी के अकाउंट पर पैसे भेजता रहा। इसी तरह से पिछले चार सालों में आरोपी ने तकरीबन 40 लाख रुपए की उगाही कर ली। जब प्रार्थी बात करना बंद करता तो दिन में सौ सौ कॉल कर उसे परेशान करता। हद तो तब हो गई जब आरोपी ने पूरे परिवार का रोड़ एक्सीडेंट में अकाल मृत्यु का भय दिखा कर अनुष्ठान करने 15 लाख रूपये की मांग करने लगा। तब परेशान हो कर प्रार्थी ने ब्रह्म दत्त इंगले के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई।

पुलिस अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही थी। इसी बीच आरोपी पैसे लेने और अन्य जजमानों से मिलने रायपुर आया हुआ था। जिस पर पुरानी बस्ती पुलिस ने फाफाडीह के एक होटल से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को आज विधिवत गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा जा रहा है। आरोपी ब्रम्ह दत्त इंगले पिता सुरेश इंगले, 30 वर्ष, नीमगांव ,नासिक महाराष्ट्र का रहने वाला है।

व्यापमं की परीक्षाएं कल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्ड़ल द्वारा पी.पी.टी., प्री.एम.सी.ए., प्री.बी.ए.बी.एड. और प्री. बी. एस.सी.बी.एड. परीक्षाएं 9 जुलाई को आयोजित की जाएगी। यह सभी परिक्षाएं एक ही दिन दो पालियों में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली में पी.पी.टी छह केन्द्रों मे, प्री.एम.सी.ए छह केन्द्रो में सुबह 9 से 12:15 तक आयोजित होगी। 9 जुलाई को दूसरी पाली में प्री.बी. ए.बी.एड. एवं प्री.बी.एस.सीए.बी.एड. की परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 4:15 बजे तक 28 केन्द्रो में आयोजित होगी। परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर एवं परीक्षा प्रभारी अधिकारी रूचि शर्मा को नोडल अधिकारी एवं सहायक संचालक कौशल विकास विभाग केदार पटेल को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। परीक्षा के लिए कलेक्टर कार्यालय में कक्ष क्रमांक-6 में कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। इस परीक्षा में लगभग 18 हजार परीक्षार्थी बैठेंगे।

घर के बाहर खड़ी बाइक पार

रायपुर/नवप्रदेश। हाउसिंग बोर्ड कालोनी खम्हारडीह में घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी गौरव पैगवार 42 वर्ष हाउसिंग बोर्ड कालोनी खम्हारडीह का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी डिस्कवर बाइक क्रमांक एमपी 04 एमडीह 2500 को अपनी घर के बाहर खड़ी थी। तभी अज्ञात चोर ने उसकी बाइक को पार कर दिया।

नियमितीकरण पर फैसला नहीं, जताया विरोध

रायपुर/नवप्रदेश। नियमितीकरण की आस लगाए संविदाकर्मियों को गुरुवार को हुई राज्य कैबिनेट की बैठक से निराशा हाथ लगी है. कैबिनेट का फैसला नहीं आने पर कई जिलों में संविदा कर्मियों ने जन घोषणा पत्र की प्रतियां जलाकर अपना विरोध प्रदर्शित किया, वहीं आने वाले समय में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। कैबिनेट में नियमितीकरण पर फैसला नहीं लिए जाने पर संविदाकर्मियों ने रायपुर के प्रमुख स्थलों में आमजन और कार्यालय में जाकर जनघोषणा को पढ़कर सुनाया, इसके साथ ही प्रतियां वितरित की गई।

इसके साथ कर्मचारी ने सड़कों पर आकर अब आंदोलन में सहयोग एवं समर्थन के लिए आमजन से अपील की. बता दें कि 3 जुलाई से छत्तीसगढ़ के 54 विभागों में कार्यरत लगभग 45,000 संविदा कर्मचारी अनिश्चितकालीन आंदोलन पर चले गए हैं. महासघ के प्रांत अध्यक्ष कौशलेश तिवारी ने बताया कि सरकार के पौने पांच साल बीत जाने के बाद भी नियमितीकरण पर निर्णय नहीं लिया जाना दुखद है।

घर-घर दस्तक देने की तैयारी में 'आप'

रायपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर में हुए सफल महारैली के बाद आम आदमी पार्टी पूरे जोश में है और इसी जोश के साथ आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनज़र आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ द्वारा डंगनिया रायपुर में विशेष ट्रेनिंग मीटिंग रखी गयी। जिसके माध्यम से अब कार्यकर्ता बूथ लेवल तक जाएंगे और प्रत्येक गांव के साथ सभी वार्डो में समिति बनाएंगे जिनके माध्यम से घर घर दस्तक देने की तैयारी करेंगे।

आम आदमी पार्टी सेंट्रल ज़ोन के पदाधिकारियों को ग्राम समिति व वार्ड की समिति बनाने हेतु महत्वपूर्ण ट्रेनिंग दी गयी,जिसमे रायपुर लोकसभा,जांजगीर लोकसभा व महासमुंद लोकसभा के अंतर्गत आने वाले प्रदेश पदाधिकारी, लोकसभा के पदाधिकारी,जिला के पदाधिकारी व ब्लॉक के अध्यक्ष शामिल हुए। बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश के सह प्रभारी हरदीप मुंडिया मुख्य रूप से उपस्थित रहे तथा उनके ही द्वारा ट्रेनिग दी गयी। छत्तीसगढ़ प्रदेश के सह प्रभारी हरदीप मुंडिया ने कहा कि दिल्ली और पंजाब में आप के कार्यकर्ताओं के पार्टी के प्रति समर्पण और मेहनत और जनता के मुद्दों को सरकार तक पहुँचाकर उनका जल्द निराकरण की वजह से आम जनता खुश है। इसलिए सभी की यह ट्रेनिंग महत्वपूर्ण है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव उत्तम जायसवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय पार्टी बनने के बाद सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में जोश का संचार हुआ है और जिस तरह से 2 जुलाई को बिलासपुर की महारैली में भीड़ उमड़ी थी उससे लगता है की प्रदेश की जनता ने कांग्रेस की भ्रष्ट नीतियों से परेशान होकर बदलाव का मन बना लिया है। वहीं वार्ड नम्बर 57 के सर्कल इंजार्ज सलमान खान के द्वारा कांग्रेस महिला शक्ति स्व. संगठन की छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष शोभा ठाकुर को आप के छत्तीसगढ़ प्रदेश सहप्रभारी हरदीप सिंग मुंडिया के हाथों आम आदमी पार्टी की टोपी पहनाकर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई। शोभा ठाकुर ने कहा कि वे अरविंद केजरीवाल व आम आदमी पार्टी द्वारा जनहित में किये जा रहे कार्यो से प्रभावित होकर कांग्रेस छोड़कर आम आदमी पार्टी में शामिल हुई हैं।

तांत्रिक क्रिया के नाम पर 40 लाख की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। तांत्रिक क्रिया करने के नाम पर ऑनलाइन 40 लाख रुपए की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी लेखराम साहू 33 वर्ष सीतला मंदिर के पास पुरानी बस्ती का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी सेलून दुकान में गया था तभी उसका परिचय आरोपी ब्रम्हेव इंग्ले से हुआ। आरोपी ने अपने आप को तिरूपति बालाजी का पंडित होना बताया एवं प्रार्थी से परेशानी पूछकर आरोपी ने कहा कि परिवार वालो पर ग्रह दशा सहीं नहीं चल रही है। इसके लिए तांत्रिक क्रिया करना पड़ेगा।

हड़ताल से कार्यालयों में रहा कामकाज ठप्प

- महंगाई व गृहभाड़ा भत्ता समेत पांच सूत्रीय मांगों पर आवाज बुलंद किया
- मांगें पूर्ण नहीं होने पर करेंगे अनिश्चितकालीन हड़ताल

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले के शासकीय कर्मचारी महंगाई व गृहभाड़ा भत्ता समेत अपनी 5 सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर शुक्रवार को कामबंद हड़ताल पर रहे। जिससे शासकीय विभागों में कामकाज ठप रहा। स्वास्थ्य कर्मचारी और सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी पहले ही अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं।फलस्वरुप शासकीय विभागों की व्यवस्था शुक्रवार को बुरी तरह गड़बड़ा गई। जिसका खामियाजा जनता को भुगतना पड़ रहा है। शुक्रवार की सुबह जिले के हड़ताली शासकीय कर्मचारी हिंदी भवन के सामने जुटे और यहां छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा के बैनरतले धरना में बैठकर अपनी लंबित मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। धरना में शासकीय कर्मचारी नेताओं ने शासन व प्रशासन को चेतावनी भरे लहजे में कहा है कि अगर समय रहते शासन द्वारा लंबित मांगों पर सार्थक निर्णय नहीं लिया गया, तो वे 1 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा के मांगों में छठे वेतनमान के आधार पर देय गृहभाड़ा भत्ते को सातवें वेतनमान के आधार पर केंद्रीय दर पर पुनरीक्षित करने, राज्य के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केंद्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता स्वीकृत करने,पिंगुआ कमेटी एवं सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव की अध्यक्षता में वेतन विसंगति हेतु गठित समिति की रिपोर्ट को सार्वजनिक करने, कांग्रेस पार्टी की जन घोषणा पत्र के क्रियान्वयन हेतु कर्मचारियों को चार स्तरीय वेतनमान क्रमशः 8 ,16 24 एवं 30 वर्ष की सेवा अवधि उपरांत करने एवं अनियमित,संविदा एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का नियमितीकरण, पुरानी पेंशन का लाभ दिलाने हेतु प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना एवं पूर्ण पेंशन का लाभ अहर्तादायी सेवा 33 वर्ष के स्थान पर 25 वर्ष करना शामिल है। धरना में कर्मचारी नेताओं ने राज्य सरकार द्वारा कैबिनेट की बैठक में 5 प्रतिशत डीए में वृद्धि के फैसले पर आक्रोश जताया गया। उनका कहना था कि इस तरह की घोषणा कर राज्य सरकार ने शासकीय कर्मचारियों का अपमान किया है।कर्मचारी नेताओं ने बताया कि प्रदेश के 7 लाख कर्मचारी हड़ताल पर है। हड़ताल को 157 कर्मचारी संगठनों का समर्थन है। हड़ताल से 54 शासकीय विभागों में कामकाज ठप है। धरना उपरांत छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा द्वारा मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर अपनी 5 सूत्रीय मांगों से अवगत कराया गया। धरना में छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय संयोजक अनिल शुक्ला, दुर्ग संभाग प्रभारी राजेश चटर्जी, जिला संयोजक विजय लहरे, महासचिव अनुरूप साहू, छत्तीसगढ़ बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष वीएस राव, विजय प्रकाश मिश्रा, जगदेव भारती, आरएस उपाध्याय, महेश चंद्राकर, गौरीशंकर रावणा, हर्षवर्धन श्रीवास्तव, एके कनेरिया, आनंदमूर्ति झा, कमलेश राजपूत, बाबा चौहान, घनश्याम सोनी एसआर जायसवाल के अलावा न्यायिक कर्मचारी संघ, शिक्षक संघ, पेंशनर संघ व अन्य शासकीय कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी व सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए। महिला शासकीय कर्मचारियों ने भी हड़ताल में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

1 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल का अल्टीमेटम

अम्बागढ़ चौकी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर काम बंद कलम बंद कर एक दिवसीय आंदोलन पर रहे साथ ही मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन के नाम एसडीएम व तहसीलदार को ज्ञापन सौपा गया है। ज्ञात हो कि अभी छत्तीसगढ़ सरकार ने 6 जुलाई को कर्मचारी और अधिकारियों की डीए में पांच प्रतिशत और बढ़ोतरी की गई है लेकिन वही छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा इससे नाखुश है उनका कहना है उनकी पांच सूत्रीय प्रमुख मांगों में पहला मांग छठवें वेतनमान के आधार पर देय गृह भाड़ा भत्ते को सातवें वेतनमान के आधार पर केन्द्रीय दर पर पुनरीक्षित किया जावे।दूसरा में राज्य के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केन्द्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता स्वीकृत किया जावे।तीसरा में प्रदेश के कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर गठित पिंगुआ कमेटी एवं सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव की अध्यक्षता में वेतन विसंगति हेतु गठित समिति की रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जावे।चौथा मांग कांग्रेस पार्टी के जन घोषणा पत्र के क्रियान्वयन हेतु राज्य के समस्त कर्मचारियों को चार स्तरीय वेतनमान क्रमशः 08, 16, 24 एवं 30 वर्ष की सेवा अवधि उपरांत किया जावे एवं पेंशन का लाभ अर्हतादायी सेवा 33 वर्ष के स्थान पर 25 वर्ष किये जाने की बात कही है।

मोदी सरकार ने मुखर्जी के सपने को किया साकारः मधु

नवागढ़/नवप्रदेश। मानवता के उपासक प्रखर राष्ट्रवादी विचारक, महान शिक्षाविद और जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की भाजपाइयों ने 123 वीं जयंती मनाई। इस मौके पर नवागढ़ मण्डल के बूथों में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। भाजपा नवागढ़ मंडल की ओर से कटई शक्तिकेन्द्र के बुथ क्रमांक 89 व 90 में डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर भाजपाइयों ने माल्यार्पण कर जयंती मनाई। मण्डल अध्यक्ष चन्द्रपाल साहू ने कहा कि डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने जनसंघ स्थापना से सभी कार्यकर्ताओं को राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान बुथ अध्यक्ष वेदप्रकाश वर्मा व राजकुमार साहू, भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष सुरेश निषाद, शेषनारायण वर्मा, पेखनलाल वर्मा, कृपाल वर्मा, जगनाथ वर्मा, युगल वर्मा, आकाश वर्मा, शीतल वर्मा, मालिकराम वर्मा, चिंताराम साहू, तरुण साहू, कोदा यादव, सन्तु साहू, संजय वर्मा, सुरेश वर्मा, राजेन्द्र वर्मा, ध्वजा वर्मा, उमाशंकर वर्मा, अशोक वर्मा, गेंदलाल वर्मा सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

ट्रेन में यात्रियों का बैग चुराने वाले 3 पकड़ाए

भाटापारा/नवप्रदेश। शिवनाथ एक्सप्रेस में सफ़र के दौरान गोंदिया के पास एक महिला यात्री के बैग चोरी मामले मे संलिप्त 3 आरोपियो को आर पी एफ गोंदिया ने पकड़कर उनके कब्जे से एक नग मोबाइल और उसका हेड फ़ोन जब्त कर तीनो को जी आर पी गोंदिया के हवाले कर दिया है।पीड़ित महिला ने चोरी की सूचना जी आर पी रायपुर में दर्ज कराई थी। उपरोक्त संबंध में जानकारी अनुसार पंकज चुघ, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त, रेसूब दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे।यात्री सुरक्षा अभियान के तहत नागपुर मंडल टास्क टीम तथा अपराध गुप्तचर शाखा गोंदिया की खोजबीन एवं पतासाजी के दौरान गोंदिया स्टेशन के पश्चिमी आउटर के पास संदिग्ध अवस्था में घूम रहे तीनों लड़कों को घेरा बंदी कर पकड़ा गया और पुछताछ करने पर गुमराह करके भागने का प्रयास किए संदेह के आधार पर उन तीनों की तलाशी लेने पर उनमें से 01 लड़के के पेंट की जेब मे सिम लगा हुआ एक नग जामुनी रंग का एप्पल आईफोन 14 प्रो मैक्स कंपनी का मोबाइल तथा 01 नग एप्पल कंपनी का हेड फोन बरामद हुआ।

शिक्षा व्यवस्था को सरकार ने किया मजबूत : जंघेल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। खैरागढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक गिरवर जंघेल स्कूलों में आयोजित शाला प्रवेश उत्सव में बतौर अतिथि शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने स्कूली बच्चों का स्वागत किया और उन्हें बेहतर भविष्य निर्माण के लिए मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही। पूर्व विधायक जंघेल गंडई के कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में आयोजित संकुल स्तरीय प्रवेश उत्सव में पहुंचे, जहां कक्षा छठवीं व नवमीं की छात्राओं को माला पहनाकर उनका स्वागत किया। पूर्व विधायक जंघेल ने छात्राओं को तिलक लगाया और मिठाई खिलाकर नए शिक्षा सत्र की बधाई दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गिरवर जंघेल ने कहा कि आज प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों की तस्वीर बदली है। सीएम भूपेश बघेल ने स्कूलों की शिक्षण व्यवस्था को मजबूत और बेहतर करने कई अहम प्रयास किए हैं। यही वजह है कि कांग्रेस सरकार के दौरान सभी शासकीय स्कूलों में पढ़ाई का स्तर बेहतर हुआ है। आज दसवीं-बारहवीं की मेरिट सूची में नजर डालें तो प्रदेश से लेकर जिला स्तर के टाप टेन में ज्यादातर बच्चे शासकीय स्कूलों से ही हैं। यह साबित करता है कि हमारे शासकीय स्कूलों में पढ़ाई के स्तर में कितना सुधार हुआ है। यह सभी कांग्रेस सरकार में ही संभव हो पाया है। इसके बाद पूर्व विधायक गिरवर जंघेल आत्मानंद स्कूल गंडई और ग्राम ढाबा के स्कूल में आयोजित प्रवेश उत्सव समारोह में भी शिरकत की। जहां सभी बच्चों का उत्साह बढ़ाते ही शाला स्टाफ को भी बेहतर अध्यापन के लिए प्रेरित किया।

पूर्व मंत्री पाण्डेय के नेतृत्व में कांवरियों का दल होगा रवाना

भिलाई नगर/नवप्रदेश। सावन के पावन माह में बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए बाबा प्रेम कांवरिया संघ की यात्रा कल भिलाई से रवाना होगी। कांवरिया संघ के संरक्षक व प्रदेश के पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय के नेतृत्व में कल 100 से अधिक कांवरियों का दल सुल्तानगंज के लिए प्रस्थान करेगा।

तत्पश्चात उत्तरवाहिनी गंगा से कांवर में जल लेकर लगभग 120 किमी की पदयात्रा कर बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक किया जायेगा। बाबा प्रेम कांवरिया संघ के अध्यक्ष रमेश माने ने जानकारी देते हुए बताया कि संरक्षक प्रेमप्रकाश पाण्डेय के नेतृत्व में वर्ष 2001 से लगातार भिलाई से कांवरियों का जत्था बाबाधाम के लिए प्रस्थान करता है। विगत तीन वर्ष कोरोना महामारी की वजह से यह पदयात्रा स्थगित हो गई थी। उन्होंने बताया कि यात्रा का शुभारंभ पूर्व केबिनेट मंत्री पाण्डेय के निवास से प्रारंभ होगी। जिसका स्वागत सेक्टर 8 चौक, सेक्टर 10 चौक, सिविक सेंटर चौक में किया जायेगा तत्पश्चात गणेश मंदिर सेक्टर 5 में पूजा अर्चना की जायेगी। स्वागत के क्रम में कार्यकर्ताओं द्वारा 7 एम चौक, सेक्टर 5 चौक, सेक्टर 4 चौक, बीएसएनएल चौक सेक्टर 1, मुर्गा चौक, राज राजेश्वरी मंदिर पावर हाउस चौक, खुर्सीपार गेट, न्यू खुर्सीपार, सिरसा गेट, भिलाई तीन, चरोदा व कुम्हारी में भव्य स्वागत किया जायेगा।

प्रदर्शन के दौरान सरकार को कोसा

नगरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा द्वारा लंबित महंगाई भत्ता एवं सातवें वेतनमान के अनुरूप भाड़ा भत्ता सहित पांच सूत्रीय मांगों को लेकर 07 जुलाई शुक्रवार को रावण भाटा मैदान नगरी में धरना प्रदर्शन किया और पहलकर सरकार को जमकर कोसा है तथा रैली निकालकर मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौपा गया। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा ब्लॉक संयोजक डोमार सिंह ध्रुव ने कहा है कि कर्मचारी वर्ग लंबित महंगाई भत्ता तथा गृह भाड़ा भत्ता को लेकर लगातार संघर्षरत है ,बावजूद सरकार कर्मचारियों की मांगों को अनदेखी कर रही है । महंगाई भत्ता जो कर्मचारियों का हक है उन्हें देयतिथि से एरियर्स सहित नहीं दे रहा है इससे कर्मचारियों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है जिससे कर्मचारियों में बेहद आक्रोश व्याप्त है।आज भी राज्य के कर्मचारी केंद्र सरकार के कर्मचारियों से 4% महंगाई भत्ता पीछे हैं वही गृह भाड़ा भत्ता को भी सातवें वेतनमान के अनुरूप नहीं दिया जा रहा है ।यदि मांगे 31 जुलाई तक सरकार पूरी नहीं करती है तो प्रदेश समस्त कर्मचारी 01 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल में चले जायेंगे।संयुक्त मोर्चा के प्रमुख मांगों में सातवें वेतनमान के आधार पर एच आर ए पुनरीक्षित किया जावे।राज्य के कर्मचारियों को केंद्र के समान देयतिथि से महंगाई भत्ता स्वीकृत किया जावे ।वेतन विसंगति के लिए गठित पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने।कांग्रेस पार्टी के जन घोषणा पत्र अनुसार चार स्तरीय वेतनमान प्रदान करने।पुरानी पेंशन का लाभ प्रथम नियुक्ति से सेवागणना करने एवं पूर्ण पेंशन का लाभ अहर्तादायी सेवा 25 वर्ष करने तथा संविदा/दैनिकवेतनभोगी अनियमित कर्मचारियों को नियमितीकरण करना शामिल है।छग पेंशनर्स समाज एवम छग स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने धरना स्थल पर उपस्थित होकर समर्थन पत्र सौपा है छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा के आंदोलन में ब्लॉक संयोजक डोमार सिंह ध्रुव, यशवंत साहू अध्यक्ष वन कर्मचारी संघ,कर्मचारी कांग्रेस अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार साहू ,छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ अध्यक्ष महेंद्र कुमार बोड़ा,स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ अध्यक्ष तरुण कुमार साहू ,छत्तीसगढ़ कर्मचारी संघ अध्यक्ष रामकृष्ण ठाकुर ,शरीफ बेग मिर्जा अध्यक्ष सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन, पदुमलाल साहू अध्यक्ष संयुक्त शिक्षक संघ आदि उपस्थित थे।

ठेका श्रमिकों की मांग को लेकर प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

दल्लीराजहरा/नवप्रदेश। आईओसी राजहरा के ठेका श्रमिकों के कई महिनों से लंबित समस्याओं एवं मांगों का निराकरण करने के लिए हिंदुस्तान स्टील एंप्लाइज यूनियन (सीटू) राजहरा, छत्तीसगढ़ माइंस श्रमिक संघ राजहरा एवं संयुक्त खदान मजदूर संघ (एटक) राजहरा के संयुक्त तत्वधान में 06 जुलाई को दल्ली राजहरा माइन्स ऑफिस के सामने विशाल एवं जंगी आंदोलन किया गया। जिसमें खदान के श्रमिकों ने अपना काम काज नारेे के बाद बंद करके आंदोलन में अपना भागीदारी दिया। जिससे खदान का पूरा काम लगभग ठप हो गया। 04 घंटे के प्रदर्शन के पश्चात संयुक्त प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य महाप्रबंधक खदान एवं रावघाट भिलाई स्टील प्लांट भिलाई के नाम से मुख्य महाप्रबंधक आई ओ सी राजहरा को सभी मांगों के निराकरण के लिए अल्टीमेटम नोटिस सौंपा गया द्य मुख्य महाप्रबंधक आर बी गहरवार ने श्रमिक नेताओं से कहा कि प्रबंधन की अति शीघ्र उच्च स्तरीय बैठक कर शीघ्र आप लोगों को इसकी सूचना दी जाएगी तथा एक सप्ताह के अंदर इस विषय पर बैठक कर मांगों व समस्याओं का सकारात्मक निराकरण कर लिया जायेगा द्य श्रमिक संगठनों ने कहा कि आई ओ सी राजहरा के ठेका श्रमिकों की कई लंबित समस्याओं एवं मांगों का निराकरण के लिए 6 मार्च 2023 को ज्ञापन सौंपा गया था । जिसके 4 माह बीत जाने के बाद प्रबंधन की ओर से 24 जुलाई 2023 को यूनियन के साथ औपचारिक रूप से बैठक किया गया ।

सर्व छत्तीसगढ़िया समाज 17 को मनाएगा हरेली

उतई/नवप्रदेश। सर्व छत्तीसगढ़िया समाज की बैठक बाजार चौक दिनेश साहू के निवास उतई में रखी गई। इस बैठक में पारंपरिक हरेली तिहार 17 को मनाने का निर्णय लिया गया। समिति के कोषाध्यक्ष भोला चंद्राकर ने बताया की यह आयोजन विगत कई वर्षों से किया जा रहा और नगर सहित आस पास के ग्रामीण भी यहां होने छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों का आनंद लेते। कार्यक्रम उद्घाटन हल और कृषि औजारों का पूजा अर्चना के साथ होगा।इस मौके पर भीषम हिरवानी ,बहादुर सिंह नेताम, रविंद्र वर्मा, भोला चंद्राकर, दिनेश साहू, खुबी राम साहू, रोहित साहू ,कुमार साहू, केडी मानिकपुरी, मोतीलाल वर्मा, भावेश साहू, मुकेश साहू, किशोर साहू, अशोक सिन्हा, नारायण गायकवाड़ ,डॉ प्रेमलाल पटेल द्वारिका साहू,बैसाखू सिन्हा, मूलचंद सिन्हा सहित सभी समाज के सदस्य उपस्थिति रहे।

सरयू साहित्य की रचनात्मकता में जुड़ा एक नया आयाम

भाटापारा/नवप्रदेश। सरयू साहित्य परिषद द्वारा जहां एक ओर विभिन्न रचनात्मक आयोजनों के माध्यम से समय समय पर समाज के लिए प्रेरणादायी विविध संदेशों का प्रसारण किया जाता है वही प्रतिवर्ष होने वाले रामायण ज्ञान परीक्षा के माध्यम से रामचरित को घर घर तक पहुंचाने का अभियान भी जारी है।इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए परिषद द्वारा 16अप्रैल से प्रत्येक रविवार को मानस गान आख्यान का भी शुभारंभ किया गया है।

शाला प्रवेशोत्सव में बच्चों को मुंह मीठा कराया गया

नगरी-बेलरगांव/नवप्रदेश। बेलरगांव तहसील के ग्राम पंचायत बेलरगांव के आश्रित ग्राम डोमपदर के शासकीय प्राथमिक शाला में शाला प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने मां सरस्वती माता की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत मुह मीठा कराकर,गुलाल लगाकर,टोपी मुकुट पहनाकर साथ ही बच्चों को गणवेश वं पुस्तक वितरण किया।जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी दिनेश्वरी नेताम, अध्यक्षता संकुल प्रभारी संकुल केन्द्र बेलरगांव एस.एल.कश्यप, विशिष्ट अतिथि जनपद उपाध्यक्ष हुमित लिमजा,अध्यक्ष भाजपा मंडल बेलरगांव अकबर कश्यप, सांसद प्रतिनिधि जनपद पंचायत नगरी मोहन पुजारी,मंडल महामंत्री मनोहर मानिकपुरी,वार्ड पंच पुष्पलता ध्रुव, ग्राम सभा अध्यक्ष तुलसीबाई नेताम आदि मौजूद थे।

सुशील की कोशिशों से मिली नई मंडी

भाटापारा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने घोषणाओं के अनरूप भाटापारा नगर के लिए नया उपमंडी प्रांगण का क्षेत्र निर्धारित कर अधिसूचित कर दी गयी है। ये भाटापारा कृषि उपज मंडी समिति के अध्यक्ष सुशील शर्मा के सतत प्रयासो से ही संभव हो पाया है। शासन से आदेशानुसार क्र. /2725/एफ 02/11/2013 / 14-2: छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी अधिनियम, 1972 (क्र. 24 सन् 1973) की धारा 5 की उप-धारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार एतद्द्वारा, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक 7413 / 7651 / 14-1, भोपाल, दिनांक 16.10.1964 द्वारा स्थापित कृषि उपज मण्डी समिति भाटापारा तत्कालीन जिला - रायपुर, वर्तमान जिला - बलौदा बाजार भाटापारा के अंतर्गत मंडी क्षेत्र के निम्नांकित स्थान, जिसमें समस्त संरचना,अहाता, खुला स्थान या परिक्षेत्र आता है,को राजपत्र में इसके प्रकाशन की तिथि से, उपमण्डी प्रांगण घोषित किया गया है।

जिसमे स्थान ग्राम- कोडापार, पटवारी हल्का नं. 14, राजस्व निरीक्षक मण्डल खोखली, तहसील भाटापारा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में स्थित खसरा क्रमांक 42 (सड़क के दक्षिणी भाग), खसरा क्रमांक 43, 44, 45, 46,47 (सड़क के दक्षिण भाग), खसरा क्रमांक 62 (सड़क के दक्षिण भाग) एवं खसरा क्रमांक 63 (सड़क के दक्षिण भाग), रकबा लगभग 14.180 हेक्टेयर भूमि का क्षेत्र, जिसके उत्तर दिशा में ग्राम कोडापार,पक्की सड़क,रविन्द्र पिता दुखुवा - खसरा क्रमांक 69/2 (3) आशीन वगैरह - खसरा क्रमांक 60 निहाली राम ध्रुव - खसरा क्रमांक 55 दक्षिण दिशा में ग्राम सेमरिया -श्रीमती दुर्गेश नंदनी - खसरा क्रमांक 04, पूर्व दिशा में ग्राम बीजाभाठ, फूलसिंग पिता कोलवा, खसरा क्रमांक 65, सुनील जसवानी - खसरा क्रमांक 16 / 1पश्चिम दिशा में-ग्राम मुढ़ीपार एवं खोखली, राज्य शासन- कृषि महाविद्यालय शामिल है।

बूथ चलो अभियान की शुरूआत

आरंग/नवप्रदेश। कांग्रेस की भूपेश सरकार के द्वारा किये गये विकास कार्यों तथा लोक कल्याणकारी योजनाओं की सफलताओं के साथ साढ़े चार साल के विकास कार्यों एवं चुनावी घोषणा पत्र में किये गये लगभग सभी वादों को पूर्ण किये जाने पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा संभागवार बूथ चलो अभियान चलाया जा रहा। इस अभियान के माध्यम से कांग्रेस पार्टी जनता के बीच जाकर कांग्रेस सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच रखेगी। इसी कड़ी में शहर कांग्रेस कमेटी आरंग के द्वारा राजीव भवन आरंग में बूथ चलो अभियान के विधानसभा प्रभारी शिशुपाल सोरी विधायक कांकेर कोसरे महापौर चरौदा की उपस्थिति में इस अभियान का आयोजन किया गया।

NAME CHANGE

I Nanhu Singh Thakur S/o Gajendra Singh Thakur R/o Shitla Road, Dabra Para, Sant Ravidas Ward No-70, Sarona, raipur, Tatibandh, Chhattisgarh-492099, have changed my name to Takeshwar Singh Thakur.

हुनर से मिली गीता को अलग पहचान

■ महिला स्व सहायता समूह में बह रही परिर्वतन की बयार

दुर्ग/नवप्रदेश। परिवर्तन महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं ने आज भीड़ में अलग पहचान बनाने में सफ्ल हो रही है। समूह की महिलाओं की हाथों में हुनर है और वैज्ञानिक तथा तकनीकि कामों में दक्ष हो गई है। इस हुनर से समूहों को अलग पहचान मिल रही है। विगत दिनों प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने भेट मुलाकात कार्यक्रम में शामिल होने दुर्ग पहुंचे थे । इस दौरान परिवर्तन महिला स्व सहायता समूह की अध्यक्ष गीता राजपूत ने समूह के बारे में विस्तृत जानकारी दी । वही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गीता राजपूत की बेबाकी से बेहद गदगद नजर आए, जो काफी दिनों तक चर्चा का विषय बना रहा । आपके बता दे कि दुर्ग जिले के बघेरा निवासी गीता राजपूत की अध्यक्षता में स्व सहायता महिला समूह परिवर्तन संचालित हो रही है । उनके नेतृत्व में महिला समूह के सदस्यों के जीवन में परिवर्तन की बयार बह रही है । इस समूह की महिलाए कई तरह की प्रोडक्ट बना रही है । धान का दुल्हन सेट, धान का बैच, गोबर का दिया, गणवेश सिलाई, रंगोली, तिली के लड्डू , वाशिंग पावडर, हर्बल गुलाल, धूपबत्ती, फिनाइल, मौली धागा की

राखी, धान की राखी, चावल की राखी, रुद्राक्ष की राखी, गोबर की राखी आदि । परिर्वतन महिला स्व सहायता समूह की अध्यक्ष गीता राजपूत ने बताया कि स्व सहायता समूह के एक एक समूह में 10 से 12 सदस्य जुड़े हुए है । हमारी महिला स्व सहायता समूह के माध्यम बहुत सारी महिला समूह का गठन हुआ है इसमें हर समूह में कुछ न कुछ बनाने का काम चल रहा है । हमारा जो एक समूह है उसमे स्वास्थ केन्द्र बघेरा में पीएससी में खाना सप्लाई होता था । मरीजों के लिए हमारी समूह में गणवेश सिलाई भी किया गया था । प्रतिवर्ष गणेश चतुर्थी से लेकर दीपावली तक रंगोली का कार्य भी किया जाता है । गीता राजपूत ने आगे बताया कि जनवरी माह में तिली लड्डू बनाया जाता है अभी सिलाई का कार्य चल रहा है ध्वज सिलाई के साथ ही होली में हर्बल गुलाल भी बनाया गया था । धूपबत्ती का निमार्ण भी किए है और हमारी एक और समूह है जो वाशिंग पावडर भी बना रही है । अब हम चाहते है कि हमारा प्रोडक्ट मार्केट तक पहुंचे। और सभी महिलाए कई तरह के प्रोडक्ट का निर्माण कर अपने आय का जरिया दुगुना बना सके। हमारा प्रयास है हर महिलाओ को आत्मनिर्भर करना है और उनके लिए आय का जरिया उत्पन्न करना है।

15 हितग्राहियों को मिला आवास

■ बेटे ने निकाली लॉटरी, मिला ग्राऊंड फ्लोर में आवास

रिसाली/नवप्रदेश। रिसाली निगम के लक्ष्मीनगर में बने प्रधानमंत्री आवास का आवंटन लॉटरी निकालकर किया गया। एक हितग्राही ने अपने तीन साल के मासूम बेटे से लॉटरी पर्ची निकलवाया। उसे भूतल में आवास मिला। महापौर शशि सिन्हा की अध्यक्षता में 15 हितग्राहियों को आवास आवंटन किया गया। मोर मकान मोर आस घटक के तहत नगर पालिक निगम रिसाली के लक्ष्मीनगर में बने आवास का आवंटन आयुक्त आशीष देवांगन के मार्गदर्शन में किया गया। हितग्राहियों की संख्या कम होने की वजह से 36 आवास में केवल 15 का आवंटन किया गया। महापौर की अध्यक्षता में निकाली गई लॉटरी में हितग्राहियों ने स्वयं आवास क्रमांक की पर्ची निकाली। एक हितग्राही ने अपने अबोध बेटे से पर्ची निकलवाया। उसे ग्राऊंड फ्लोर में आवास मिला। इस अवसर पर महापौर ने रिसाली निगम में प्रथम बार हुए आवास आवंटन के लिए हितग्राहियों को बधाई दी। प्रक्रिया में विशेष रूप से महापौर परिषद के सद्स्य अनुप डे, पार्षद संजू नेताम, निगम सचिव रोहित साहू, प्रधानमंत्री आवास के जीवन ताम्रकार, आदित्य शर्मा, राजकुमारी बघेल आदि उपस्थित थे।

इन्हें मिला आवास-गिरेन्द्र कुमार चन्द्राकर, रामकुमार साहू, खिलेश महानंद, योगेश्वरी देशमुख, शेखर प्रसाद देशमुख, विभा सिंह, सोहन लाल कसेर, देवेन्द्र कुमार यादव, ज्ञान सिंह ठाकुर, सुनैना मेश्राम, पवन कुमार, नंदेश्वर, चन्द्रहास साहू, संतुराम ठाकुर, कमलेश बाई ठाकुर।

36 आवास में केवल 15 का आवंटन

उल्लेखनीय है कि लक्ष्मीनगर में 36 आवास बनाए गए है। 15 हितग्राहियों द्वारा अग्रिम 10 प्रतिशत राशि 36100 रूपए जमा कर पाए थे। निर्धारित समय पर राशि जमा करने वालों का नाम लॉटरी में शामिल किया गया था। शेष आवास का आवंटन दूसरे चरण में की जावेगी।

कर्मचारियों के प्रदर्शन से कार्यालय में सन्नाटा

रिसाली/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रिसाली के कर्मचारी शुक्रवार को धरना देते गेट पर ही बैठे रहे। इस दौरान कार्यालय में सन्नाटा पसरा रहा। आयुक्त आशीष देवांगन कार्यालय पहुंचे और प्लेसमेंट कर्मचारियों से रूटिन का कार्य कराया।

अपनी मांगों को लेकर निगम कर्मचारी सुबह 10 बजे से मुख्य गेट पर जमा हो गए थे। इस दौरान उन्होंने मांग क्यो जायज है इस पर नुक्कड़ सभा भी की। कर्मचारियों ने मांग पूरा करने नारे भी लगाए। कर्मचारियों का कहना था कि वे नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराते है, लेकिन उन्हे वाजिब हक नहीं मिल रहा है। सरकार उन्हें उपेक्षित कर रही है। प्रदर्शनकारियों में स्वायत्तशासी शासकीय कर्मचारी संघ रिसाली के अध्यक्ष गोपाल सिन्हा, पूर्व अध्यक्ष जगरनाथ कुशवाहा, चंद्रपाल हरमुख के अलावा नलनिश मिश्रा, विवेकरंगनाथ, किरण वर्मा, अखिलेश वर्मा, कमलेश, टेकराम आदि उपस्थित थे।

कार्य नहीं हुआ बाधित : आंदोलन का असर रिसाली निगम क्षेत्र के दैनिक कार्य जैसे साफसफाई व जल प्रदाय बाधित नहीं हुआ। कार्य की जिम्मेदारी एक दिन पूर्व ही प्लेसमेंट के तहत कार्य करने वाले कर्मचारियों को दे दी गई थी।

भिलाई में दो अभियंताओं को मिली पदोन्नति

■ आयुक्त ने जारी किया आदेश, संजय बागड़े और संजय अग्रवाल को मिला प्रमोशन

भिलाई/नवप्रदेश। नगर निगम आयुक्त रोहित व्यास ने दो अभियंताओं को पदोन्नति देने का आदेश जारी कर दिया है। कार्यपालन अभियंता संजय बागड़े को अधीक्षण अभियंता पद पर पदोन्नति मिली है साथ ही सहायक अभियंता संजय अग्रवाल को कार्यपालन अभियंता पद पर पदोन्नत किया गया है। आदेश जारी होने के 15 दिन के अंदर पदोन्नत पद पर इन्हें कार्यभार ग्रहण करना होगा अन्यथा पदोन्नत आदेश स्वयं निरस्त माना जाएगा। आयुक्त ने कुछ कर्मचारियों को अतिरिक्त दायित्व भी सौंपा है इसके तहत स्वास्थ्य विभाग में कार्यालय कार्यों के सुचारू रूप से संचालन के लिए संजय कुमार शर्मा अधीक्षण अभियंता एवं आर एस राजपूत कार्यपालन अभियंता को उनके वर्तमान कार्यों के साथ-साथ जन स्वास्थ्य विभाग का दायित्व सौंपा गया है। दुर्ग जिला अर्बन पब्लिक सर्विस सोसायटी, सिटी बस योजना, मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना, धनवंतरी जेनेरिक

मेडिकल स्टोर योजना, लोक सेवा गारंटी, निदान 1100, ई गवर्नेंस, पीएम गति शक्ति योजना के लिए डीके वर्मा अधीक्षण अभियंता को नोडल अधिकारी एवं अजय सिंह गौर सहायक अभियंता को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। कंप्यूटर शाखा के कार्यालयीन कार्यो को सुचारू रूप से संचालन के लिए दीपक कुमार जोशी अधीक्षण अभियंता एवं वेशराम सिन्हा कार्यपालन अभियंता को उनके वर्तमान कार्यो के साथ-साथ कंप्यूटर शाखा का समस्त दायित्व सौंपा गया है। विधानसभा से संबंधित शासन को जानकारी भेजने के लिए प्रकाश मिश्रा सहायक अभियंता को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इन सभी का आदेश निगम आयुक्त रोहित व्यास ने जारी कर दिया है।

शिक्षकों को नवपहल अग्रदूत सम्मान से नवाजा गया

■ प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर परिणाम देने वाले शिक्षकों का सम्मान

कुम्हारी/नवप्रदेश। धमधा विकास खंड स्तरीय नवपहल अग्रदूत सम्मान कार्यक्रम का आयोजन स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुम्हारी के सभागार में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ध्रुव सरिता शर्मा समाजसेवी रायपुर , डॉ . बी . रघु सहायक संचालक एवं विकास खंड नोडल अधिकारी धमधा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय दुर्ग की अध्यक्षता एवं लता रघु कुमार प्राचार्य सेजेस कुम्हारी ,महावीर वर्मा बी आर सी धमधा, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी कैलाश साहू ,संगीता देवांगन,बेनीराम वर्मा की उपस्थिति में माँ शारदे की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं सरस्वती वंदना कर किया गया। डॉ बी रघु ने नवपहल कार्यक्रम के संबंध में बताते हुए कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग के प्रत्येक सदस्य एवं समुदाय के स्वपहल से विकासखंड धमधा में विद्यालयीन शिक्षा में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु समस्त जनप्रतिनिधि ,नागरिक ,पालक ,छात्र ,शिक्षक गण,शैक्षिक प्रशासकगणों के स्वपनों संकल्पों को पूर्ण करने हेतु समग्र सद्प्रयास की परिकल्पना है। धमधा विकासखंड में विगत वर्ष शिक्षकों के द्वारा किये कार्यों की प्रसंशा करते हुए कहा कि शिक्षकों की श्रम निष्ठा

वन्दनीय है। बच्चों के शैक्षिक एवं सर्वांगीण विकास तथा उनकी उपलब्धियों की नींव पर ही विकासखंड धमधा आज दुर्ग जिला ही नहीं बल्कि प्रदेश में अपना अलग स्थान बनाने में सफल रहा है। विभाग अपने कर्मचारियों को जितनी तत्परता से दंडित करता है उतनी तत्परता से सम्मानित नहीं करता,आज कर्तव्यनिष्ठ शिक्षकों को सम्मानित करने की आवश्यकता है। अनुकूल परिस्थितियों में तो सभी कार्य करते है आवश्यकता है प्रतिकूल परिस्थितियों में कार्य कर बेहतर करने की। डॉ बी रघु सहायक संचालक जिला शिक्षा कार्यालय दुर्ग एवं नोडल अधिकारी धमधा । कार्यक्रम में राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृति हस्र्स्श्च परीक्षा में चयनित संस्था के 148 एव जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में चयनित संस्था के शिक्षकों 38 तथा नवपहल अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले100 से अधिक शिक्षकों प्राचार्य एवं संकुल शैक्षिक समन्वयकों को मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र प्रदाय कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कुम्हारी संकुल शैक्षिक समन्वयक मदन लाल साहू एवं आभार बी आर सी धमधा महावीर वर्मा ने किये। कार्यक्रम में धमधा विकासखंड अंतर्गत सभी संकुल शैक्षिक समन्वयक सिद्धार्थ सिंह भुवाल, पवन सिंह ,लेखराम साहू ,निरेश पिपरिया मदन लाल साहू ,टीकम वर्मा किशोर तिवारी केशव पटेल चित्रेन पटेल सूर्यकांत हर्देल दधीचि सिंह इनुराम पटेल एवं शिक्षकों सह समाजसेवी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई

■ मुखर्जी सपनों को साकार कर रहे पीएम मोदी : जितेंद्र वर्मा

दुर्ग/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के संस्थापकों में से एक महान शिक्षाविद एक निशान, एक विधान, एक प्रधान के प्रणेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जयंती के अवसर पर दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल की प्रमुख उपस्थिति में दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा के नेतृत्व में डॉ. मुखर्जी के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर मनाया गया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला महामंत्री ललित चंद्राकर, सुरेंद्र कौशिक उपाध्यक्ष दिलीप साहू, विनायक नातू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। वरिष्ठ नेताओं के द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर विस्तारपूर्वक वर्णन करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला । इस अवसर पर लोकसभा सांसद विजय बघेल ने कहा कि भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन काल राष्ट्रवाद और एक निशान, एक विधान, एक प्रधान के लिए समर्पित किया। डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने स्वेच्छा से अलख जगाने के उद्देश्य से राजनीति में प्रवेश किया। डॉ. मुखर्जी सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक और सिद्धान्तवादी थे। जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी इस धारणा के प्रबल समर्थक थे कि सांस्कृतिक दृष्टि से हम सब एक हैं। इसलिए धर्म के आधार पर वे विभाजन के कट्टर विरोधी थे। वे मानते थे कि विभाजन सम्बन्धी उत्पन्न हुई परिस्थिति ऐतिहासिक और सामाजिक कारणों से थी ऐसे महान विचारक के जन्म जयंती के अवसर पर मैं संपूर्ण भारतीय जनता पार्टी के तरफसे उन्हें नमन करता हूं और भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ताओं से आग्रह करता हूं उनके बताए हुए मार्ग पर आप सभी चलें।

राज्य शासन सहकारी समितियों को ब्याज अनुदान की राशि अग्रिम में भुगतान करे : विशाल देशमुख

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के उपाध्यक्ष एवं पिछड़ा वर्ग सलाहकार परिषद के सदस्य विशाल देशमुख ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से भेंट कर ज्ञापन सौंप कर कहा कि प्रदेश के सहकारी समितियों को घाटे से उबारने के लिए कारोबारी वित्तीय वर्ष 31 मार्च तक ब्याज अनुदान की अनुमानित राशि 75 प्रतिशत उसी वित्तीय वर्ष में भुगतान करने की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को कृषि ऋण जीरों प्रतिशत ब्याज पर दिया जाता हैं। जिसकी ब्याज अंतर की राशि शासन द्वारा समितियों को दूसरे वित्तीय वर्ष में आडिट होने के पश्चात ब्याज अनुदान के रूप में प्रदाय किया जाता है।

न्यायालय तहसीलदार अं. चौकी जिला मोहला-मानपुर-अं. चौकी (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202306300600013 / वर्ष 2022-2023

विषय:- अ-19 (4) (कृषि योग्य भूमि से सम्बन्धी अन्य मामले)

श्रीमती रेवती बाई देवांगन पति नितिन कुमार देवांगन निवासी अं.चौकी (वार्डनं. 008) तहसील अं.चौकी, जिला - मोहला मानपुर अं. चौकी (छ.ग.) एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रेवती बाई देवांगन पति नितिन कुमार देवांगन जाति कोष्टा, निवासी अं.चौकी, (वार्ड नं 008) तहसील अं. चौकी, जिला मोहला मानपुर अं. चौकी, (छ.ग.) का निवासी हूँ। मेरे द्वारा अं. चौकी स्थित शासकीय भूमि खसरा नं. 205/6 का टु. रकबा 468 वर्गफीट मकान बनाकर विगत वर्षो से काबिज हूँ। उक्त शासकीय भूमि के संबंध में व्यवस्थापन के समय प्रब्याजी का निर्धारण कर भूमि स्वामी अधिकार में प्राप्त करने हेतु सहमति बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति का दावा-आपत्ति हो तो इस न्यायालय में पेशी दिनांक 20/06/2023 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम अपना दावा-आपत्ति पेश कर सकते है। सिमयावधि पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05/6/2023 को जारी किया गया।

सील | **तहसीलदार अ. चौकी**

न्यायालय तहसीलदार अहिवारा, तहसील अहिवारा, जिला दुर्ग (छ.ग.)

क्रमांक / 202307104000004 / अ-6/2022-23

मौजा:- पथरिया प.ह.नं. - 08

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेश कुमार ठाकुर आ. शिवराज सिंह ठाकुर जाति गोंड, साकिन पथरिया तहसील अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा वसीयतनामा की छायाप्रति पेश किया है जिसके अनुसार मौजा पथरिया, प.ह.न. 08 रा.नि.मं. दारगांव, तहसील अहिवारा में स्थित भूमि खसरा नंबर 533, 542, 757, 915 रकबा क्रमशः 0.11, 0.04 0.60, 0.42 हे. राजस्व अभिलेख में भगया बाई बेवा हरीराम गोंड के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है, उक्त भूमि के भूधारक द्वारा अपने जीवनकाल में उक्त भूमि का पंजीकृत वसीयतनामा विलेख दिनांक 07.05.1997 को आवेदक के पक्ष में किया गया है, भूधारक/वसीयतकर्ता की मृत्यु दिनॉक 07.11.2014 को हो गया है। वसीयतनामा के आधार पर आवेदित भूमि से वसीयतकर्ता का नाम विलोपित कर वसीयतप्राप्तकर्ता का नाम दर्ज करने हेतु निवेदन कर वसीयतनामा विलेख की छायाप्रति, वादभूमि का नकल, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति आदि दस्तावेज सहित इस न्यायालय में निवेदन किया गया है।

अतएवं इस आवेदन के संबंध में विधिक आपत्तियों/दावा रखने वाला व्यक्ति/संस्था, स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 21.07.2023 को स्थान तहसील अहिवारा में लिखित आवेदन कर निवेदित कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक 04.07.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील-मुहर से जारी किया गया है।

सुनवाई तिथि :-21.07.2023

जारी दिनांक :- 04.07.2023

सील | **तहसीलदार अहिवारा**

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग -1 (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. /अ-6/ वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सूर्याश चन्द्राकर पिता श्री दिनेश कुमार चन्द्राकर विरूद्ध छ.ग. शासन वसीयतकर्ता बाबूलाल आवेदक के दादाजी है। आवेदक के दादा बाबूलाल पिता रामभरोसा के नाम पर मौजा घुघसीडीह प.ह.नं. 58 स्थि भूमि खसरा नंबर 451/1 रकबा 1.80 हे. भूमि भूमिस्वामी हक में दर्ज है। आवेदक के दादा/वसीयतकर्ता बाबूलाल पिता रामभरोसा का स्वर्गवास दिनांक 05.06.2023 को अत्यंत वृद्धावस्था में हो चुका है। आवेदक के दादा जी बाबूलाल पिता रामभरोसा ने अपने जीवनकाल में एवं अपनी स्वेच्छा से बिना किसी डर, भय, दबाव के स्वस्थचिंत हालत में अपने भूमिस्वामी हक की जमीन मौजा ग्राम घुघसीडीह प.ह.नं. 58 स्थित भूमि खसरा नंबर 451/1 रकबा 1.80 हे. भूमि मे से 0.80 हे. भूमि को आवेदक के पक्ष में दिनांक 07.01.2022 को पंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। जिसका पुस्तक क्रमांक 3, ग्रंथ क्रमांक 377 पृष्ठ क्रमांक 66 से 83 विलेख क्रमांक 191 है। पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर वसीयतनामांतरण किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 21.07.23 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 6.7.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील | **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. /अ-6/ वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रश्मि चन्द्राकर ध.प. श्री दिनेश कुमार चन्द्राकर निवासी- ग्राम घुघसीडीह तह. व जिला दुर्ग विरूद्ध छ.ग. शासन वसीयतकर्ता बाबूलाल आवेदिका के ससुर जी है। आवेदक के ससुर बाबूलाल पिता रामभरोसा के नाम पर मौजा घुघसीडीह प.ह.नं. 58 स्थि भूमि खसरा नंबर 451/1 रकबा 1.80 हे. भूमि भूमिस्वामी हक में दर्ज है। आवेदिका के ससुर/वसीयतकर्ता बाबूलाल पिता रामभरोसा का स्वर्गवास दिनांक 05.06.2023 को अत्यंत वृद्धावस्था में हो चुका है। आवेदिका के ससुर जी बाबूलाल पिता रामभरोसा ने अपने जीवनकाल में एवं अपनी स्वेच्छा से बिना किसी डर, भय, दबाव के स्वस्थचिंत हालत में अपने भूमिस्वामी हक की जमीन मौजा ग्राम घुघसीडीह प.ह.नं. 58 स्थित भूमि खसरा नंबर 451/1 रकबा 1.80 हे. भूमि मे से 1.00 हे. भूमि को आवेदक के पक्ष में दिनांक 07.01.2022 को पंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। जिसका पुस्तक कमांक 3, ग्रंथ क्रमांक 377 पृष्ठ क्रमांक 84 से 101 विलेख क्रमांक 192 है। पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर वसीयतनामांतरण किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 21/7/23 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर

लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 6.7.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील | **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

कार्यालय सम्पदा अधिकारी

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर

email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा टाटीबंध कालोनी, रायपुर में निर्मित जनता भवन योजना के अंतर्गत, दुकानों/ भूखण्डों/भवनों में से भूखण्ड/भवन क्रमांक जनता-31 श्रीमति कांता बाज़ारी पिता/पति श्री नत्थू राम बजारी को भाडाक्रय/पूर्णमूल्य आधार पर आवंटित किया गया है। आवटी द्वारा दिनांक 12.1.2002 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 28.4.23 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन श्री/श्रीमती ज्योत्सना पटेल पिता/पति श्री बृजलाल पटेल के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की हैं। अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र - 01
कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय संपदा अधिकारी

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)

फोन नं. 0771-2436320

email ID: eocghbzone2@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजनांतर्गत धनसुली, रायपुर में स्थित भवन क्रमांक एल.आई.जी.-343, (1) श्रीमती निशा मसीह पति स्व. श्री जार्ज मसीह एवं (2) सुश्री जागृति मसीह पिता स्व. श्री जार्ज मसीह, के नाम से स्ववित्तिय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन की लीजडीड दिनांक 26.04.2010 पंजीकृत कराने उपरान्त भवन की पूर्ण राशि जमाकर दिनांक 09.06.2011 को आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है, वर्तमान में आवंटी (1) श्रीमती निशा मसीह पति स्व. श्री जार्ज मसीह एवं (2) सुश्री जागृति मसीह पिता स्व. श्री जार्ज मसीह, दोनो निवासी- पुलिस लाईन पेंशन बाड़ा, होलीकास स्कूल के पीछे, थाना सिटी कोतवाली, रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को केता धर्वेन्द्र कुमार पिता श्री हरि राम निवासी धनसुली, थाना विधानसभा रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) के नाम से विक्रय करने के लिये इस कार्यालय में अपना आवेदन, अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर विकय अनापत्ति पत्र (NOC) की मांग की गई है।

अतः उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र- 2, रायपुर,

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-03, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

पक्षकार का नाम -पंकज कुमार साहू

आनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202304104300083

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक पंकज कुमार साहू पिता पूरन लाल साहू निवासी ग्राम उरला तहसील भिलाई-3 जिला दुर्ग द्वारा द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172/59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
चोरहा प.ह.नं. 11 तह. भिलाई 3, जिला दुर्ग	204/6	0.0100 हे. 1150 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन एक सप्ताह तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 27.04.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर | **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग**

न्यायालय तहसीलदार पिपरिया, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार

ई कोर्ट क्र. ब-121 वर्ष 2022-23

ग्राम- जैतपुरी

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिक उदल पिता शत्रुहन चौहान निवासी ग्राम जैतपुरी तहसील पिपरिया, जिला कबीरधाम के द्वारा अपने पुत्र आकाश के लिए केन्द्र सरकार के अंतर्गत शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश होने हेतु आर्थिक आधार पर आरक्षण का प्रमाण पत्र प्रदाय किए जाने हेतु आवेदनमय शपथ पत्र, शैक्षणिक दस्तावेज व आय के संबंध में पटवारी प्रतिवेदन सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत पेशी तिथि तक अपना दावा/ आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10.05.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 10.5.2023 | **तहसीलदार**
पेशी दिनांक 24.5.2023 | **पिपरिया**

न्यायालय तहसीलदार धमधा, जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./ 202303100800007 / अ-65 / वर्ष-2022- 2023

ग्राम रुहा प.ह.नं. 15

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक सरपंच ग्राम पंचायत रूहा विकास खण्ड धमधा के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी धमधा के समक्ष आवेदन पेश कर निवेदन किया गया है कि ग्राम सभा रूहा के प्रस्ताव क्र. 2 दिनांक 2.1.2023 एवं प्रस्ताव क्रमांक 4 दिनांक 7.3.202 की प्रतिलिपि संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम रूहा स्थित शासकीय भूमि खसरा क्रमांक- 96 और 97 रकबा 0.17 एवं 0.41 हेक्टेयर भूमि को आबादी घोषित कर आवास दिलाये जाने बाबत् पेश किया गया है। जो कि प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

यदि जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त भूमि का आबादी भूमि घोषित किये जाने से कोई आपत्ति दावा या उजर हो तो स्वयं स न्यायालय में पेशी दिनांक 9.6.2023 को लिखित में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत ति के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

जारी दिनांक 11.5.2023

पेशी दिनांक 9.6.2023

सील | **तहसीलदार धमधा**

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, रायपुर

// बिजली बंद की सूचना //

समस्त सम्मानीय उच्चदाव एवं निम्नदाब उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि रायपुर (ग्रा) उपसंभाग के अंतर्गत आने वाले निम्नलिखित 33/11 के.व्ही. विद्युत लाईन की विधानसभा मानसू पूर्व मेंटनेंस एवं अति आवश्यक रखरखाव कार्य किए जाएंगे इस हेतु सुबह 10.00 से शाम 05.00 बजे तक विद्युत प्रवाह बंद रहेगा, जिसके कारण उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त फीडर एवं दर्शित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति अवरूद्ध रहेगी। आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

क्र.	फीडर का नाम	दिनांक	प्रभावित क्षेत्र
01	33 के.व्ही. बीरगांव-मंदिर हसौद फीडर। (132 के.व्ही. बीरगांव से विधानसभा तक)	08/07/2023 (दिन-शनिवार)	छपोरा सब स्टेशन से निकलने वाले ग्राम- भूरकोनी, टेकारी, सेमरिया, नरदहा, छपोरा, लालपुर नेउनडीह, बरबंदा, कूंद्रापारा, योगेन्द्र नगर के समस्त फीडर एवं उपभोक्ता।
02	33 के.व्ही. कचना-विधानसभा फीडर। (132 के.व्ही. कचना से विधानसभा तक)	10.07.2023 (दिन-सोमवार)	33 एजी आडिट ऑफिस 33/11 के.व्ही. के अंतर्गत विधान-नगर, जिरो पाइंट, ज्ञान गंगा स्कूल, ब्राईक्टन स्कूल, ग्राम- बरौदा एवं संकरी के समस्त उपभोक्ता।
03	33 के.व्ही. बीरगांव-मंदिर हसौद फीडर। (132 के.व्ही. बीरगांव से विधानसभा तक)	11/7/2023 (दिन-मंगलवार)	छपोरा सब स्टेशन से निकलने वाले ग्राम- भूरकोनी, टेकारी, सेमरिया, नरदहा, छपोरा, लालपुर, नेउनडीह, बरबंदा, कूंदापारा, योगेन्द्र नगर के समस्त फीडर एवं उपभोक्ता।

''विद्युत संबंधित शिकायतें केन्द्रीयकृत कॉल सेन्टर के फोन नं. 1912 पर दर्ज कराएं।''

असुविधा के लिए खेद है

कार्यपालन यंत्री (सचा./संधा) संभाग
छ.ग.स्टेट पॉ.डि.कं. लि., रायपुर

''विद्युत चोरी एक दण्डनीय अपराध है कृपया इससे बचें''
''स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचाइए''

केनरा बैंक Canara Bank | **शाखाः देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)**

सूचना

नोट- मेसर्स क्रियेटिव इंटरप्राईजेस- आपके **खाता क्रमांक- 3705285000008** से जुड़ी प्रतिभूति से चल संपत्ति हटाने बात् । आपका उपरोक्त खाता अनर्जक आस्त हो जाने के कारण आपके खाते से जुड़ी प्रतिभूति को बैंक के द्वारा सरफेसी अधिनियम के अंतर्गत **भौतिक कब्जा** लिया गया है, एवं बकाया राशि की वसूली हेतु विक्रय के लिए रखा गया है, जिसका नीलामी **दिनांक 31.07.2023** तय किया गया है । इस सूचना/नोटिस द्वारा आपको सूचित किया जाता है, कि 07 दिनों के अंदर आप प्रतिभूति से चल संपति को अपने कब्जे में सुरक्षित कर लेवें अन्यथा इस हेतु बैंक की कोई जवाबदारी नहीं होगी ।

संपत्ति का विवरण निम्नानुसार है :

ऋणी/जमानतदार का नामः मेसर्स क्रियेटिव इण्डस्ट्रीज, प्रोप. श्री अकबर हैदरी पिता- अहसनुल हक, मकान नं. ए4, श्री राम विहार, माईनिंग ऑफिस के पीछे, रिंग रोड, रायपुर-492001. **जमानतदार- श्री सफदर हैदरी पिता- अकबर हैदरी,** मकान नं. ए-04, श्री राम विहार, माइनिंग ऑफिस के पीछे, रिंग रोड, रायपुर-492001.

कब्जाधीन सम्पत्ति का विवरणः खसरा नं. 139/15 का भाग, प्लॉट नं. **ए-04**, पुरेना, श्री राम विहार, रानी दुर्गावती वार्ड नं. 45, प.ह.नं. 113, आरआईसी- रायपुर, क्षेत्रफल- 1250 वर्गफिट में स्थित परिवर्तित आवासीय भूमि के समस्त भाग व अंश । **चौहद्दीः उत्तर-** प्लॉट नं. ए-03, **दक्षिण-** प्लॉट नं. ए-05, **पूर्व-** सड़क, **पश्चिम-** अन्य का प्लॉट ।

दिनांक : 07.07.2023, स्थानः रायपुर (छ.ग.) | प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

FORM NO. 14
[See Regulation 33(2)]
By Regd. A/D, Dasti failing which by Publication

OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR
797/2, SHANTIKUNJ, SOUTH CIVIL LINES, JABALPUR - 482001

Demand Notice

NOTICE UNDER SECTIONS 25 TO 28 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993 AND RULE 2 OF SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961.

RC/210/2019 | **27.06.2023**

CANARA BANK
Vessus
PRIME FOOD WORKS

To

(CD 1) **PRIME FOOD WORKS**, 81, Commercial Complex, Nehru Nagar (East), Bhilai, Durg (C.G.)-490001. Durg

(CD 2) **RAMAYA BHAT**, 81, Commercial Complex, Nehru Nagar (East), Bhilai, DURG, Durg, CHATTISGARH-

This is to notify that as per the Recovery Certificate issued in pursuance of orders passed by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR in **OA/426/2017** an amount of **Rs. 3165164.76 (Rupees Thirty One Lakhs Sixty Five Thousands One Hundred Sixty Four And Paise Seventy Six Only)** along with pendentelite and future interest @ **12 %** Simple Interest Yearly w.e.f. **15.05.2017** till realization and costs of **Rs. 34000 (Rupees Thirty Four Thousands Only)** has become due against you (Jointly and severally/Fully/ Limited).

2. You are hereby directed to pay the above sum within **15** days of the receipts of the notice, failing which the recovery shall be made in accordance with the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act, 1993 and Rules there under.

3. You are hereby ordered to declare on an affidavit the particulars of yours assets on or before the next date of hearing.

4. You are hereby ordered to appear before the undersigned on **22/08/2023** at 10:30 a.m. for further proceedings.

5. In addition to the sum aforesaid, you will also be liable to pay:

(a) Such interests as is payable for the period commencing immediately after this notice of the certificate / execution proceedings.

(b) All costs, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and warrants and other processes and all other proceedings taken for recovering the amount due.

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: **27/06/2023.**

Vaatsalya Kumar, Recovery Officer
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, JABALPUR

बैजनाथधाम में जलाभिषेक करने शिव भक्त रवाना

खरोरा/नवप्रदेश। 3 जुलाई से तिल्दा के 50 कांवरियों की टोली इस वर्ष भी बोल बम कांवरिया समिति तिल्दा द्वारा बैजनाथ ज्योतिर्लिंग के लिए रवाना हुई है बैजनाथ में शनिवार को जलाभिषेक कर। बोल बम कांवरिया यात्रा में किशन पाटकर , मुन्ना पाटकर अरुण पाटकर, अनिता पाटकर अंजू पाटकर, खोरबहारा पाटकर, बाबा धाम बैजनाथ धाम पैदल यात्रा 3 जुलाई से प्रारंभ है ।

शैलेश नितिन की केके नायक ने की भेंट

भाटापारा/नवप्रदेश। पाठ्य पुस्तक निगम कार्यालय में मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और डॉ खूबचंद बघेल शिक्षण समिति के प्रमुख डॉ कृष्ण कुमार नायक ने अपने रायपुर प्रवास के दौरान पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी से मुलाकात कर अंचल की शालाओं की मान्यता के लिए आवेदन दिया। जिस पर उन्होंने डा नायक को इस पर यथोचित कार्यवाही का भरोसा जताया। विदित हो की ब्लाक कांग्रेस कमेटी सिमगा के अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय उपाध्यक्ष तथा डा खूबचंद बघेल शिक्षण समिति के प्रमुख डा के के नायक लगातार अपने विभिन्न दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करते अंचल सहित समाज एवम कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लगातार कार्य कर रहे है।इसी सिलसिले में डा नायक ने गत दिवस अपने रायपुर प्रवास के दौरान पाठ्य पुस्तक निगम दफ्तर पहुंच कर निगम अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी से मुलाकात करते हुए डॉ खूबचंद बघेल शिक्षण समिति द्वारा संचालित स्वामी आत्मानंद विद्यापीठ मोहदी ,सिलतरा ,मांढर और गिरोद स्कूलों की मान्यता के विषय में चर्चा की, जिस पर त्रिवेदी ने शीघ्र कार्यवाही का भरोसा जताया।इस अवसर पर छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान के अजय वर्मा भी वहा उपस्थित थे।

मितानिनों को बताई मोदी सरकार की उपलब्धियां

■ **राष्ट्रीय भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष वनथी चौकी पहुंची**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राष्ट्रीय भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष वनथी श्रीनिवासन के निर्देश पर राष्ट्रीय भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकारिणी सदस्य उपदेश अंदोत्रा छत्तीसगढ़ के जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के दो दिवसीय प्रवास पर पहुंचीं हैं। जम्मू-कश्मीर से ताल्लुक रखने वालीं अंदोत्रा प्रवास के पहले दिन यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के तारतम्य में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुईं।

भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष कमलेश सारस्वत ने बताया कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य उपदेश अंदोत्रा का आगमन हुआ है। सुबह उन्होंने माता दंतेश्वरी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उनके अंबागढ़ चौकी पहुंचने पर भाजपा व महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। अंदोत्रा ने सभी से परिचय प्राप्त किया और जिले की राजनीतिक परिस्थितियों पर चर्चा की। अंबागढ़ चौकी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिक और मितानिनों का सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में जिला भाजपा महिला मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुश्री उपदेश अंदोत्रा जी ने मोदी सरकार के 9 वर्ष के कार्यकाल और केंद्र सरकार की जनहितैषी योजनाओं पर बात की।

उन्होंने कहा कि ृप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व पटल पर एक मजबूत नेतृत्वकर्ता के रुप में सामने आए हैं। भारत में वैश्विक नेतृत्व की क्षमता का विकास हुआ है, जिसकी वजह से आज विश्व के दूसरे देश भारत की ओर निहार रहे हैं। उन्होंने कहा कि- उज्जवला योजना, जल जीवन मिशन, किसान समृद्धि योजना, मुफ्त राशन योजना जैसी अनेक जनहितैषी प्रयास से मोदी सरकार ने सर्वहारा वर्ग को राहत पहुंचाई है। उक्त कार्यक्रम में जिला प्रभारी व जिपं अध्यक्ष गीता घासी साहू, प्रकोष्ठ जिला संयोजक कांति साहू, जिला उपाध्यक्ष ईश्वरी ध्रुवे, जिला मंत्री रागनी शोरी, अंबागढ़ चौकी मंडल अध्यक्ष कुंजलता हरमुख, कौड़ीकसा मंडल अध्यक्ष मीना वैध, मंडल महामंत्रीद्वय योगमाया साहू, तीजन मानिकपुरी, कौशिल्या यादव, लता मंडावी, जनपद सदस्य मनी साहू, श्रीमती करौदा परतेती, श्यामा निवरे, मदीना सहित बड़ी संख्या में महिला मोर्चा कार्यकर्ताएं व अंबागनबाड़ी सहायिका-कार्यकर्ता व मितानिन मौजूद थीं।

जुआरियों पर कार्रवाई

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिला पुलिस के द्वारा जारी हेल्प लाईन नंबर 9479257558 पर एक व्यक्तिय से समाधान नंबर पर शिकायत प्राप्त हुआ कि थाना बेरला क्षेत्रांतर्गत ग्राम मटिया (बारगांव) पाहंदा जाने मार्ग के खार में कुछ लोग रूपये पैसे का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। समाधान में उक्त शिकायत प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा समाधान सेल प्रभारी श्रीमती कौशिल्या साहू एवं थाना प्रभारी परपोडी एवं पुलिस चौकी कंडरका को आवश्यक कार्यवाही करने निर्देशित किये। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल व एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, एसडीओपी बेमेतरा एवं सायबर सेल नोडल अधिकारी मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही किया गया।

साइकिल मिलने पर खिले छात्राओं के चेहरे

नगरी/नवप्रदेश। शासकीय हाई स्कूल टांगापानी में निःशुल्क सरस्वती सायकल वितरण योजना के तहत कुल 21 पात्र बालिकाओं को साइकिल वितरित किया गया। इस सायकल वितरण कार्यक्रम में संस्था प्राचार्य डॉ. शैल चंद्रा, मनोज साक्षी (जिला पंचायत सदस्य नगरी), खिलेंद्र सेन (कॉग्रेस बूथ अध्यक्ष), गनेशिया मरकाम (सरपंच ग्राम पंचायत टांगापानी) तथा पालकों में प्रेमचंद , मेहरसिंह उपस्थित रहे। साथ ही इस कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त स्टॉफउपस्थित रहे। साक्षी ने कहा कि शासन की यह योजना लड़कियों के लिए बहुत अच्छी है।बालिकाएं इससे प्रतिदिन विद्यालय आ सकती हैं।सरस्वती साइकिल योजना बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए है।

पुष्पवर्षा कर नवप्रवेशियों का स्वागत

खरोरा/नवप्रदेश। संकुल केन्द्र घिवरा,वि.खं. - तिल्दा के सभी 7 प्राथमिक, 3 पूर्व माध्यमिक एवं हाई स्कूल में नवप्रवेशी विद्यार्थियों पर पुष्प वर्षा करते हुए बड़े ही उत्साह से आज प्रवेशोत्सव मनाया गया, इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारीगण, सभी

शिक्षक शिक्षिकाएँ, सभी अध्ययनरत विद्यार्थी सभी के मन मे विशेष उत्साह का संचार देखने को मिला, संकुल केन्द्र घिवरा के संकुल प्रभारी प्रचार दीपक गुप्ता और संकुल समन्वयक कैलाश बघेल ने संकुल के सभी संस्था प्रमुखों और शिक्षक शिक्षिकाओं का बड़े ही उत्साह, व्यवस्थित और बेहतरीन ढंग कार्यक्रम आयोजित करने के लिए हृदयतल से आभार प्रकट किये।

स्वास्थ्य कर्मी हड़ताल पर

नगरी/नवप्रदेश। स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के आह्वान पर प्रदेश स्तर पर स्वास्थ्य कर्मचारियों दारा रावण भाटा मैदान नगरी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गये ह ैजिसमें नगरी ब्लाक स्तर पर ब्लॉक अध्यक्ष एनोश जोसेफ के नेतृत्व में स्वास्थ्य कर्मचारियों ने रावणभाटा मैदान नगरी में अपना आवाज बुलंद किया। नगरी ब्लॉक से स्वास्थ्य सेवाएं रही 24 मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल में जाने से नगरी ब्लाक के अंतर्गत 67 उप स्वास्थ्य केंद्र, 8 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सिविल अस्पताल नगरी में स्वास्थ सेवाएं प्रभावित हो रही है। पैथोलॉजी लैब जांच, नेत्र विभाग विभाग, सर्दी खांसी बुखार के मरीजों का जांच एंबुलेंस व्यवस्था एवं शासन के द्वारा संचालित राष्ट्रीय कार्यक्रम रही प्रभावित, आज के प्रथम दिवस में कार्यक्रम को सफ ल बनाने में ब्लॉक अध्यक्ष एनोश जोशेफ उपाध्यक्ष देवेंद्र साहू, योगेंद्र साहू, सचिव धर्मेंद्र, कोषाध्यक्ष संजीव निर्मलकर, संयोजक, मुकेश बंजारे, संरक्षक डी. सी. ध्रुव, सलाहकार यू. के. छात्रे,नरेश राहुल, मार्गदर्शक एस एल दिवान,मीडिया प्रभारी गौतम कश्यप, शंकर रजक, महामंत्री योगेंद्र सिंह , बोरझा, नर्सिंग प्रकोष्ठ ज्योति हीराधर, मीनाक्षी चौहान, नेत्र सहायक प्रकोष्ठ राकेश साहू ,फार्मासिस्ट प्रकोष्ठ यजुवेंद्र सोम, रेडियों ग्राफर प्रकोष्ठ रविंद्र कुमार भगत ,वाहन चालक प्रकोष्ठ, शिकारी राम साहू , चतुर्थ श्रेणी प्रकोष्ठ, रोशन साहू, एवं समस्त स्वास्थ्य कर्मचारी गण उपस्थित हुए।

विप्र समाज के अध्यक्ष चौबे को श्रद्धांजलि

कवर्धा/नवप्रदेश। नवीन विप्रभवन कवर्धा में उपाध्यक्ष (कार्यकारी अध्यक्ष) वेदनारायण तिवारी की अध्यक्षता में कार्यकारणी की आवश्यक बैठक रखी गई जिसमें विप्र समाज के अध्यक्ष सीपी चौबे के आकस्मिक निधन हो जाने पर शोक सभा का आयोजन किया गया । जिसमें उनके तैलचित्र में पुष्पान्जली अर्पितकर, दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारणकर श्रंद्धांजलि ज्ञापित की गई समाज के प्रबुद्ध जनो ने अपने अनुभव सांझा करते हुए कहा कि चौबे के असमय चले जाने से समाज को अपूर्णीय क्षति हुई है वे बहुत ही सहज, सरल ,मृदुभाषी,धैर्यवान व्यक्तित्व के धनी थे, वे सभी विप्रजनो की बातो को बहुत ही गम्भीरता से सुनते थे, विप्र समाज में उनके योगदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता , वे समाज को आगे बढ़ाने की दिशा में सतत गम्भीरता से कार्य करते रहे हैं, वे समाज के लिये हमेशा आदरणीय एवं प्रेरणास्त्रोत बने रहेंगे । उक्त अवसर पर उपाध्यक्ष वेदनारायण तिवारी,सचिव टीआर तिवारी, प्रकाश उपाध्यय, राजेश शुक्ला, मेदिनी शरण चौबे,मनोज शर्मा, व्ही के शर्मा, बंटी तिवारी, सुरेश शर्मा,सिद्धू तिवारी, बीपी पान्डे,वसंत चौबे,अशोक शर्मा,नंद कुमार शर्मा, प्रमोद शुक्ला ,सन्तोष शुक्ला,अश्वनी पान्डे, बिन्नू तिवारी, राजेश पांडेय ,भावेश मिश्रा, कीर्तिदत्त तिवारी,आनंद उपाध्यय, चंद्रशेखर शर्मा, मधु तिवारी,प्राची शुक्ला,रेणू शर्मा, कावेरी शर्मा, युवा ब्राह्मण अध्यक्ष डां आनंद मिश्रा, राजेश पांडेय, उमंग पान्डे, रविन्द्र शुक्ला, उमंग पांडे, श्रीकान्त उपाध्याय, नीरज शर्मा, विपिन शर्मा,वेदांत शर्मा, दुर्गेश पांडेय, शिवम मिश्रा, हरीश चौबे, लक्की चौबे, साथ बड़ी संख्या में विप्र समाज के लोग उपस्थित थे ।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

छत्तीसगढ़ में चुनावी आगाज ...

भ्रष्टाचार पर कार्रवाई की गारंटी है

इसके बाद श्री मोदी ने विपक्षी एकता की कोशिश को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि, आज एक साथ आने की कोशिश कर रहे हैं। जो पानी पी पीकर एक दूसरे को कोसते थे, आज एक साथ आने की बात कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि, मोदी भ्रष्टाचार पर कार्रवाई की गारंटी है। जिसने करप्शन किया है वह बचेगा नहीं। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस जितनी चालें चल लें... लेकिन छत्तीसगढ़ के लोगों को आगे ले जाने का संकल्प जो है उसमें मोदी पीछे नहीं हटेगा।

कांग्रेस से दोगुने पैसे ग्रामीण सड़कों के लिए दिए

कांग्रेस सरकार से दोगुने पैसे गांवों की सड़कों को जोड़ने के दिए गए। गांव-गांव में जब सड़कें पहुंचेंगी तो विकास पहुंचेगा। रोजगार भी तेजी से पहुंचेगा। भाजपा सरकार, कांग्रेस सरकार के मुकाबले नेशनल हाईवे, रेलवे पर कई गुना ज्यादा खर्च कर रही है। कनेक्टिविटी बढ़ती है तो देश का जीवन सरल होता है। श्री मोदी ने कहा कि, आपकी हर मुश्किल को कम करने के लिए भाजपा दिन रात मेहनत कर रही है। बीते 9 वर्षो में प्रदेश को नक्सलवाद से बाहर निकालने के हमारे प्रयासों का नतीजा भी आज देश देख रहा है। कुछ साल पहले तक देश में नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या 126 के आसपास थी, उनकी संख्या घटकर 70 के आसपास रह गई है।

करप्शन के दाग, झूठी गारंटी से छुपाने की कोशिश

अपने कुशासन भ्रष्टाचार के दाग को कांग्रेस अपनी झूठी गारंटी से छुपाने की कोशिश कर रही है। आपको ऐसी झूठी गारंटी से बहुत सतर्क और सावधान रहने की जरूरत है। भाजपा जो गारंटी देती है, उसे पूरा करके भी दिखाती है। आयुष्मान भारत योजना के तहत छत्तीसगढ़ में 40 लाख गरीबों का इलाज हुआ है, यह है भाजपा की असली गारंटी। कोरोना संकट काल में हमने छत्तीसगढ़ के लाखों परिवारों को मुफ्त राशन दिया, गरीब का चूल्हा बुझने नहीं दिया। मुफ्त राशन दिया जा रहा है यह भाजपा की असली गारंटी है। पीएम फसल बीमा योजना से छत्तीसगढ़ के किसानों को साढ़े 6 हजार करोड़ मिल चुके हैं। ये पैसे किसानों के खाते में जमा हो चुके हैं।

जिनके घर नहीं बने, उनका घर बनाने की गारंटी मोदी देता है

भाजपा गरीब की चिंता करने वाली गरीब का कल्याण करने वाली पार्टी है। लेकिन कांग्रेस गरीब की सबसे बड़ी दुश्मन है। भाजपा सरकार दिल्ली से जो योजनाएं चलाती है, उसमें प्रदेश की कांग्रेस सरकार अड़ंगा लगा देती है। पीएम आवास इसका सबसे बड़ा उदाहरण है, केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ में 12 लाख घर बनाने की तैयारी की थी। जब यहां भाजपा सरकार रही तब तक तब तक गरीबों के घर बने। लेकिन जैसे ही कांग्रेस सरकार आई, घर बनाने की रफ्तार पर रोक लग गई। भाजपा की सरकार बनेगी तो गरीबों को घर देने का काम किया जायगा। जिन गरीबों के घर नहीं बने उनके घर बनाने की गारंटी मोदी देता है। धान खरीदी को लेकर जो कांग्रेस सरकार खेल खेल रही है, यहां की सरकार किसानों को गुमराह करने में जुटी है।

आप आए तो फिर से ...

बघेल ने कहा कि आप आए तो फिर झूठ की बयार बहने लगी मोदी जी। प्रदेश भाजपा के नेता लगातार किसानों को गुमराह कर रहे थे कि धान खरीदी केंद्र के पैसों से होती है। आप प्रधानमंत्री हैं, आपको तो सच पता है, लेकिन आप भी झूठ बोल गए। बता दें राजधानी रायपुर में पीएम मोदी के आगमन पर सीएम भूपेश बघेल ने उन्हें भेट में स्मृति चिन्ह के रूप छत्तीसगढ़ के कारीगरों द्वारा बनाया हुआ अंगवस्त्र और मिलेट्स की टोकरी दी। आप इस तस्वीर के जरिए देख सकते है कि किस तरह पीएम मोदी को गिफ्ट देते हुए सीएम बघेल काफी उत्साहित नजर आ रहे थे। उनके जाते ही कांग्रेस-बीजेपी का सोशल मिडिया में फिर से सियासी बयानबाजी शुरू हो गई है।

मोदी के दौरे के बाद बघेल ने एक ट्वीट किया है। इसमें मुख्यमंत्री ने कहा है कि यह किसानों के नाम पर सबसे बड़ा झूठ है कि केंद्र राज्य के धान उपार्जन का 80 प्रतिशत केंद्र ले लेता है। अगर आपकी सरकार की भूमिका राज्यों के धान खरीदी में इतनी ही है तो आपके लोकसभा क्षेत्र वाराणसी में किसान 1000-1200 रुपए क्विंटल में धान क्यों बेचने पर मजबूर हैं मोदी जी?

आपको छत्तीसगढ़ के भाजपा नेताओं ने ग़लत जानकारी दी और आप भाषण पढ़कर चले गए। छत्तीसगढ़ का बच्चा बच्चा जानता है कि हमने गंगाजल की कसम दस दिनों के भीतर किसानों की कर्जमाफी के लिए खाई थी और दो घंटों के भीतर कर्ज माफ़ी हो गई थी, लेकिन भाजपा की सुई अटक गई है। भाजपा का '2100 रूपए क्विंटल' और 'बोनस' का कभी पूरा न हुआ वादा किसानों को ठीक तरह से याद है। वो ये भी जानते हैं कि कांग्रेस की सरकार उनके लिए क्या कुछ कर रही है। अब छत्तीसगढ़ के किसानों को कोई गुमराह नहीं कर सकता, आप भी नहीं।

मुख्यमंत्री भूपेश ने कहा , पीएम मोदी आए...यह बेहद खुशी की बात है...

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि, यह हमारे लिए बहुत खुशी की बात है कि, प्रधानमंत्री छत्तीसगढ़ के दौरे पर आए हुए हैं। में उनका तहे दिल से प्रभु श्रीराम के ननिहाल और माता कौशल्या की भूमि मैं स्वागत करता हूं।

हमें केंद्र सरकार से मदद मिलती रहे- सीएम

सीएम ने आगे कहा कि, वैसे तो पीएम मोदी से हम कई मंचों पर मुलाकात करते हैं और नीति आयोग की बैठक में भी मिलते हैं। इन्हीं बैठकों में हम कई तरह की मांग पीएम मोदी से करते हैं। लेकिन अब मैं उन्हें फिर से दोहराना नहीं चाहता। साथ ही सीएम बघेल ने कहा कि, मैं गडकरी जी के साथ भी बैठता हूं, जितना हम उनसे मांगते है...वे हमें उससे ज्यादा ही देते हैं। बस मैं इतना कहना चाहता हूं कि, हमारा राज्य नवोदित राज्य है। इसलिए ज्यादा से ज्यादा सहायता हमें मिलती रही।

ईडी ने जब्त की 52...

अरोड़ा, अरुण पिल्लई और अन्य के 76.54 करोड़ रुपये की चल/ अचल संपत्ति को जब्त किया गया था। अब तक इस शराब नीति घोटाले में कुल 128.78 करोड़ की संपत्ति की कुर्की हो चुकी है। इस मामले में कुल 1934 करोड़ रुपये से ज्यादा का घोटाला किया गया है। इस केस में ईडी ने अब तक 12 लोगों को गिरफ्तार किया है और 05 अभियोजन शिकायतें दर्ज की हैं. अभी भी इस मामले में जांच चल रही है।

बृजभूषण को कोर्ट में ...

बाद कोर्ट ने बयान बदलने पर नाबालिग पहलवान और उसके पिता को नोटिस जारी कर बयान बदलने की वजह पूछी है। कोर्ट ने 1 अगस्त तक जवाब मांगा है। इस दौरान जज ने कहा कि कोर्ट नाबालिग का पक्ष जनना चाहता है। नाबालिग का पक्ष आने के बाद ही कोर्ट केस को रद्द करने पर फैसला लेगा। कुछ दिन पहले नाबालिग पहलवान ने कोर्ट में भी अपने बयानों को बदलते हुए कहा था कि मामला यौन शोषण का नहीं, भेदभाव का है। उसने झूठी शिकायत दी थी। इस पर दिल्ली पुलिस ने 15 जून को कोर्ट में कैंसिलेशन रिपोर्ट दायर की थी। इसमें कहा था कि जांच में यौन शोषण के कोई सबूत नहीं मिले हैं। इसलिए इस केस को बंद कर रहे हैं।

बालासोर ट्रेन हादसे में ...

उपकरण को जब्त कर इस स्टेशन को सील कर दिया था। अभी बहनगा बाजार स्टेशन पर कोई भी ट्रेन नहीं रुकती है। 2 जून को वहां तीन ट्रेनें हादसाग्रस्त हो गई थीं जिसमें 292 लोगों की मौत हो गई थी जबकि 1,208 अन्य घायल हो गए थे। बालासोर में हुए हादसे के बाद रेलवे के साउथ ईस्टर्न जोन के कई अधिकारियों पर अब तक इसकी गाज गिर चुकी है। ईस्टर्न जोन की महाप्रबंधक अर्चना जोशी का ट्रांसफर कर दिया गया है। उनकी जगह अनिल मिश्रा को साउथ ईस्टर्न जोन का महाप्रबंधक नियुक्त किया गया है।

मोदी की सभा में ...

बिलासपुर के रतनपुर थाना क्षेत्र के बेलतरा के पास लगभग सुबह 5 बजे के आसपास सड़क किनारे खड़ी ट्रेलर से बस की टक्कर हो गई जिससे बस में सवार 3 बीजेपी कार्यकर्ताओं की मौके पर ही मौत हो गई। वही 6 लोग घायल हो गए है जिनमें से 3 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है जिन्हें बिलासपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है की बस में कुल 47 लोग सवार थे जिसे अन्य राहगीरों ने डायल 112 को सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को रतनपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तत्कालित उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। वही गंभीर रूप से घायलों को बिलासपुर अपोलो में भर्ती कराया गया है।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

राजस्व प्रकरण क्रमांक अ/6 वर्ष 2022-23

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक जय लक्ष्मी श्रीवास्तव आ. स्व. कृष्ण कुमार श्रीवास्तव साकिन शिक्षक नगर दुर्ग द्वारा ग्राम दुर्ग प.ह.नं. रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न. 987/20 रकबा 0.014 हे. जो उसके स्व. कृष्ण कुमार/स्व. भूषण लाल श्रीवास्तव के नाम पर दर्ज है, की फौती दर्ज किये जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है । जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 21/7/2023 तक या उसके पूर्व स्वय या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है । निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/7/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया

मुहर

तहसीलदार दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

राजस्व प्रकरण क्र. अ/6 वर्ष 2022-23

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक ओंकेश्वर आ. शिवाजीराव सुरेशो साकिन आशानगर तितुरडीह द्वारा ग्राम कातुलबोड़ प.ह.न. 20 रा.नि.मं. व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 33/21 रकबा 0.0280 हे. जो उसके टिकेन्द्र राव/शिवाजी राव सुरेशे .के नाम पर दर्ज है, की फौती दर्ज किये जाने के सबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 25/7/2023 तक या उसके पूर्व स्वय या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है । निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 4/7/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर साथ जारी किया गया।

सील

तहसीलदार दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग)

ईश्तहार

राजस्व प्रकरण क्र. अ-1 वर्ष 2022-23

एतद द्वारा सर्व को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती सविता श्रीवास्तव आ. रमाकांत श्रीवास्तव साकिन जवाहर नगर दुर्ग ग्राम पहन 22 रा.नि.मं तहसील व जिला दुर्ग स्थिती स्वामी हक की भूमि ख.न. 209/17 रकबा 0.0160 हे. रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से विक्रेता श्रीमती बिमला राय ध.प. सच्चिदानंद राय से क्रय किया है कि नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि 8/6/2023 तक व उसके पूर्व स्वय या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना अन प्रस्तुत कर सकते हैं । निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार या जावेगा।

आज दिनांक 19/6/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

सील

तहसीलदार दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

राजस्व प्रकरण क्र. अ/6 वर्ष 2022-23

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक हिरेन्द्र निषाद आ. राजेन्द्र कुमार निषाद साकिन राजीवनगर नगर दुर्ग द्वारा ग्राम दुर्ग प.ह.नं. 24.रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खन 733/10, 735/19 रकबा 0.012 हे. जो उसके स्व. दुलारीबाई / राजेन्द्रप्रसाद के नाम पर दर्ज है, की फौती दर्ज किये जाने के सबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है । जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है ।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 11/7/2023 तक या उसके पूर्व स्वय या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है । निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 20/6/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर साथ जारी किया गया।

सील

तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग- बलौदाबाजार

Office Phone And Fax No.:- 07727-296695 Email ID- ee-res.bhanpur@nic.in

// मैन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना क्र.- 39-40 //

क्रमांक/3659/निविदा/ग्रा.यां. से./2022-23 बलौदाबाजार, दिनांक 04/07/2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु द्वितीय बार मैन्युअल निविदा आमंत्रित की जाती है। जीर्णोद्धार कार्य एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्यो का विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.	कार्य का विवरण	कुल लागत (लाख में)	डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि
1	2	3	4
1	विकासखंड कसडोल अंतर्गत विभिन्न शालाओं में अतिरिक्त कक्ष निर्माण (ग्रुप क्रमांक 01 से 31 तक) । NIT NO. -39	कार्य की लागत राशि रू. 469.96 लाख	प्रत्येक कार्य के लिए डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 15.07.2023
2	विकासखंड कसडोल अंतर्गत विभिन्न शालाओं में अतिरिक्त कक्ष निर्माण/जीर्णोद्धार कार्य (ग्रुप क्रमांक 01 से 06 तक) । NIT NO.-40	कार्य की लागत राशि रू.107.27 लाख	प्रत्येक कार्य के लिए डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 15.07.2023

2/ निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति (परिशिष्ट - 2.10 एवं निविदा दस्तावेज परिशिष्ट-2.13) यथा संशोधित व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://cg.nic.in/resworks अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय मे उपस्थित होकर दिनांक 05.07.2023 से देखी जा सकती है ।

जी-03087/3

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग- बलौदाबाजार

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, राजनांदगांव (छ.ग)

प्रथम बार निविदा सूचना क्रमांक - 49

क्रमांक 2200 / व.ले.लि./ग्रा.या. सेवा/2023-24 राजनांदगांव, दिनांक 05.07.2023

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से पंजीकृत एकीकृत पंजीयन प्रणाली से प्रपत्र 'ए' में दर्शित निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दर प्राप्त करने आनलाईन मैनुवल निविदा दिनांक 20.07.2023 तक आमंत्रित की जाती है :-

कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (लाख रूपये में)
ग्रुप- 20 शासकीय शाला भवनो में जीर्णोद्धार कार्य (2 नग) विकास खण्ड राजनांदगांव जिला राजनांदगांव	12.31
ग्रुप- 21 शासकीय शाला भवनो में जीर्णोद्धार कार्य (4 नग) विकास खण्ड राजनांदगांव जिला राजनांदगांव	10.91

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 06.07.2023 से देखी जा सकती है। निविदा कार्यालय में पहुंचने की अंतिम तिथि 20.07.2023 सायं 5.30 तक है।

जी-03071/3

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग-राजनांदगांव

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बेमेतरा

संक्षिप्त ई-निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-10 (द्वितीय बार)

क्रमंक/2163/व.ले.लि./ग्रायांसेवा/2023-24 बेमेतरा, दिनांक 03/07/2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा प्रतिशत दर पर दिनांक 13.07.2023 तक ऑनलाइन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	कार्य का विवरण	ठेके की अनुमानित लागत (लाख रु. में)
1.	शास. हा.से. स्कूल में भवन मरम्मत कार्य एवं 06 नग अतिरिक्त कक्ष निर्माण ग्राम कोंगियाकला	47.35
2.	--,,-- एवं 12 नग अतिरिक्त कक्ष निर्माण ग्राम मुरता	82.94
3.	शास. हा.से.स्कूल में 10 नग अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य ग्राम टेमरी	70.11
4.	--,,-- 12 नग अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य ग्राम गोढ़ीकला	80.45

निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति (परिशिष्ट 2.10) एवं निविदा दस्तावेज (परिशिष्ट 2.13) यथा संशोधित व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in अथवा कार्यालयीन अवधि में उपस्थित होकर दिनांक 04.07.2023 से देखी / डाउनलोड की जा सकती है।

जी-03059/2

(दीपक कुमार मिश्रा)
कार्यपालन अभियंता,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग बेमेतरा

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

एसडीएम कार्यालय की जगह बदलने से जनता आक्रोशित, निकाली बाइक रैली

दल्लीराजहरा/नवप्रदेश। नगर के विकास की मांग,नगर से शिक्षा संस्थान, सरकारी कार्यालय खोलने के बजाए जो संस्थान है उसे भी बंद करने से आमजनता एवं व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त हो गया है।

अविभाजित मध्यप्रदेश के समय तत्कालीन दुर्ग जिले के दल्लीराजहरा नगर से संचालित एसडीएम कार्यालय को नगर से हटाने से आक्रोशित राजहरा व्यापारी संघ के सदस्य 5 जुलाई को दोपहर 2 बजे बाइक रैली निकाले जो गुप्ता चौक,सुभाष चौक,वीरनारायण चौक,पुराना बाजार,जैन भवन चौक,श्रमवीर चौक, फौवारा चौक सहित नगर में घूमते हुए आम जनता से मिल कर शासन, प्रशासन द्वारा नगर से हटाई जा रही सुविधा से लोगों को अवगत कराया।इस दौरान नगर पालिका परिषद के मुख्य गेट के सामने पहुँच कर व्यापारियों ने विरोध प्रदर्शन किया व कहा की दल्लीराजहरा नगर से अविभाजित मध्यप्रदेश के जमाने से जो सुविधाएं राजहरा में थी जिसका नगर सहित आसपास के ग्रामीण भाइयों को इसका लाभ मिलता था उन सब सुविधाओं को नगर से धीरे धीरे डौंडी ले जाया जा रहा है। कहा गया कि डौंडी में भी यह सुविधा मिले लेकिन दल्लीराजहरा में पूर्व से संचालित सुविधाओं से छेड़छाड़ न किया जाए। डौंडी के लिए नया सेटअप लाना चाहिए था । लेकिन ऐसा शासन के द्वारा नहीं किया जा रहा है पूर्व में स्थापित तहसील कार्यालय, अब एसडीएम कार्यालय को यहाँ से ले जाया जा रहा है जिससे राजहरा में सुविधाओं की कमी हो जाएगी। इन्हीं कारणों से राजहरा व्यापारी संघ के द्वारा सम्पूर्ण नगर में बाइक रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन कर शासन प्रशासन को चेतावनी दी गई।

इसके पूर्व 15 मार्च से 19 मार्च तक विशाल आंदोलन कर साथ ही 2 दिनों तक नगर बंद कर आंदोलन किया गया था जिसमें विधायक व महिला बाल विकास मंत्री ने सभी मांगों को पूर्ण करने के लिए दो माह तक का समय लिया गया था ओर आश्वासन दिया गया था कि आपकी मांगे धरातल पर दिखाई देंगी। राजहरा व्यापारी संघ की प्रमुख मांगो में केंद्रीय विद्यालय,100 बिस्तर अस्पताल, बाईपास सड़क एवं यात्री ट्रेन सुविधा बढ़ाने की थी। जिसमें कोई भी मांगो पर कोई सकारात्मक पहल होते दिखाई नहीं दे रहा है। कुछ दिन पहले ही बीएसपी शाला क्रमांक -2 पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया।उसके बाद एसडीएम कार्यालय जाने से लोगों में बहुत ही आक्रोश व्याप्त है राजहरा व्यापारी संघ ने आने वाले विधानसभा, लोकसभा, नगरपालिका चुनाव का बहिष्कार करने के लिए बाइक रैली निकाली ओर लोगों को जागरूक किया। इस रैली में व्यापारी संघ अध्यक्ष टगोविंद वाधवानी, अशोक लोहिया, रमेश मित्तल,पंकज छाजेड़, अमित जायसवाल, प्रेम जायसवाल, महावीर चोपड़ा, स्वाधीन जैन, किशोर कराडे, नेमी जैन, प्रवीण जैन सहित काफी संख्या में व्यापारी उपस्थित थे। राजहरा व्यापारी संघ द्वारा रेलवे विभाग,राज्य सरकार, शासन प्रशासन व बीएसपी से विभिन्न मांग किया है।

व्यवहारिक दिक्कतों को लेकर खदान प्रबंधन से की चर्चा

दल्लीराजहरा/नवप्रदेश। लौह अयस्क खदान समूह के कर्मचारियों की कुछ मूलभूत समस्याएं जैसे टाउनशिप सिविल मेंटेनेंस संबंधी कार्य समय पर न होना, माइंस हॉस्पिटल में चिकित्सा सुविधाओं में निरंतर कमी, स्कूली शिक्षा के स्तर में गिरावट, खदान के विभिन्न विभागों में कर्मचारियों की कमी आदि समस्याओं का ठोस समाधान करने की मांग को लेकर मुख्य महाप्रबंधक आर.बी. गहरवार से संयुक्त खदान मजदूर संघ के सचिव कमलजीत सिंह मान के नेतृत्व में विस्तृत चर्चा की गई। मुख्य महाप्रबंधक से चर्चा में सचिव कमलजीत सिंह मान ने कहा कि वेतन समझौता हो जाने के बाद उसके एरियर्स की राशि का अभी तक भुगतान नहीं होने के कारण कर्मचारियों में आक्रोश है, जिसका यदि त्वरित भुगतान नहीं किया गया, तो प्रबंधन के विरोध के तौर पर कभी भी उत्पादन को ठप्प किया जा सकता है, इसलिए प्रबंधन इसे गंभीरता से ले और कर्मचारियों को जल्द से जल्द एरियर्स की राशि मिले इसके लिए आप उच्च अधिकारियों से चर्चा कीजिए।

चिटफंड कंपनी का डायरेक्टर गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। निवेशकों से विभिन्न समयावधि में दोगुना राशि देने का झांसा देकर धनजमा करने के बाद फरार हुई चिटफंड कम्पनी सांई सुंदरम मालवा परिवार का एक और डायरेक्टर को शहर पुलिस ने शाजापुर मध्य प्रदेश से गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है।पुरे जिले में इस चिटफंड कंपनी द्वारा 3000 से अधिक निवेशकों से लगभग 03 करोड़ 45 लाख रुपए से अधिक राशि की ठगी की गई वही कलेक्टर कार्यालय में पूरे जिले से चिटफंड कंपनी से कुल 1299 आवेदन, रकम वापसी के लिए किया गया है।इस चिटफंड कंपनी के 08 आरोपी डायरेक्टरों को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है । थाना भाटापारा शहर में धारा 420,34 भादवि छग निक्षेपकों के हितों का संरक्षण अधि की धारा 10 इनामी चिटफंड और धन परिचालन स्कीम पाबंदी अधि. की धारा 3,4,5 के तहत अपराध पंजीबद्ध है। उपरोक्त संबंध में शहर थाना में आयोजित प्रेस वार्ता में एस डी ओ पी आशीष अरोरा ने बताया की मुख्यमंत्री के मंशा अनुरूप जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में चिटफंड कंपनियों के आरोपी डायरेक्टरों के गिरफ्तारी की कार्यवाही लगातार की जा रही हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा के दिशा निर्देश और द्व मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक अरुण साहू के नेतृत्व में *थाना भाटापारा शहर से प्रधान आरक्षक संजय सोनी, भूखन वर्मा एवं आरक्षक सत्यम यादव की पुलिस टीम द्वारा साइबर सेल* की सहायता से *चिटफंड कंपनी साई सुंदरम मालवा परिवार रियल स्टेट लिमि.,जीएमआर रियलकान, जय श्री मंगलम प्रोड्यूसर, आरआरआर साइ सुंदरम रियल एस्टेट लिमि. के फरार आरोपी डायरेक्टर विक्रम सिंह को गिरफ्तार* किया गया है। पुलिस टीम द्वारा *लगातार 07 दिनों तक ग्राम रायकनपुरा, शुजालपुर जिला शाजापुर मध्य प्रदेश में कैम्प कर साइबर सेल की तकनीकी टीम की मदद से आरोपी डायरेक्टर को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। आरोपी की गिरफ्तारी की प्रक्रिया पूर्ण कर, आरोपी को बुधवार को थाना भाटापारा शहर लाया गया है। थाना प्रभारी अरुण साहु ने बताया की चिटफंड कंपनी साई सुंदरम मालवा परिवार रियल स्टेट लिमि. द्वारा प्रार्थी एवं निवेशकों के रुपयों को निर्धारित अवधि में दोगुना करने का लालच देकर जमा करवाया गया।

सीएम की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाए : सुशील

भाटापारा/नवप्रदेश। मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा आज ग्राम पंचायत गाड़ाडीह और खोखली में बूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर ज़मीनी इस्टर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की जन कल्याण कारी योजनाओ को घर घर जाकर आम मतदाताओं से जन सम्पर्क कर पूरी जानकारी देकर योजनाओ से मिलने वाले लाभ के बारे में विस्तार से बताये,सुशील शर्मा ने उपस्तिथ सभी कार्यकर्ताओं से अपील करते हुये कँहा की आप की जीत ही कांग्रेस पार्टी की जीत तय करेगी आप जितना ज़्यादा जन सम्पर्क कर योजनाओ से आम जन को लाभ दिलायेंगे उतना ज़्यादा पार्टी के समर्थन में वातावरण बनेगा और पार्टी से आम जन जुड़ते जाएँगे,प्रत्येक कार्यकर्ता आपने अपने बूथ में 10 घर के मतदाताओं से प्रतिदिन सम्पर्क कर विस्तार पूर्वक चर्चा करेंगे तथा उनकी समस्याओं से मुझे अवगत करायें जिससे आम जन की समस्या का निराकरण किया जा सकेगा। अब समय आपसी मन मुटाव का नही है हम सब आपस में एक होकर पूरी ताक़त के साथ भारतीय जनता पार्टी के दुस्प्रचार का विरोध कर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा किये जा रहे जन हित कार्यों के माध्यम से संगठन को मज़बूत करने की दिशा में आगे बड़े,आज प्रदेश का प्रत्येक व्यक्ति मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी की 51 योजनाओ में से किसी न किसी योजनाओ से लाभ प्राप्त कर रहा है,अब किसानो का धान प्रति एकड़ 20 क्विंटल के हिसाब से धान उपार्जन केंद्रो में ख़रीदी की जायेंगी और धान की प्रति किवंतल लगभग 2800 रुपये मिलेगी,हाट बाज़ार में जाकर सभी कार्यकर्ता प्रत्येक सप्ताह एक शिविर का भी आयोजन करें।

लक्ष्मी वर्मा ने गृह मंत्री शाह का किया स्वागत

भाटापारा/नवप्रदेश। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का बुधवार को छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान रायपुर आगमन पर भाजपा कार्यालय में प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा ने उनका स्वागत किया।

मुखर्जी की जयंती मनाई

नगरी/नवप्रदेश। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्म जयंती पर नगरी मंडल में वार्ड क्रमांक 2 नगरी में श्यामा प्रसाद मुखर्जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में जिला मंत्री राजेंद्र गोलछा, मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, पूर्व जिला उपाध्यक्ष कमल डागा, विधानसभा मीडिया प्रभारी रामगोपाल साहू, मंडल मंत्री बलजीत छाबड़ा, युवा मोर्चा नर्सिंग मरकाम, कुलेश्वरी ध्रुव, चंदन साहू उपस्थित थे।

कुकरेल में बीजेपी की बूथ मीटिंग

नगरी/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी मंडल कुकरेल में मेरा बूथ सबसे मजबूत की बैठक सिहावा विधान सभा मंडल कुकरेल के अल्पकालिक विस्तारक सौरभ अग्रवाल, मंडल प्रभारी विकल गुप्ता कुकरेल मंडल सहप्रभारी महेश गोटा , ,जनपद।पंचायत नगरी अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम सदस्य जिला पंचायत, महामंत्री अजय यादव, संजय।मरकाम ,महेंद्र नेताम अजजा मोर्चा जिला अध्यक्ष, राजाराम मांडवी जी पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष ,ईश्वरी नेताम महिला मोर्चा अध्यक्ष मंडल कुकरेल ,युवा मोर्चा अध्यक्ष सैलेंद्र साहू , भरत साहू , अश्वनी ध्रुव , रीतू साहू ,चंद्रकला साहू ,मनोहर नेताम वासुदेव साहू रमेश गोटा उपस्थित थे।

खेतों में पहुंचे जोगी कांग्रेस के कार्यकर्ता, लगाया रोपा

कवर्धा/नवप्रदेश। जोगी कांग्रेस के द्वारा खेत चलो अभियान के तहत कवर्धा विधानसभा के मिनमिनिया मैदान में किसानों के खेत पहुँचकर ,नागर और किसान का पूजा कर उनके साथ खेत मे रोपा लगाया गया। इस अभियान में पहुंचे जोगी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुनील केशरवानी ने कहा कि किसान अन्नदाता है,जब किसान के बदौलत हमे अन्न मिलता है ,किसान भगवान स्वरूप है लेकिन आज इस भगवान की बात कोई सुन नही रहा है आज भी किसानों को अपने फसलों का सही दाम नही मिल पाता है । आज किसानों की मेहनत को महसूस करने आए हुए है और उनसे बातचीत करने आए है। जोगी कांग्रेस किसान हितैषी है जिसका निशान हल चलाता किसान है जो किसानों की अपनी पार्टी है । हम घोषणा पत्र नही बल्कि शपथ पत्र लाने वाले है जिसमे धान का समर्थन मूल्य 4000 और छोटे किसानों का पूर्ण कर्ज माफ का वादा रहेगा ,इस बार किसान अपने फसल का वाजिब दाम चाहते है तो हल चलाता किसान पर बटन दबाए और अपनी मतलब किसान की सरकार बनाए।

बोड़ला ब्लॉक खेत चलो अभियान के प्रभारी बिहारी पटेल एवम हीरो जांगड़े ने कहा कि 5 जुलाई से 20 जुलाई तक किसानों के पास जा रहे है ,आज किसानों से चर्चा किये और इस बार हमारी पार्टी को समर्थन देने के लिए ,किसानों की सरकार बनाने के लिए हल चलाता किसान में बटन दबाकर एक बार मौका देने के लिए कहा गया। इस दरमियान अनिल निर्मलकर, रामखिलावन पटेल, बनाफ र पटेल, कमलेश, फू लसिंह, लक्की, तुलस सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

पौधे का संरक्षण भी जरूरी : मो. अकबर

कवर्धा/नवप्रदेश। प्रदेश के वन,परिवहन, आवास पर्यावरण, विधि विधायी एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान बोड़ला विकासखंड के सुदूर वनांचल ग्राम घानीखुंटा, बोदा-47, उसरवाही, लोहारीडीह, कोयलारझोरी, नेवासपुर, भेलवाटोला, सरईपतेरा और खम्हरिया में ग्रामीणों से भेंट मुलाकात के बाद उन्हें पौधा वितरण किया। इस दौरान उन्होंने गांव में पौध रोपण भी किया। इस अवसर पर कृषक कल्याण परिषद के सदस्य भगवान सिंह पटेल, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष नीलकंठ साहू, उपाध्यक्ष चोवा साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि होरी साहू, बोड़ला जनपद उपाध्यक्ष सनत जायसवाल सहित सबंधित ग्राम पंचायत के पंच-सरपंचगण, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारीगण, राजीव युवा मितान क्लब के सदस्य सहित अधिक संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। केबिनेट मंत्री अकबर ने कहा कि पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए हमे अधिक से अधिक पौधे का रोपण करना चाहिए। पेड़ से हमे शुद्ध ऑक्सीजन मिलता है इसके साथ ही वातावरण संतुलित होता है। पेड़ वर्षा को आकर्षित करता है। उन्होंने कहा कि सिर्फ पौधे लगाना ही काफी नहीं है, इसका संरक्षण भी जरूरी है। हमें जिम्मेदारियों के साथ इसका संरक्षण करना चाहिए। जिस प्रकार हमारे पूर्वजों ने पौधे लगाएं है और उनका फल हमे आज मिल रहा है। इसी प्रकार हम पौधे लगाएंगे और इसका फल हमारे आने वाली पीढ़ी को मिलेगा।

छात्रवृत्ति के लिए बैंक खाते को आधार सीडिंग कराना अनिवार्य

कवर्धा/नवप्रदेश। शिक्षा विभाग द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत कक्षा तीसरी से बारहवीं में अध्यनरत् विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति डीबीटी के माध्यम से सीधे विद्यार्थियों के खाते में अंतरण किया जाता है। छात्रवृत्ति के लिए विद्यार्थियों का आधार सीडेड बैंक खाता होना अनिवार्य है। कलेक्टर ने बैंक के शाखा प्रबंधकों को निर्देशित करते हुए कहा कि आधार सीडिंग कार्य को प्राथमिकता से करते हुए छात्रों को आधार सीडिंग का कार्य को तत्परता से करें।

चुनावी घोषणा पत्र का दंश झेलते संविदा कर्मी : वीरेन्द्र

कवर्धा/नवप्रदेश। अपनी एक सूत्रीय नियमितीकरण की मांग को लेकर गत तीन जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे जिलेभर के संविदा कर्मचारियों व अधिकारियों की मांगों को जायज ठहराते हुए जनपद पंचायत कवर्धा के उपाध्यक्ष वीरेन्द्र साहू ने उन्हें अपना समर्थन दिया है। श्री साहू ने गुरूवार को बकायदा हड़ताली संविदा कर्मचारियों व अधिकारियों के मंच में उपस्थित होकर उनके साथ कंधा से कंधा मिलाकर उनके हक की आवाज बुलंद की और उनकी इस लड़ाई में पूरा साथ देने का भरोषा दिया। इस अवसर पर श्री साहू ने उपस्थित संविदा कर्मचारी-अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वास्तव में संविदा कर्मी सरकार से स्वयं कोई मांग नहीं कर रहे हैं बल्कि वे कांग्रेस द्वारा अपने चुनावी घोषणा पत्र में संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण के लिए की गई घोषणा को पूरा करने के लिए कह रहे हैं। उन्होने कहा कि कांग्रेस ने वर्ष 2018 में जारी किए गए अपने चुनावी घोषणा पत्र में प्रदेश के गांव, गरीब, किसान, संविदा कर्मचारियों, शिक्षित बेरोजगारों सहित सभी वर्ग और समुदाय के लोगों से कुछ इसी तरह के लोक लुभावन वायदे किए थे और झूठे चुनावी घोषणा पत्र के पुलंदे को दिखाकर प्रदेश की सत्ता हथिया ली थी।

दुष्कर्मी को आजीवन कारावास

भाटापारा/नवप्रदेश। थाना भाटापारा ग्रामीण क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की को स्कूल में स्कालरशीप दिलाने का झांसा देकर बलात्संग कारित करने वाले आरोपी नर्मदा दास महंत निवासी ग्राम धुर्रावाकाडी थाना पचपेडी जिला बिलासपुर को विशेष न्यायाधीश (पाक्सो) भाटापारा किरण त्रिपाठी ने आजीवन कारावास और दो लाख छः हजार पांच सौ रुपये के अर्थदंड की सजा से दंडित किया है। विशेष अपर लोक अभियोजक न्याजी खान ने बताया कि मामला थाना भाटापारा ग्रामीण का है। 20 मई 2020 को 14.30 बजे एक अज्ञात व्यक्ति मोटरसायकल से उसके घर आकर स्कालरशीप का पैसा दिलाने का झांसा देकर अपने साथ ग्राम पाटन के सुनसान जगह में ले जाकर जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म किया।

धारदार हथियार से वार, आरोपी गिरफ्तार

बेमेतरा/नवप्रदेश। प्रार्थी संतोष साहू उम्र 54 साल साकिन वार्ड नंबर 06 इंदिरा आवास कालोनी मोहभट्ठा थाना व जिला बेमेतरा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 3 जुलाई के रात्रि करीबन 9.30 बजे अपने घर के बाहर में अपने भतीजा के साथ बातचीत करते हुए खड़ा था, प्रार्थी के घर के पास इसका भाई का भी घर मकान लगा हुआ है, इसके भाई के घर के सामने साहिल खान उर्फ मो. अकबर द्वारा मोहल्ले के दो लोगों को गाली गुप्तार वाद विवाद कर रहें थे, उसी समय वह तथा इसका भतीजा दोनों साहिल खान उर्फ मो. अकबर को हमारे घर के सामने गाली देने से मना किया, तो प्रार्थी को तुम मना करने वाले कौन होते हो कहकर अपने हाथ में रखें धारदार लोहे का चाकू को लहरा रहा था, प्रार्थी एवं उसका भतीजा को अश्लील गालियां गुप्तार देकर जान से मारने की धमकी देते हुए अपने हाथ में रखे लोहे के धारदार हथियार को लहराते हुए आज तुम्हें जान से मार डालूंगा कहकर हमला करते हुए प्रार्थी एवं उसका भतीजा को चोट पहुचाने की रिपोर्ट पर अपराध सदर धारा 294, 506, 323, 324 भादवि आर्म्स एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण में विवेचना के दौरान आरोपी साहिल खान उर्फ मो. अकबर से पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करने से घटना में प्रयुक्त एक लोहे का धारदार हथियार जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। प्रकरण में आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का घटित करना पाये जाने से प्रकरण में जोड़ा गया हैं। आरोपी साहिल खान उर्फ मोहम्मद अकबर पिता मोह. इब्राहीम खान उम्र 22 साल साकिन वार्ड नंबर 05 मोहभट्ठा थाना व जिला बेमेतरा को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन मे थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा निरीक्षक अजय कुमार सिन्हा, प्रधान आरक्षक पवन सिंह, खेमलाल निषाद एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

नवागांव, खिसोरा, खंगारपाट में जागरूकता अभियान

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में जिलें में थाना, चौकी प्रभारियों के द्वारा समाधान शिविर लगाकर नशा मुक्ति के खिलाफ एवं सायबर अपराध, यातायात के नियमों के संबंध में लोगो को जागरूक किया जा रहा हैं। जिसके तहत 3 व 4 जुलाई को थाना प्रभारी परपोडी निरीक्षक सीआर ठाकुर, पुलिस चौकी प्रभारी देवकर उप निरीक्षक टीआर कोसिमा, पुलिस चौकी कंडरका सउनि डीएल सोना एवं स्टाफ द्वारा थाना परपोडी, पुलिस चौकी देवकर एवं कंडरका के ग्राम नवागांव, खिसोरा, खंगारपाट में ग्रामीणों को साइबर क्राइम से बचने और यातायात संबंधी नियमों से अवगत कराते हुये अन्य कानूनी जानकारियां दी गई तथा समाधान हेल्पलाइन नंबर 9479257558 देकर अपनी समस्या एवं शिकायत की जानकारी तुरंत पुलिस को देने हेतु सलाह दी गई। नशा मुक्ति अभियान चलाकर आमजन को नशे का परित्याग कर अपने परिवार समाज और देश की उन्नति में सहयोग प्रदान करने तथा नशा मुक्ति अभियान के तहत नशा करने से व्यक्तिगत, शारीरिक, आर्थिक एवं सामाजिक रूप से होने वाले नुकसान, साथ ही युवा वर्ग के भविष्य में पड़ने वाली प्रभाव से अवगत कराया गया।

एसडीएम ने किया पेट्रोल पंप सील

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा अनुविभाग अंतर्गत आने वाले ग्राम झालम में स्थित वन प्लेनेट फिलिंग स्टेशन का निरीक्षण एसडीएम बेमेतरा सुरुचि सिंह ने 5 जुलाई को अपनी टीम के साथ किया। उनके द्वारा जांच पश्चात पेट्रोल पंप को सील करने की कार्यवाही की गई। ज्ञात हो कि पेट्रोल पंप स्थित व्यपवर्तित भूमि का लगान संचालक व भूमि स्वामी अभिषेक तिवारी द्वारा विगत तीन वर्षो से भुगतान लंबित था, कई बार सूचना दिये जाने के बाद भी उनके द्वारा संतोषजनक कारण भी प्रस्तुत नहीं करने के स्थित में एसडीएम बेमेतरा के द्वारा सील करने की कार्यवाही की गई। साथ ही संचालक को डायवर्सन लगान भुगतान कर बैंक चालान की प्रति, शपथ पत्र एवं जवाब प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया। उक्त कार्यवाही में राजस्व निरीक्षक खुमान देशमुख, पटवारी विजेंद्र वर्मा, कुंदन सिंह, अभिषेक माली एवं मेघनाथ वर्मा उपस्थित रहें। बता दे कि बेमेतरा एसडीएम द्वारा आम जनता के स्वास्थ्य व दैनिक उपयोग से जुड़े विभिन्न शासकीय कार्यालयों, अस्पतालों, निजी संस्थानों का निरीक्षण कर उचित व कड़ी कार्यवाही किया जा रहा हैं। वहीं अनुविभाग क्षेत्र के अंतर्गत अवैध खनन, संचालन, अतिक्रमण सहित अन्य सभी प्रकार के अवैध क्रियाकलापों पर बेमेतरा एसडीएम सुरुचि सिंह द्वारा लगातार कार्यवाही किया जा रहा हैं, और तो और जिला मुख्यालय (बेमेतरा शहर) के ढाबों में अवैध शराब की बिक्री पर कार्यवाही कर पुलिस व आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली को भी उजागर कर सबके सामने ला दिया।

न्यूज गैलरी

कलेक्टर ने ली राजनीतिक दलों की बैठक

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पीएस एल्मा ने आगामी विधानसभा निर्वाचन को लेकर कलेक्टोरेट के दृष्टि-सभाकक्ष में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्वाचन में उनकी क्या जिम्मेदारी होती है इसकी जानकारी दी और निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन से अवगत कराया। बैठक में अपर कलेक्टर छबु लाल मारकण्डे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी धनराज मरकाम, ईडीएम महेन्द्र वर्मा सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री एल्मा ने निर्वाचन विभाग के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम से अवगत कराया। मतदाता सूचियों के प्रारूप, प्रकाशन, दावा-आपत्ति प्राप्त करने की अवधि, मतदाता सूचियों की प्रविष्टियों का प्रकाशन आदि के बारे में बताया। उन्होंने जिलें में चल रहें मतदाता जागरूक कार्यक्रम से भी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया। श्री एल्मा ने कहा कि जिलें में द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 के अंतर्गत प्रारंभिक गतिविधियां चल रही है। 2 अगस्त को जिलें के सभी मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा और 2 अगस्त से 31 अगस्त तक सभी बीएलओ अपने-अपने मतदान केंद्र पर उपस्थित रहेंगे और मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने, संशोधन के लिए आवेदन लेंगे। इसके बाद 4 अक्टूबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा।

एसडीएम ने स्कूल का किया निरीक्षण

बेमेतरा/नवप्रदेश। अनुविभागीय एवं दंडाधिकारी सुश्री सुरुचि सिंह बीते बुधवार को ग्राम पंचायत पड़कीडीह के प्राथमिक स्कूल पहुँची। निरीक्षण के दौरान स्कूल में संचालित मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता जाँची जिसमें गम्भीर लापरवाही पाई गई। स्कूल की बालिका से मध्यान्ह भोजन में उपयोग किए गए बर्तन साफकरवाया जा रहा था। वहीं पूड़ी बनाने हेतु उपयोग किये गए आटे के पैकेट में एक्सपायरी डेट जून 2023 अंकित पाया गया। शाला परिसर एवं भोजन कक्ष में साफ-सफाई संतोषजनक नहीं पाए जाने से संस्था प्रमुख को शाला व्यस्था दुरुस्त करने निर्देशित किया गया। अनुविभागीय अधिकारी ने स्कूल के बच्चों से पठन-पाठन के संबंध में चर्चा की। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि बच्चों को अच्छा वातावरण मिले। शिक्षक निर्धारित समय पर स्कूल आये। रसोई घर और खासकर शौचालय की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। मौसमी बीमारी को ध्यान में रखते हुए स्थानीय बीएमओ से समन्वय बनाकर बच्चों के स्वास्थ्य की नियमित जाँच कराये और अभिभावकों को भी जागरूक करें।

पापुनि अध्यक्ष शैलेष ने कांग्रेस जनों से की चर्चा

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सिमगा विश्राम गृह में गुरुवार को पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कांग्रेस नेताओं के साथ बूथ चलो अभियान के साथ-साथ सिमगा ब्लॉक में जोन सेक्टर और बूथ कमेटियों के गठन को लेकर कांग्रेस नेताओं पदाधिकारियों के साथ बैठक की।इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष डा के के नायक,शैली भाटिया,चंदू साहु सहित स्थानीय कांग्रेस नेता गण उपस्थित थे।

दीवानभेड़ी स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव

डोंगरगांव/नवप्रदेश। डोंगरगांव जनपद क्षेत्र के ग्राम दीवानभेड़ी मिडिल स्कूल व प्राथमिक शाला में आज प्रवेश उत्सव मनाया गया प्रवेश उत्सव में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा दिये गए फ्री पुस्तक व शाला गणवेश का वितरण चंद्रिका रोहित सोनकर जनपद सभापति द्वारा किया गया । नव प्रवेश लिए बच्चो को गुलाल लगाकर एवं खीर पूड़ी व मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया प्रवेश उत्सव के अवसर पर जनपद सभापति चंद्रिका रोहित सोनकर ने छत्तीसगढ़ सरकार के विभिन्न योजनाओं की तारीफकरते हुए मिडिल स्कूल में दो अतिरिक्त कक्ष की 16 की लागत की स्वीकृति के लिए माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को धन्यवाद ज्ञापित की साथ ही बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए प्रतिदिन स्कूल आने व गैर हाजिर नही होने व मन लगाकर पढ़ने को कहा प्रवेश उत्सव के अवसर पर नीलम गोस्वामी, लखन लाल साहू, हुकुम लाल साहू, रामविलास साहू ,गैंदलाल सिन्हा ,देव साहू ,श्रीमती प्रवीणा पटेल,मीना बाई, नरबदिया साहू ,केसर निषाद ,दुर्गाबाई, रेनू सिन्हा ,उषा बाई ,पार्वती निषाद, दिलोका यादव, भारतीय साहू, अनारकली सुलेखा, देव कुमार, दिनेश्री पटेल, सुदामा साहू, संकुल समन्वयक विकासखंड शिक्षा अधिकारी आर्य पात्रे, प्राचार्य विजय भाटा शोभा श्रीवास्तव, बंसी लाल यादव, श्रीमती चित रेखा वैष्णव, श्रीमती शशि कला कठोलिया ,विष्णु शर्मा, कैलाश रामटेके, गीतांजलि साहू ,प्रमिला राजपूत, जागेश्वर साहू, राजेश्री नंदेश्वर सहित स्कूल के बच्चे मौजूद रहे।

गाली गलौज करने वाला आरोपी गिरफ्तार

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिला पुलिस के द्वारा जारी हेल्प लाईन नंबर 9479257558 समाधान नंबर पर शिकायत प्राप्त हुआ कि एक समुदाय के विरूद्ध में आपत्ति जनक शब्दों का प्रयोग करके सोशल मिडिया में प्रसारित किया गया है। समाधान में उक्त शिकायत प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा समाधान सेल प्रभारी श्रीमती कौशिल्या साहू एवं पुलिस चौकी कंडरका व सायबर सेल प्रभारी को आवश्यक कार्यवाही करने निर्देशित किये। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल व एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, एसडीओपी बेमेतरा एवं सायबर सेल नोडल अधिकारी मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए दिनांक 4 जुलाई को सायबर सेल टीम एवं पुलिस चौकी कंडरका स्टाफ द्वारा समाधान नंबर पर शिकायत के अधार पर 4 जुलाई 2023 के तीन-चार तीन पूर्व एक सोशल साइड में जुड़ा हुआ केशव राम साहू द्वारा जिसमें एक समुदाय के विरूद्ध में आपत्ति जनक शब्दो का प्रयोग करके सोशल मिडिया में प्रसारित किया गया। जिससे शांति भंग व सांप्रदायिक विवाद होने एवं संज्ञेय अपराध घटित होने के पूर्व अंदेशा पर पुलिस चौकी कंडरका स्टाफद्वारा आरोपी केशव राम साहू पिता देवनारायण साहू उम्र 34 साल ग्राम कोनका थाना धमधा जिला दुर्ग के विरूद्ध नियमानुसार धारा 151 जा.फौ. के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में समाधान टीम एवं पुलिस चौकी कंडरका प्रभारी सउनि डीएल सोना, सायबर सेल प्रभारी सउनि अरविंद शर्मा एवं टीम, प्रधान आरक्षक भुषण ठाकुर, आरक्षक संजय पाटिल, योगेश साहू, प्रदीप कौशल, पोषण ठाकुर एवं अन्य स्टाफकी सराहनीय भूमिका रही।

शराबी बेखौफ, सार्वजनिक जगह बना मयखाना

खुलेआम बिक रही है कच्ची महुआ शराब पुलिस प्रशासन मौन

भटगांव/नवप्रदेश। नगर के मुख्य मार्ग पर बना सांई मंदिर चौक जहां पर सांई बाबा का मंदिर बना हुआ है जहां श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहता है इसके साथ ही नगर प्रवेश द्वार के रूप में सांई मंदिर चौक को जाना जाता है यह स्थान नगर में प्रसिद्ध चौक चौराहों में से एक है लेकिन यह चौक अब शराबियों का अड्डा बन चुका है यहां पर खुलेआम अवैध शराब का कारोबार किया जा रहा है और शराबी यहां पर खुलेआम बैठ कर शराब पीने पिलाने का दौर जारी है लाख मना करने के बावजूद भी शराबी इतने मनचले हो गये है कि किसी के बात सुनने को तैयार नहीं है। यह स्थान शराबियों का अड्डा बन चुका है।आये दिन शराबी बैठकर गाली गलौज करते रहते हैं मुख्य चौक होने के कारण लोगों का आना जाना लगा रहता है। शराबियों की हरकत देख यहां से गुजरने वाले लोग काफी परेशान है जिसकी शिकायत भटगांव थाना में मौखिक रूप से कई बार करने के बाद में पुलिस प्रशासन मौन साधे हुए है कभी कभार पुलिस-प्रशासन की गाड़ी हार्न बजाते जरूर आती है और घुम फिरकर चली जाती है। लेकिन पुलिस प्रशासन चौक में बिक रहे अवैध शराब के कारोबार को और यहां पर बैठकर शराब पीने वाले शराबियों पर अंकुश लगाने में नाकाम हो रही है यही नहीं तालाब में बने घाटों पर में शराबियों का अड्डा बना हुआ है नगर के कई सार्वजनिक स्थानों में इनकी हरकत देखने को मिल रही है जैसे तालाब के पंचमुखी शिवमन्दिर, स्टेडियम,पीनी पंसारी,बिझिया समाज के धर्मशाला के पास, देवांगन मुहल्ला के घाटों पर, शीतला चौक के आसपास,हमर सुगघर गार्डन के पीछे घाट, सोढ़ी बैगा घाट पर,शनिमंदिर चौक घाट, शराबियों का अड्डा बना हुआ है जहां देर रात शराबी बैठकर शराब पीने पिलाने का दौर चलता रहता है सांई मंदिर के पुजारी को कुछ शराबियों द्वारा रात में गाली गलौज करने की शिकायत भी मिल रही है इन पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस प्रशासन के लिए कोई बड़ी बात नहीं है यदि जिम्मेदार विभाग द्वारा पूरी ईमानदारी से अगर यह कार्य किया तो इन पर अंकुश लगाया जा सकता है। कुछ माह पहले पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार कार्यवाही करने की वजह से कुछ जरुर अंकुश लगा था अब फिर से इनके मनोबल दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है आखिर क्यों?

पहले सोमवार में कलेक्टर ने किया पदयात्रियों से आग्रह

कवर्धा/नवप्रदेश। सावन महीने के प्रथम सोमवार 10 जुलाई को बुढ़ा महादेव मंदिर से भोरमदेव मंदिर तक जिला प्रशासन द्वारा आयोजित पदयात्रा में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने नागरिकों को संदेश प्रसारित किया है। कलेक्टर ने अपने संदेश में कहा है कि ‌प्रिय नागरिकगण, जैसा कि आपको विदित है कि सावन माह के प्रथम सोमवार को प्रतिवर्ष कवर्धा शहर के प्रसिद्ध बुढ़ा महादेव मंदिर से भोरमदेव शिव मंदिर तक पदयात्रा का आयोजन किया जाता है, जिसमें जिले के समस्त नागरिकों द्वारा भाग लिया जाता है।

गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन माह के प्रथम सोमवार 10

दयाराम की दिक्कतों को कलेक्टर ने किया दूर

मिलेगा 350 रूपये मासिक पेंशन, ट्राइसिकल से होगी आने-जाने में आसानी

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर आकाश छिकारा की तत्परता और संवेदनशीलता से दिव्यांग दयाराम को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ मिल गया है। शारीरिक अक्षमता और गरीबी से जूझ रहे दयाराम को घर पहुंच ट्राइसिकल प्रदान किया गया है। साथ ही उन्हें 350 रूपये मासिक पेंशन भी दिया जायेगा। इसके अलावा उनका आयुष्मान कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, दिव्यांगता प्रमाण पत्र और यूडीआईडी कार्ड भी बनाकर दिया गया है। शासकीय सुविधाओं का लाभ मिलने से दयाराम और उनका परिवार शासकीय योजनाओं का आसानी से लाभ उठा पायेंगे। उल्लेखनीय है कि विकासखण्ड छुरा अंतर्गत ग्राम तालेसर निवासी 36 वर्षीय दयाराम अज्ञात बीमारी से पीड़ित है। साथ ही उनके घर की आर्थिक स्थिति भी खराब है। दिव्यांगता के कारण दयाराम को चलने-फिरने में परेशानी होती है। इसके अलावा जीविकोपार्जन के लिए वह कोई काम भी आसानी से नहीं कर पाता है। दयाराम की स्थिति की जानकारी कलेक्टर श्री आकाश छिकारा को मिलने पर उन्होंने दयाराम को लाभान्वित करने आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। इसके फ्लस्वरूप जिला और जनपद पंचायत के अधिकारियों ने दयाराम को शासकीय सुविधाओं का लाभ दिलाने आवश्यक कार्यवाही किये। दयाराम को घर पहुंचाकर आयुष्मान कार्ड, जॉब कार्ड और दिव्यांग प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड सहित आदि प्रदान किया गया। साथ ही उनका पेंशन भी स्वीकृत कर दिया गया है। शासकीय योजनाओं से लाभान्वित होने से दयाराम और उनके परिवार को जीवनयापन करने में सहुलियत होगी।

करही बाजार में मनाया प्रवेशोत्सव

भाटापारा/नवप्रदेश। शासकीय उच्च. माध्यमिक विद्यालय करहीबाजार में शाला प्रवेश उत्सव शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रमाशंकर पटेल, सदस्य श्यामलाल ध्रुव, लीलू राम सेन, लखन देवांगन और अन्य पालक गण व ग्रामवासी के विशेष आतिथ्य में विद्यालय के प्राचार्य ईश्वर देवदास , समस्त शाला परिवार की उपस्थिति में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया छात्रों द्वारा सरस्वती वंदना , राजकीय गीत, राष्ट्रगान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति के साथ नवप्रवेशी 9 वी, 10 वी के छात्र - छात्राओं को पुस्तक नोट बुक, अभ्यास पुस्तिका का वितरण किया गया इस अवसर पर व्याख्याता ए के राय, के के जांगड़े, अल्का राठौड़, सुनीता ध्रुव, एल एन सोनी, रामनाथ साहू, शिक्षक रितेश मेश्राम, आकाश प्रधान, लिपिक निरंजन बरिहा, भृत्य बेबी पटेल, शिव पाल सहित पालक एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

मोर बाजार, मोर रोजगार अभियान की शुरुआत

खरोरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की महिला समूहों का बनाया हुआ उत्पाद अब ऑनलाइन बाजार में बिक्री के लिये उपलब्ध होंगे।

महिला सशक्तिकरण के लिए जानी पहचानी व्यक्तित्व पद्मश्री फूलबासन यादव ने खरोरा में महिला समूह को संबोधित किया और कहा कि जिस तरह से एक महिला अपने परिवार के लिए मेहनत करती है जी जान लगा देती है उसी तरह से वह अपने समाज अपने प्रदेश और अपने देश के लिए भी बड़ा काम कर सकती है महिला समूह को आवाहन करते हुए पद्मश्री फूलबासन यादव समूह को आत्मनिर्भर होने की प्रेरणा देते नजर आए प्रदेश भर में हजारों महिला समूह काम कर रही हैं यह महिलाएं कई तरह के प्रोडक्ट बनाती हैं और इन्हें बाजार की जरूरत होती है ऐसे में उन्होंने अपने प्रयास का उदाहरण देते हुए कहा मोर बाजार मोर रोजगार अभियान के अंतर्गत राजनांदगांव जिले की महिला समूह लगातार आत्मनिर्भर हो रही है और पूरा प्रदेश इस आत्मनिर्भरता का पाठ पढ़ें इसलिए वह लगातार प्रदेशभर की महिला समूह को संगठित कर रही हैं और मोर बाजार मोर रोजगार के नारे के संग छत्तीसगढ़ की महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने और उनके उत्पादों को बाजार देने का बीड़ा उठाई है पद्मश्री फूलबासन यादव ने बताया कि लगातार उनकी संस्था छत्तीसगढ़ की महिलाओं को जागरूक और संगठित कर रही हैं ताकि महिलाएं आर्थिक आत्मनिर्भरता के संग समाज में एक सशक्त व्यक्तित्व की परिचायक बने खरोरा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान खरोरा नगर पंचायत के अध्यक्ष अनिल सोनी भी इस कार्यक्रम का हिस्सा बने और महिला समूह को आत्मनिर्भर करने हेतु इस मुहिम में सफल होने के लिए महिला समूह को शुभकामनाएं दी।

सम्यक बौद्ध महासभा ने मनाया गुरु पूर्णिमा

दल्लीराजहरा/नवप्रदेश। सम्यक बौद्ध महासभा दल्ली राजहरा के तत्वावधान में अंबेडकर मेमोरियल हॉल में वर्षावास व गुरु पूर्णिमा पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महाकरुणीक तथागत गौतम बुद्ध ने अपने जीवन काल में वर्षा ऋतु के प्रारंभ से ही वर्षावास काल में किसी ऊंचे स्थान पर रहकर ध्यान-साधना किया करते थे । यही परंपरा बौद्ध धर्मावलंबी प्रतिवर्ष आषाढ़ पूर्णिमा के दिन से ही वर्षावास के रूप में मनाते है। इसका निर्वहन बौद्ध भिक्षु अपने जीवन काल में करते है। वर्षावास काल में व्यतीत करने वाले भिक्षुक एक ही स्थान पर रहकर विहारों में अपना समय ध्यान- साधना में लगाते है और विहारो में उपस्थित बौद्ध उपासक उपासिकाओं को धम्म देशना देते है। बौद्ध धर्म में आषाढ़ पूर्णिमा एवं गुरु पूर्णिमा का बहुत ही महत्व का दिन मानते है। आज के ही दिन तथागत गौतम बुद्ध ने अपने पांच परिवाजको के साथ वर्षावास किया एवं उन्हें धर्म देशना व धर्म उपदेश दिया था । गुरु पूर्णिमा अवसर पर सम्यकबौद्ध महासभा के अध्यक्ष अशोक बाम्बेश्वर, संरक्षक बी एल बौद्ध, गोरेलाल बाम्बेश्वर, सुरेंद्र मेश्राम ,ओमप्रकाश रामटेके ,अजय रामटेके, कमल कांत रामटेके, संतोष मेश्राम ,अनुप खोबरागडे रोशन पाटील, सत्यनारायण रामटेके शुभम रामटेके, अभिजीत भगत ,रामेश्वर बरसागडे, सम्यक बौद्ध महासभा की महिला अध्यक्ष चंद्ररेखा नंदेश्वर, नीता कमल रामटेके, जोत्सना मेश्राम, शारदा बाम्बेश्वर,मीरा बौद्ध, भावना दासोडे, निर्मला भगत ,भूमिका पाटिल, ज्ञानेश्वरी खोबरागडे, निर्मला शुक्ला ,रंजना खोब्राग्डे, सुमन रामटेके, पुष्पा बनसोडे, नीतू रामटेके, देवकी रामटेके, अर्चना जाधव,रंभा पवार ,उषा मेश्राम ,मीना सुखदेवे, आरती देहीवले एवं बौद्ध उपासक उपासिकाये उपस्थित थे।

प्राइमरी और हाईस्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव

खरोरा/नवप्रदेश। 6 जुलाई को, इस गरिमामय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आशा संतोष यादव(छ.ग.बाल अधिकार संरक्षण आयोग सदस्य), बी.एल देवांगन विकास खंड शिक्षा अधिकारी तिल्दा, पेड़ नहीं हम प्राण लगाबो परिवार से कपिल कश्यप, टिकेश्वर वर्मा, इन्द्र कुमार वर्मा और समस्त पंचायत प्रतिनिधि, शाला विकास एवं प्रबंध समिति के सदस्यगण, गणमान्य नागरिकगण एवं समस्त शाला परिवार की उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम के साथ साथ नि:शुल्क सरस्वती सायकल वितरण, प्रभारी प्राचार्य के. डी. मनहरे के जन्मदिन के अवसर को साथ ही जुलाई माह में जन्म दिन वाले छात्र-छात्राओं ने केक काटकर जन्मदिन एवं वृक्षारोपण कार्य सम्पन्न कराया गया इस अवसर पर हाई स्कूल प्राचार्य के.डी. मनहरे, जी.पी. वर्मा, शाद तरन्नुम व्याख्याता पूर्व माध्यमिक प्रधान पाठक उदय राम वर्मा, सी.एस .नायक, एम.एल.ध्रुव, सुषमा वर्मा, पुष्पा निषाद, ग्राम पंचायत के सरपंच एवं पदाधिकारी पदाधिकारी एवं जनभागीदारी समिति के सदस्य उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन राजेंद्र वर्मा समन्वयक के द्वारा किया गया।

दैहिक शोषण का आरोपी एएसआई गिरफ्तार

भटगाव /नवप्रदेश। न्याय की आस में लोग अक्सर थाने जाते है ताकि उन्हें उचित न्याय मिल सके लेकिन थाने में बैठा रक्षक ही अगर भक्षक बन जाए तो... आप इसे क्या कहेंगे। कुछ ऐसा ही मामला निकल कर सामने आया है। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के भटगांव थाना से जहां युवती के साथ दैहिक शोषण करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एएसआई प्रभात साहू जब बलौदाबाजार जिले के भाटापारा थाना में पदस्थ था, तब पीड़ित महिला अपने पति और उसके बिच हुए विवाद को लेकर थाने पहुंची जहां उसकी मुलाकात एएसआई आरोपी प्रभात साहू से हुई, आरोपी प्रभात साहू ने महिला को आश्वासन दिया की वो महिला के शिकायत पर उचित कार्यवाही करेगा, लेकिन इसी बीच आरोपी की पोस्टिंग भटगांव थाने में हो गई, जहां आरोपी ने पीड़ित महिला को फोन कर के भटगांव थाने बुलाया और उसकी मदद करने का आश्वासन दिया और आरोपी ने महिला को खाना खिलाने का बहाना बना कर अपने रूम ले गया, जहां आरोपी ने महिला के साथ जबरन दैहिक शोषण किया, और महिला को मामले की जानकारी किसी को नहीं देने की धमकी दी, महिला ने भी लोक लाज के डर से मामले की जानकारी किसी को नहीं दी, जिसका फायदा आरोपी लगातार उठाता रहा, महिला ने मामले की शिकायत कई बार थाने में करने की सोची लेकिन आरोपी प्रभात साहू के डर से नहीं कर पाई, लेकिन 30 जून को पीड़ित महिला ने ये ठान लिया की अब जो भी हो वो प्रभात साहू के खिलाफ थाने में शिकायत कर के रहेगी, और आखिर कर महिला ने आरोपी एएसआई प्रभात साहू के खिलाफ भाटापारा थाने में शिकायत की, युवती का दैहिक शोषण करने वाले भटगांव थाने में पदस्थ रहने के दौरान किया था, इस लिए भाटापारा पुलिस ने मामले में जीरो कायमी कर भटगांव पुलिस को मामले के जांच के लिए भेज दिया, भटगांव पुलिस ने भी उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देश का पालन करते हुए,मामले की गंभीरता से जांच कर आरोपी प्रभात साहू के खिलाफ धारा 376 के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक

> जिला बलौदा बाजार में एएसआई प्रभात साहू पदस्थ है महिला द्वारा दुष्कर्म का आरोप लगाया गया था सन 2020-23 के मध्य उनके साथ दुष्कर्म किया है ऐसा उनका आरोप है उसी के आधार पर अपराध पंजी कर विवेचना में लिया गया और विवेचना के दौरान 6 जुलाई को रिमांड में जेल भेजा गया।
>
> -राजेश साहू, (थाना प्रभारी भटगांव)

विधायक शुक्ल ने अवैध रेत खनन परिवहन पर कार्यवाही के दिए निर्देश

गरियाबंद/नवप्रदेश। प्रथम पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री तथा विधायक अमितेश शुक्ल राजिम ने जिले में चल रहे रेत के अवैध खनन पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि अवैध रेत खनन के कारण पैरी नदी में लगातार भूमि कटाव हो रहा है, जिसके कारण पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है तथा किसानों को भी रबी एवं खरीफ फसल में भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। स्व. पं. श्यामाचरण शुक्ल जी ने राजिम क्षेत्र के किसानों के विकास के लिए पैरी परियोजना के तहत नहरों का जाल बिछाया है, लेकिन रेत माफियाओं द्वारा रेत के अवैध खनन करने के कारण नदी में लगातार भू-क्षरण और भूमि का कटाव होते जा रहा है, जिससे किसानों के भूमि नदी के रेत से पटते जा रहे हैं। श्री अमितेश शुक्ल जी ने इस पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि इससे कांग्रेस सरकार एवं हमारे भूपेश भाई की बड़ी बदनामी हो रही है और शासन-प्रशासन को इस पर तत्काल प्रतिबंध लगाते हुए कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिये है।

चयन समिति की बैठक 12 को

धमतरी/नवप्रदेश। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा संचालित योजनाओं में ऋण प्रदाय करने हेतु प्राप्त लक्ष्य अनुसार आवेदन मंगाए गए थे। कार्यपालन अधिकारी, जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति ने बताया कि इस संबंध में चयन समिति की बैठक 12 जुलाई को दोपहर 12 बजे से कलेक्टोरेट के कक्ष क्रमांक 48 स्थित जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति में आयोजित की जाएगी।

चुनाव आते ही पीएम को छत्तीसगढ़ की याद आई : तनमीत छाबड़ा

कुण्डा नवप्रदेश। चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के छत्तीसगढ़ प्रवास को लेकर एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष तनमीत छाबड़ा ने कहा कि चुनाव के करीब आते ही प्रधानमंत्री को छत्तीसगढ़ की याद आ गई। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता जुमले बाजी पर नहीं बल्कि, भूपेश सरकार के विकास पर भरोसा करती है। प्रदेश उपाध्यक्ष तनमीत छाबड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री को छत्तीसगढ़ की पौने तीन करोड़ जनता की याद विधानसभा चुनाव के ठीक पहले आने की मंशा को आम जनता समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि वास्तव में प्रधानमंत्री आम जनता का हित चाहते हैं तो पूरे देश में महंगाई जो चरम पर है उसे कम करें और आम आदमी को राहत देने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि देश में 2 करोड़ लोगों को नौकरी देने का ऐलान किया था लेकिन बेरोजगार नौकरी मिलने की आस लिए दर दर भटक रहे हैं।

रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का नया पोस्टर

करण जौहर अपनी आगामी फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म के जरिए वो लगभग 7 साल के लंबे अंतराल के बाद निर्देशन की दुनिया में वापसी कर रहे हैं। अब निर्माताओं ने रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का नया पोस्टर जारी कर दिया है, जिसमें फिल्म के सभी कलाकारों की झलक देखने को मिल रही है। बता दें, रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का ट्रेलर भी रिलीज हो चुका है।

धर्मा प्रोडक्शंस ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का नया पोस्टर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, मनोरंजन के साथ ड्रामा और इमोशंस की बहार। आलिया भट्ट और रणवीर सिंह अभिनीत रॉकी और रानी की प्रेम कहानी 28 जुलाई को रिलीज होने वाली है। इसमें धर्मेंद्र, जया बच्चन और शबाना आजमी भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। फिल्म में लोकप्रिय कॉमेडियन भारती सिंह और उनके पति हर्ष लिंबाचिया का कैमियो भी होगा।

इस फिल्म के जरिए आलिया और रणवीर ने दूसरी बार साथ काम किया है। इससे पहले दोनों फिल्म गली बॉय के लिए साथ आए थे। फिल्म में धर्मेंद्र, जया बच्चन और शबाना आजमी भी हैं। धर्मेंद्र सालों बाद इसके जरिए बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। करण फिल्म में अपने चहिते निर्देशक यश चोपड़ा को श्रद्धांजलि देंगे। आलिया-रणवीर पर एक गाना फिल्माया गया है, जिसके जरिए यश को श्रद्धांजलि दी जाएगी। फिल्म 28 जुलाई को रिलीज हो रही है।

धर्मा प्रोडक्शंस फिल्म के लिए वो करने वाला है, जो यशराज फिल्म्स पठान के लिए नहीं कर सका। पठान को दुनियाभर में 8,000 स्क्रीन्स पर रिलीज किया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक रॉकी और रानी... को करीब 9,000 स्क्रीन्स पर रिलीज किया जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक करण फिल्म को अपनी सुपरहिट फिल्म कभी खुशी कभी गम के स्तर पर रिलीज करना चाहते हैं। पटना के एक एग्जिबिटर रोशन सिंह इस फिल्म के लिए अपना मल्टीप्लेक्स खोलने वाले हैं। धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले फिल्म योद्धा आ रही है, जो करण की पहली एक्शन फ्रैंचाइजी है। वह सिंघम अगेन से भी जुड़े हैं और बेधड़क भी लेकर आ रहे हैं, जिसके जरिए करण, संजय कपूर की बेटी शनाया बॉलीवुड में लॉन्च करेंगी। सारा अली खान को लेकर फिल्म ऐ वतन मेरे वतन करण ने ही बनाई है। विक्की कौशल की फिल्म मेरे महबूब मेरे सनम, सी शंकरन नायर की बायोपिक और सरजमीं जैसी फिल्में भी करण के पास हैं।

ब्लैक आउटफिट में गजब की बला लग रहीं भूमि पेडनेकर

एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर आज बॉलीवुड इंडस्ट्री का एक जाना माना नाम हैं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर ग्लैमर का ऐसा तड़का लगाती हैं। जो अच्छे अच्छे के पसीने छुड़ा दे। वहीं, एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं, जिन्हें देखकर फैंस बेताब हो रहे हैं।

ब्लैक कलर की थाई हाई स्लिट आउटफिट में एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर बेहद ही स्टाइलिश लग रही हैं। उनकी ग्लैमरस तस्वीरें फैंस के दिलों को बेताब कर रही हैं। ओपन हेयर स्टाइल और हाई हील्स के साथ एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने बेहद ही कूल तस्वीरें क्लिक करवाई, जो फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। लेटेस्ट तस्वीरों पर एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर अपनी बैक फ्लॉन्ट कर रही हैं। वहीं, फैंस उनकी तस्वीरों पर बेशुमार प्यार लुटा रहे हैं। एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने बोल्ड मेकअप के साथ अपनी दिलकश अदाओं से फैंस पर कहर बरपा रही हैं। एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर अपनी कातिलाना अदाओं से फैंस पर बिजलियां गिरा रही हैं। एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर को इस ग्लैमरस अंदाज में देखकर फैंस उनकी तारीफ करके नहीं थक रहे हैं। भूमि इस आउटफिट में अपनी हॉटनेस से हर किसी को बेताब कर रही हैं। शुरूआती ज्यादा बढ़े हुए वजन के साथ एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने अपना कई कई किलो वजन कम किया है। इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर के 7.3 मिलियन फॉलोवर्स हैं।

द मैजिक ऑफ शिरी का पोस्टर जारी

टीवी जगत की जानी-मानी अभिनेत्री दिव्यांका त्रिपाठी इन दिनों अपनी आगामी वेब सीरीज द मैजिक ऑफ शिरी को लेकर सुर्खियों में बनी हैं। जहां निर्माताओं ने कुछ दिनों पहले इसका टीजर जारी किया था, वहीं अब द मैजिक ऑफ शिरी का पहला पोस्टर सामने आ चुका है, जिसमें दिव्यांका जादूगरनी की भूमिका में नजर आ रही हैं। द मैजिक ऑफ शिरी ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर रिलीज होगी। इसका प्रीमियर 13 जुलाई से किया जाएगा।

जियो सिनेमा ने अपने आधिकारिक ट्विटर द मैजिक ऑफ शिरी का पहला पोस्टर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, शिरी लेकर आ रही है उम्मीद की एक जादुई कहानी। इसमें दिव्यांका के अलावा जावेद जाफरी और दास नमिता भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

टाटा मोटर्स के शेयर में 3.5 प्रतिशत की वृद्धि

शुक्रवार (7 जुलाई) को बाजार ने फिर से नया ऑलटाइम हाई बनाया है। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 65,898.98 के स्तर तक पहुंचा। इससे पहले सेंसेक्स का ऑलटाइम हाई 65,832.98 था। निफ्टी ने कारोबार को दौरान 19,523.60 के स्तर को छुआ। इसका ऑलटाइम हाई 19,512 था जो गुरुवार को बना था। हालांकि, बाद में बाजार में गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स 505 अंक गिरकर 65,280 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 165 अंकों की गिरावट रही। ये 19,331 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 26 में गिरावट और केवल 4 में तेजी रही। टाटा मोटर्स का शेयर 3.5प्रतिशत चढ़ा। वहीं पावर ग्रिड में 2.6 गिरा।

कार्तिक की नई फिल्म चंदू चैंपियन

कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म सत्यप्रेम की कथा की सफलता का लुत्फ उठा रहे हैं। उनकी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है, वहीं कार्तिक ने भी कमाल का अभिनय किया है। इसी बीच उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी नई फिल्म की घोषणा भी कर दी है। उनकी इस फिल्म का नाम है चंदू चैंपियन। इस फिल्म का निर्देशन कबीर खान कर रहे हैं। आइए जानते हैं कार्तिक ने अपने पोस्ट में क्या लिखा। कार्तिक ने फिल्म का पहला पोस्टर सोशल मीडया पर साझा किया और लिखा, चंदू नहीं, चैंपियन है मैं। पोस्टर में लिखा हुआ है, वो शख्स, जिसने आत्मसमर्पण करने से इनकार कर दिया। इसमें फिल्म के नाम के अलावा निर्माता-निर्देशक का नाम और रिलीज डेट भी बताई गई है। फिल्म के निर्देशन की कमान जहां कबीर संभाल रहे हैं, वहीं साजिद नाडियाडवाला इसके निर्माता हैं। यह फिल्म अगले साल ईद के मौके पर 14 जून 2024 को दर्शकों के बीच आएगी।यह फिल्म एक खिलाड़ी के जीवन की कहानी बयां करती है, जो कभी हार नहीं मानता। उस खिलाड़ी का नाम चंदू है, जिसका किरदार कार्तिक पर्दे पर साकार करने वाले हैं। बताया जा रहा है कि इस सच्ची कहानी से जुड़कर कार्तिक बहुत खुश हैं। वह जानते हैं कि किरदार चुनौतीपूर्ण है, लेकिन वह इसे जीवंत करने को उत्साहित हैं। दूसरी तरफ साजिद और कबीर को यकीन है कि ये फिल्म उनके करियर की दशा और दिशा दोनों बदल देगी। फिल्म में कार्तिक की जोड़ी कियारा आडवाणी के साथ बनी है।

अशरफ PCB के नए चेयरमैन

अशरफ पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) के चेयरमैन बन गए हैं। पाकिस्तान सरकार ने अशरफ की अध्यक्षता में 10 सदस्यीय कमेटी की घोषणा की है। अशरफ का कार्यकाल चार महीने का होगा। कमेटी में पाकिस्तान के पूर्व बल्लेबाज जहीर अब्बास को भी शामिल किया गया है।साथ ही क्क चुनाव आयुक्त अहमद शहजाद फारूक राणा को हटा दिया गया है और उनकी जगह सुप्रीम कोर्ट के वकील महमूद इकबाल खाकवानी को नियुक्त किया गया है। नई कमेटी की बैठक गुरुवार को ही होगी।

अशरफ पिछले महीने चुनाव में चेयरमैन के प्रबल दावेदार थे। अंतरिम प्रबंधन समिति के प्रमुख नजम सेठी ने चुनाव से कुछ दिन पहले अपना नाम वापस ले लिया था। इससे अशरफ का चेयरमैन बनना तय था।हालांकि, सेठी की ओर से गठित बोर्ड ऑफ गवर्नर्स को पाकिस्तान के विभिन्न कोर्ट में चुनौती मिलने के बाद PCB चेयरमैन का चुनाव स्थगित कर दिय दरअसल सेठी की ओर से गठित बोर्ड ऑफ गवर्नर्स में PCB संरक्षक यानी प्रधान मंत्री शहबाज शरीफ के दो प्रत्यक्ष नामांकित व्यक्ति भी शामिल थे। जिसे कार्यवाहक अध्यक्ष अहमद शहजाद फारूक राणा ने इसके बाद कई बोर्ड ऑफ गवर्नर्स को बदल दिया।इसमें लाहौर, कराची, रावलपिंडी और पेशावर जैसे बड़े शहरों के प्रतिनिधियों की जगह डेरा मुराद जमाली, हैदराबाद, लरकाना और बहावलपुर जैसे छोटे शहरों के लोगों को शामिल किया गया। जिसे PCBके पूर्व सदस्यों ने चुनौती दी और अदालत का दरवाजा खटखटाया।क्क के पूर्व सदस्य गुल मोहम्मद काकर की याचिका को ब्लूचिस्तान हाई कोर्ट ने स्वीकार कर लिया और 17 जुलाई को सुनवाई की डेट निर्धारित की। जिसके बाद क्कके नए अध्यक्ष का चुनाव 26 जून को स्थगित कर दिया गया था।

2011 से 2013 तक जका अशरफ रह चुके हैं चेयरमैन

जका अशरफ 2011 से 2013 में चेयरमैन रह चुके हैं। साल 2013 में इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने यह कहते हुए उन्हें पद से हटा दिया था कि उनकी नियुक्ति अवैध तरीके से हुई है। उस वक्त नजम सेठी को क्कका कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया था। हालांकि, एक साल बाद अशरफ को फिर से PCB चेयरमैन की कुर्सी मिल गई थी। वहीं जका अशरफ को पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी का समर्थन मिला है।

जिम्बाब्वे ने स्कॉटलैंड को चार विकेट से हराया

नीदरलैंड की टीम ने भारत में 5 अक्टूबर से होने जा रहे वनडे वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई कर लिया है। टीम ने जिम्बाब्वे में चल रहे वर्ल्ड कप क्वालिफायर में स्कॉटलैंड को 4 विकेट से हराया। इस जीत से नीदरलैंड वर्ल्ड कप का टिकट हासिल करने वाली 10वीं टीम बन गई है। बुलावायो के क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में डच टीम ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का फैसला किया। टॉस हारकर बैटिंग करने उतरी स्कॉटलैंड की टीम ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 277 रन बनाए। जवाब में नीदरलैंड ने 278 रन का टारगेट 42.5 ओवर में 6 विकेट पर हासिल कर लिया।

बास डी लीड मुकाबले के प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने 123 रन बनाने के साथ 5 विकेट भी चटकाए। यह वनडे क्रिकेट के इतिहास में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंड प्रदर्शन है। वे 2023 वर्ल्ड कप में डच टीम का हिस्सा हो सकते हैं। उनके पिता टिम डी लीड ने 1996, 2003, 2007 वनडे वर्ल्ड कप में खेल चुके हैं। उन्होंने 2003 वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ सचिन तेंदुलकर और राहुल द्रविड़ सहित 4 विकेट लिए थे।

नीदरलैंड ने पिछला वर्ल्ड कप भारत में ही खेला था, टीम ने 2011 वर्ल्ड कप में हिस्सेदारी की थी। इस बार भी टीम ने भारत में होने जा रहे वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई किया है।वर्ल्ड कप में पहुंच चुकीं 9 टीमें...1. न्यूजीलैंड 2. इंग्लैंड 3. भारत 4. ऑस्ट्रेलिया 5. पाकिस्तान 6. साउथ अफ्रीका 7. बांग्लादेश 8. अफगानिस्तान 9. श्रीलंका 10. नीदरलैंड

टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी स्कॉटलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने दूसरी ही बॉल पर मैथ्यू क्रॉस (0 रन) का विकेट गंवा दिया, जबकि क्रिस्टोफर मैक्ब्रिज 32 रन बनाकर आउट हुए। नंबर-3 पर खेलने उतरे ब्रैंडन मैकम्यूलेन (106 रन) ने पहला वनडे शतक जमाया। कप्तान रिकी बरिंगटोन ने 64 रन की पारी खेली। जॉर्ज मुनसे 9 रन, माइकल लीस्क 1, टॉमस मैकिंतोश 38, क्रिस ग्रीव्स 18 और साफा शरीफ 2 रन बनाकर आउट हुए।नीदरलैंड की ओर से बास डी लीड ने 5 विकेट चटकाए।

तमीम इकबाल ने इंटरनेशनल क्रिकेट से लिया संन्यास

बांग्लादेश के कप्तान और ओपनिंग बैटर तमीम इकबाल ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया। उन्होंने गुरुवार को चट्टोग्राम में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रिटायरमेंट अनाउंस किया। कैमरे के सामने अनाउसमेंट करते हुए उनकी आंखों से आंसू निकल पड़े।34 साल के तमीम ने बांग्लादेश के लिए तीनों फॉर्मेट में शतक लगाए, वह टीम के लिए कुल 25 इंटरनेशनल सेंचुरी लगा चुके थे।

तमीम की कप्तानी में बांग्लादेश ने बुधवार को अफगानिस्तान के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला खेला। बारिश से बाधित मैच में टीम को अफगानिस्तान ने 17 रन से हरा दिया। तमीम इस मुकाबले में 21 गेंद खेलकर 13 रन ही बना सके।मुकाबले में हार के बाद तमीम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। अपना रिटायरमेंट अनाउंस करते हुए उनकी आंखों से आंसू निकल आए। वह बोले, कल अफगानिस्तान के खिलाफ मुकाबला मेरा आखिरी इंटरनेशनल मैच था।

मैंने अपना बेस्ट दिया - तमीम

रिटायरमेंट अनाउंस करते हुए तमीम ने कहा, मेरे लिए यही अंत है। मैंने हमेशा अपना बेस्ट दिया और इसी वक्त से मैं रिटायरमेंट की घोषणा करता हूं। ये फैसला अचानक नहीं लिया, मैं कई दिनों से इस बारे में सोच रहा था। मैं कारण नहीं बताना चाहता, लेकिन मैंने अपने परिवार से बात करने के बाद ही ये कदम उठाया।%34 साल के तमीम ने अपने साथी खिलाड़ी, कोच और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को धन्यवाद दिया। बांग्लादेश बोर्ड ने टीम के नए कप्तान का नाम जारी नहीं किया है। ऑलराउंडर शाकिब अल हसन टी-20 और बैटर लिट्टन दास टेस्ट टीम के कप्तान हैं।

तमीम ने 2007 में वनडे डेब्यू किया था, उसी साल उन्होंने भारत के खिलाफ वनडे वर्ल्ड कप में फिफ्टी लगाकर टीम को जीत दिलाई थी। उन्होंने वनडे में 14 शतक लगाकर 8313 रन बनाए। टी-20 में भी उनके नाम एक शतक है, उन्होंने पिछले साल इसी समय टी-20 से भी संन्यास की घोषणा कर दी थी।तमीम ने 70 टेस्ट भी खेले। इनमें उन्होंने 38.89 की औसत से 5134 रन बनाए। तीनों फॉर्मेट मिलाकर उन्होंने 25 शतक लगाए और 15205 रन बनाए। तमीम ने बांग्लादेश के लिए 37 वनडे में कप्तानी की। उन्होंने टीम को 21 मुकाबलों में जीत दिलाई। उन्हीं की कप्तानी में टीम ने वनडे वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई किया, लेकिन वह टीम से इस बार का वर्ल्ड कप नहीं खेल सकेंगे। उन्होंने 2017 में न्यूजीलैंड के खिलाफ एक टेस्ट में भी टीम की कप्तानी की है।

सिंधु और लक्ष्य प्री क्वार्टर फाइनल में

भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन ने कैलगरी में मौजूद मार्किन-मैकफेल सेंटर में चल रहे कनाडा ओपन 2023 बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। दूसरी ओर बी साई प्रणीत का सफर खत्म हो गया है। उन्हें ब्राजीली खिलाड़ी से हार का सामना करना पड़ा।बुधवार रात को विमेंस सिंगल्स के खेले गए मैच में चौथी सीड सिंधु ने कनाडा की तालिया एनजी को सीधे गेम में 21-16, 21-9 से हराकर अगले दौर में पहुंच गई हैं। वर्ल्ड नंबर 15 की सिंधु ने पहला गेम 5 अंकों के अंतर से जीता। जबकि दूसरे गेम को उन्होंने आसानी से जीत लिया। सिंधु अपना अगला मैच गुरुवार को जापान की नात्सुकी नदैरा के खिलाफ खेलेंगी।

छत्तीसगढ़ शासन
तन-मन-धन की बात
बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के साथ
2.5 करोड़ लाभार्थी
श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
डॉ खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना
50 हजार से 5 लाख रु तक की स्वास्थ्य सहायता
24 लाख लोगों का उपचार
दुर्गम क्षेत्रों और शहरी बस्तियों में
579 मोबाइल अस्पतालों से
1.69 करोड़ लोगों
का मुफ्त इलाज
मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना
2643 मरीजों को गंभीर बीमारियों पर
20 लाख रु
तक के इलाज की सुविधा
श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोरों से
66 लाख लोगों ने खरीदी
71% तक सस्ती दवाइयां
मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान
2.65 लाख बच्चे सुपोषित
1.65 लाख महिलाएं एनीमिया मुक्त
मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान
घर-घर जांच से मलेरिया के मामलों में 65% से ज्यादा की कमी
संवाद – 37622
छत्तीसगढ़ सरकार-भरोसे की सरकार
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in